राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 361 लखनऊ, सोमवार 25 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बीजेपी ने बनाई एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान को लेकर योजना : धर्मपाल सिंह 03

संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाएं सतर्कता : एसपी 09

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,01,770/ |
| 22 कैरेट | = | 93,300/ |
| 18 कैरेट | = | 76,340/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,20,000/ |

# स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का पहला टेस्ट कामयाब

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर दी जानकारी, दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ रीजनल डिफेंस को मजबूती देगा यह सिस्टम

एजेंसी

**चांदीपुर।** भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन के बनाए स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का पहला टेस्ट कामयाब रहा। इसका टेस्ट शनिवार को ओडिशा के तट पर किया गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

उन्होंने लिखा, इस परीक्षण ने हमारे देश की मल्टी लेयर एयर डिफेंस कैपेबिलिटी बढ़ाई है। यह सिस्टम दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ रीजनल डिफेंस को मजबूती देगा। यह एक



मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है, ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल, एडवांस्ड वैरी शॉर्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल हैं। आईएडीडब्ल्यूएस को सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा माना जा रहा है। यह स्वॉर्म (एक साथ छोड़े गए कई ड्रोन्स) ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी।

### एक साथ मार गिराए तीन टारगेट

परीक्षण के दौरान इस सिस्टम ने 2 हाई स्पीड फिक्स विंग अनमैन्ड ड्रोन, मल्टी कॉप्टर ड्रोन समेत तीन अलग-अलग टारगेट पर अटैक किया। ये तीनों टारगेट अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर थे। आईएडीडब्ल्यूएस ने इन तीनों को एक साथ निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। सिस्टम का कॉन्सेप्ट इस तरह से तैयार किया गया है कि पहले रडार यूनिट आने वाले खतरों पर नजर रखती है और उन्हें क्लासिफाई करती है। इसके बाद कमांड सेंटर ज्यादा ऊंचाई से आने वाले तेज खतरों के लिए क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल को निर्देश देता है। कम रेंज वाले और धीमी गति से होने वाले हमले के लिए एडवांस्ड वैरी शॉर्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें एक्टिवेट होती हैं। इस सिस्टम के सफल परीक्षण से भारत की इग्ला और सीआईडब्ल्यूएस जैसे विदेशी डिफेंस सिस्टम पर निर्भरता कम हो जाएगी।

### जर्मनी से 70 हजार करोड़ में छह पनडुब्बियां खरीदेगा भारत

**जर्मन कंपनी से बातचीत को मंजूरी इजराइल से भी रैम्पेज मिसाइल लेगी सरकार**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार वायुसेना और नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए दो बड़ी डील करने के लिए तैयार हो गई है। पहली डील रक्षा मंत्रालय और मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड जर्मनी से 6 सबमरीन खरीदने वाली है। सरकार ने प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत भारत में बनने वाली इन पनडुब्बियों की खरीद को लेकर बातचीत शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह डील 70 हजार करोड़ में हो सकती है। वहीं, भारत सरकार इजराइली रैम्पेज एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलों की बड़ी खेप खरीदने वाली है। सूत्रों के अनुसार, यह ऑर्डर जल्द ही फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के तहत दिया जाएगा। रैम्पेज मिसाइलों का इस्तेमाल पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर स्थित आतंकवादियों मुख्यालयों पर सटीक हमलों में किया था।

### पंचतत्व में विलीन हुए राजा अयोध्या विमलेंद्र मोहन प्रताप

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य और अयोध्या राजवंश के मुखिया राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र पप्पू भैया पंचतत्व में विलीन हो गए। रविवार की शाम को उनका अंतिम संस्कार सरयू नदी के तट पर स्थित बैकुंठ धाम में किया गया। उनके पुत्र यतींद्र मिश्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। अयोध्या के राजा विमलेंद्र प्रताप की अंतिम यात्रा रविवार को स्थानीय राज सदन से निकली। अंतिम यात्रा में जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व प्रदेश सचिव अवनीश अवस्थी, अयोध्या सांसद अवधेश दास, राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे समेत कई भाजपा नेता, संत-महंत व अयोध्यावासी सम्मिलित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### अल्जीरिया की यात्रा पर रवाना हुए सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी

**नई दिल्ली।** सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर अल्जीरिया रवाना हुए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनकी यह पहली यात्रा भारत की राष्ट्रपति और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की हाल की यात्राओं के तुरंत बाद हो रही है। यह यात्रा भारत-अल्जीरिया के संबंधों को मजबूत करने के महत्व को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सेना प्रमुख की 25 से 28 अगस्त तक इस यात्रा का उद्देश्य भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों को सुदृढ़ करना है, जिसमें सेना का सेना से सहयोग को बढ़ावा देना, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर दृष्टिकोण साझा करना और रक्षा औद्योगिक सहयोग की संभावना तलाश करना शामिल है। यात्रा के दौरान सेना प्रमुख अल्जीरिया के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगे। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे तथा साझा सुरक्षा हितों, क्षेत्रीय स्थिरता और रक्षा सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### लक्की पटियाल-दविंदर बंबीहा गैंग के दो शूटर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** काउंटर इंटेलिजेंस की जालंधर टीम ने एसबीएस नगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में लक्की पटियाल-दविंदर बंबीहा गैंग के दो शूटरों को मुंबई से गिरफ्तार किया है। दोनों शूटरों पर पिछले महीने एसबीएस नगर के पोजेवाल गांव में हुए हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि एसबीएस नगर के गांव कुलपुर में 2 जुलाई को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हरदीप सिंह उर्फ दीपा कुलपुरिया की गोली मारकर हत्या कर दी थी। होशियारपुर जिले के गांव रोड मजारा निवासी करने गेंगर (25) और जिला होशियारपुर के गांव रामगढ़ झुंगियां, थाना गढ़शंकर निवासी जसकरनदीप सिंह उर्फ कल्लू (23) ने निजी रंजिश के चलते हत्या को अंजाम दिया था।

### पीएम आज से गुजरात दौरे पर देंगे करोड़ों की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 अगस्त को गुजरात दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे 5,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास करेंगे तथा दो जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएमओ के अनुसार प्रधानमंत्री 25 अगस्त को शाम लगभग 6 बजे वे अहमदाबाद के खोडलधाम मैदान में 5,400 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री 26 अगस्त को सुबह लगभग 10.30 बजे अहमदाबाद के हंसलपुर में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन का उद्घाटन करेंगे और 100 देशों को बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्यात को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।

सीएम योगी ने पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

# सिख गुरुओं ने की सनातन की रक्षा

- पर्यटन विकास कार्यों गुरुद्वारा भवन के नए स्वरूप व बुनियादी सुविधाओं के विस्तार कार्यों का लोकार्पण

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास में वही जाति और कौम जीवित रहती है, जो अपने पूर्वजों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को जीवन का हिस्सा बनाती है। सिख गुरुओं ने सदैव सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी वीरता, त्याग और बलिदान देश की आत्मा में आज भी जीवित है। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पर्यटन विकास कार्यों, गुरुद्वारा भवन के नए स्वरूप और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार कार्यों का



लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश पर्व पर आयोजित समागम में मुख्यमंत्री ने गुरुवाणी सुनी और संगत के बीच शामिल हुए। गुरुद्वारा समिति की ओर से उन्हें प्रतीक चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं की परंपरा अनुपम और अटूट रही है। गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोविंद सिंहजी महाराज तक, हर गुरु ने सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि जब भी भारतीय संस्कृति पर संकट आया, सिख गुरुओं ने आगे बढ़कर अपने बलिदान से उसे बचाया। मुख्यमंत्री योगी ने विशेष रूप से गुरु तेग बहादुर की शहादत को याद किया। उन्होंने कहा कि उनके बलिदान के 350वें वर्ष में देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभी हाल हीमें मुख्यमंत्री आवास से नगर कीर्तन और कीर्तन पाठ के जरिए इस आयोजन की शुरुआत हुई। इसी तरह गुरु नानक देवजी महाराज के 550वें प्रकाश पर्व पर भी मुख्यमंत्री आवास पर पहली बार गुरुवाणी का आयोजन हुआ था। इस दौरान सांसद रवि किशन शुक्ला, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, कालीबाड़ी के महंत रविंद्र दास समेत गुरुद्वारा कमेटी के वरिष्ठ सदस्य व सिख समुदाय के कई गणमान्य मौजूद रहे।

### सीएम ने सिख परंपरा के प्रति जताई कृतज्ञता

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर के प्रमुख तीन गुरुद्वारों जटा शंकर, मोहद्दीपुर और पैडलेगंज को बेहतर स्वरूप देने का कार्य किया गया है। यह सिख गुरु परंपरा के प्रति हमारी कृतज्ञता और श्रद्धा का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए पवित्र इसलिए भी है कि 421 वर्ष पूर्व इसी दिन गुरु ग्रंथ साहिब जी को हरमंदिर साहिब में स्थापित कर उन्हें गुरु के रूप में स्वीकार किया गया। यह परंपरा आज भी पूरे विश्व में आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं ने अपने जीवन का हर क्षण देश, धर्म और मानवता के कल्याण के लिए समर्पित किया। आज हमारा दायित्व है कि उनकी शिक्षाओं और बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें।

### गौरवशाली है चार साहिबजादों का बलिदान

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंहजी महाराज के चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय है। उन्होंने कहाकि जब उन्हें लालच दिया गया कि इस्लाम स्वीकार कर लो, तो जीवन और रियासत दोनों सुरक्षित रहेंगे, लेकिन उन्होंने झुकने के बजाय बलिदान का मार्ग चुना। छोटे साहिबजादों को दीवार में चुनवाकर शहीद कर दिया गया, लेकिन उन्होंने अपने धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए दृढ़ निष्ठा दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही बलिदान आज हम सभी को प्रेरित करता है।

# भारी बारिश से जम्मू कश्मीर के निचले इलाकों में आई बाढ़

**जम्मू-कश्मीर का अन्य राज्यों से सड़क संपर्क टूटा, एनएच-44 पर आने-जाने वाले दोनों पुल क्षतिग्रस्त**

एजेंसी

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के जिला कठुआ में कई हिस्सों में रात से लगातार हो रही भारी बारिश से जिले के निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग लोगेट मोड पर स्थित जम्मू की तरफ जाने वाला एक महत्वपूर्ण पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जबकि उसी के साथ लगता कठुआ की ओर आने वाला पुल भी बाढ़ की चपेट में आ गया, जिसके कारण जिला प्रशासन ने जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ से आवाजाही बंद कर दी है। जिसके चलते जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ गाड़ियों की कतारें लग गई हैं।

सामान्य जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। इस समय जम्मू कश्मीर का सड़क संपर्क अन्य राज्यों से टूट चुका है। अधिकारियों ने बताया कि इस भारी बारिश से कठुआ जिले में जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक महत्वपूर्ण पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### राजनाथ सिंह ने जम्मू में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को जम्मू के राजभवन में अधिकारियों के साथ बैठक की और किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना के बाद राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की, जिसमें 65 लोगों की जान चली गई। जम्मू अस्पताल का दौरा करने के बाद राजनाथ सिंह ने क्षेत्र में बाढ़ की समग्र स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू के राजभवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने चल रहे राहत कार्यों का मूल्यांकन किया और बचाव एवं पुनर्वास प्रयासों को बेहतर बनाने की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में हाल ही में हुए बादल फटने से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने में जम्मू और कश्मीर सरकार को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। खराब मौसम के कारण सिंह बादल फटने से प्रभावित स्थल का प्रत्यक्ष दौरा नहीं कर सके।

### हिमाचल में भारी बारिश से हाहाकार, कई इलाके जलमग्न, 482 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। शिमला सहित कई इलाकों में बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से तबाही मची है। चंबा में बादल फटने और लाहौल-स्पीति की चोटियों पर बर्फबारी से पहाड़ों में ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने 30 अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बीते 24 घंटे में मंडी जिले के पंडोह में सबसे ज्यादा 123 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा सोलन के कसौली में 105 मिमी, जोत में 104 मिमी, मंडी और करसोग में 68-68 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 25 अगस्त को उना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी जिलों में, 26 अगस्त को इनमें शिमला और सिरमौर जिले भी शामिल होंगे।

## अल्पसंख्यकों, दलित, पिछड़ा व अति पिछड़ों की आवाज दबा रही भाजपा

- अररिया में राहुल व तेजस्वी ने केंद्र व चुनाव आयोग पर साधा निशाना

एजेंसी

**अररिया।** बिहार में जारी कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा रविवार को अररिया पहुंची। यहां लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और चुनाव आयोग को निशाने पर लिया।

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा और अल्पसंख्यको को साधने का प्रयास भी किया। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का काफिला रविवार को पूर्णिया से अररिया के जीरो माइल पहुंचा, जहां महागठबंधन दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से



स्वागत किया। राहुल गांधी ने कहा कि देश में दो विचारधाराएं चल रही हैं। एक संविधान के अनुरूप है, जबकि दूसरी भेदभाव वाली। भाजपा चाहती है कि दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा और अल्पसंख्यकों की आवाज दबी रहे। राहुल गांधी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान की किताब को दिखाते हुए कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। संविधान कहता है कि हिन्दुस्तान में प्रत्येक नागरिक को एक वोट मिलेगा। वह अंबानी का बेटा हो या किसी गरीब का बेटा। एक वोट देने का अधिकार संविधान ने हम सभी को दिया है। लेकिन महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में वोट चोरी किए।

### सुकमा में नक्सलियों के बड़ी संख्या में डंप हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कैम्प मेट्टागुड़ा क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के बड़ी संख्या में डंप हथियार, विस्फोटक और लोहे की सामग्री को बरामद किया है। सुकमा एसपी ने रविवार को इसकी पुष्टि की है। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि शनिवार 23 अगस्त को नक्सलियों की सूचना पर 203 कोबरा वाहिनी, 241 बस्तर बटालियन सीआरपीएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकली थी। सुरक्षा बल के जवानों ने ग्राम बोटेलंका, ईरापल्ली, कोईमेंटा पहाड़ी, दारेली व आस-पास क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने कोईमेंटा पहाड़ी पर नक्सलियों के बड़ी संख्या में डंप कर रखे गए कंट्रीमेड हथियार और अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से जंगल-पहाड़ी में छिपा कर रखा था।

## सदन की कार्यवाही बाधित करना चिंताजनक : शाह

- गृह मंत्री ने ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का दिल्ली विधानसभा में किया उद्घाटन
- विपक्ष से सार्थक बहस और लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सदन लोकतंत्र का इंजन होता है, इसलिए विपक्ष द्वारा संसद तथा विधानसभाओं की कार्यवाही को बाधित करने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। शाह ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन कई दिनों तक सदन को न चलने देना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है।

उन्होंने कहा कि सदन जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक है और सार्थक बहस से ही जनकल्याणकारी कानून बनते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा और संसद केवल बहस का मंच नहीं, बल्कि विवेक और विचार का संगम है। सदन की कार्यवाही में पक्ष-विपक्ष दोनों को मिलकर जनता की आवाज बनना चाहिए। शाह ने उपस्थित सभी अध्यक्षों और उपाध्यक्षों से आह्वान किया कि वे सदन की गरिमा बनाए रखते हुए चर्चा को सार्थक और परिणामोन्मुख बनाने का प्रयास करें। गृह मंत्री ने स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय केंद्रीय विधानसभा अध्यक्ष रहे विट्ठल भाई पटेल के योगदान को भी विस्तार से याद किया। उन्होंने कहा कि पटेल ने विधानसभा अध्यक्ष पद की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और कई ऐसी परंपराएं स्थापित कीं जो आज भी लोकतांत्रिक संस्थाओं की आधारशिला हैं। शाह ने सुझाव दिया कि विट्ठल भाई पटेल के भाषणों और योगदान का संकलन देशभर की विधानसभाओं की लाइब्रेरी में उपलब्ध कराया जाए।



## भारत की यात्रा पर पहुंचे फिजी के पीएम, एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका का रविवार सुबह यहां पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राबुका और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका का उनके पहले दिल्ली आगमन पर हार्दिक स्वागत। प्रधानमंत्री राबुका का हवाई अड्डे पर शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने स्वागत किया। यह यात्रा



विभिन्न क्षेत्रों मे दोनों देशों की साझेदारी को और प्रगाढ़ करेगी। राबुका के साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी आई हैं। उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। राबुका की प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहली भारत यात्रा है। वह सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। मोदी गणमान्य अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे।

### ज्योति का हत्यारा पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

संवाददाता

**गोंडा।** जिले के देहात कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में सनी सिंह नाम के बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसके पास से एक मोटरसाइकिल और अवैध तमंचा बरामद किया है। ज्योति ने आरोपी सनी सिंह को एक अन्य लड़की के साथ देख लिया था। वह इस बात को लेकर उसे ब्लैकमेल कर रही थी और घर व गांव वालों को बताने की धमकी दे रही थी। शुक्रवार को आरोपी ने ज्योति को धान के खेत में निराई करते हुए देखा। उसने ज्योति का फोन छीनने का प्रयास किया, जब ज्योति ने फोन देने से मना किया तो दोनों में कहा सुनी हुई इसके बाद आरोपी ने ज्योति के दुपट्टे से ही उसका गला घोट दिया।

**सम्मान** — पृथ्वी की सतह से आगे अंतरिक्ष की नई सीमाओं की ओर लगातार आगे बढ़ रहा भारत

## रक्षा मंत्री ने चारों गगन यात्रियों को बताया भारत की आकांक्षाओं का अग्रदूत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान इसरो के पहले अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान का हिस्सा बनने वाले वायु सेना के चारों ग्रुप कैप्टन को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री ने चारों गगन यात्रियों को देश के रत्न और राष्ट्रीय आकांक्षाओं का अग्रदूत बताया।

उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष को केवल अनुसंधान के क्षेत्र के रूप में नहीं बल्कि कल की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, ऊर्जा और मानवता के भविष्य के रूप में देखता है। रक्षा मंत्री ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन पीबी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद



प्रताप को सम्मानित करने के बाद अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती उपस्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम पृथ्वी की सतह से आगे अंतरिक्ष की नई सीमाओं की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। हम चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं और आज हमारा देश गगनयान जैसे मिशनों के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि को केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ओर एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों में गर्व से ऊंचा स्थान रखता है। सफल अंतरिक्ष मिशन के लिए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के दृढ़ संकल्प और साहस पर उन्होंने कहा कि ढाई साल का प्रशिक्षण मात्र ढाई महीने में पूरा करना उनकी असाधारण उपलब्धि, व्यक्तिगत समर्पण और भारतीय जनता की दृढ़ता का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हालांकि शुभांशु भारतीय वायु सेना की वर्दी पहनते हैं, लेकिन अंतरिक्ष में उनकी यात्रा केवल सशस्त्र बलों या भारत की ओर से नहीं, बल्कि समस्त मानवता के प्रतिनिधि के रूप में थी।

### अंतरिक्ष यात्रा में पीछे नहीं रह सकता भारत : राजनाथ

अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल प्रयोगशालाओं और प्रक्षेपण यान तक ही सीमित नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय आकांक्षाओं और वैश्विक दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। चंद्रयान से लेकर मंगलयान तक हमने यह प्रदर्शित किया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी असीमित इच्छाशक्ति सबसे चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को उल्लेखनीय उपलब्धियों में बदल सकती है। राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अंतरिक्ष यात्रा में पीछे नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अंतरिक्ष खनन, गहन अंतरिक्ष अन्वेषण और ग्रहीय संसाधन मानव सभ्यता की दिशा को पुनर्परिभाषित करेंगे। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुकी है, जहां अंतरिक्ष अब केवल सैन्य शक्ति या तकनीकी कौशल का प्रतीक नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की सामूहिक यात्रा में एक नया पड़ाव है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है और आज हमारे वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री इसी संदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### 18 वर्षीय किशोर भैंस के साथ लापता, 24 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग



**मितौली (खीरी)।** थाना क्षेत्र के हैदर नगर गांव में 18 वर्षीय किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में भैंस के साथ लापता हो गया। परिजनों व ग्रामीणों की दिन-रात तलाश के बावजूद अभी तक किशोर का कोई पता नहीं चल सका है। इस घटना से गांव में दहशत और चिंता का माहौल है। घटना उस समय हुई जब परिजन अपनी बहू को प्रसव के लिए मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे। उसी दौरान सुबह करीब 9 बजे घर से भैंस छूट गई। किशोर अनूप कुमार उसे पकड़ने के लिए निकला, लेकिन इसके बाद न तो वह लौटा और न ही भैंस। ग्रामीणों ने देर रात तक तलाश की, मगर सफलता नहीं मिली। दूसरे दिन पड़ोस के गांव पियरा में ग्रामीण मनोज कुमार भार्गव के यहां राम सहाय की भैंस बरामद हो गई, लेकिन किशोर का अब तक कोई सुराग नहीं लगा। लापता किशोर के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कोतवाली मितौली में तहरीर देकर पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल ग्रामीणों के बीच यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

### स्मैक तस्करों पर पलिया पुलिस की करारी चोट, 107 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार




**पलिया कलां (खीरी)।** नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पलिया पुलिस ने रविवार को बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस टीम ने दो युवकों को घेराबंदी कर दबोच लिया और उनके कब्जे से 107 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक), दो मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी पलिया के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने मुस्तैदी से काम करते हुए तस्करों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सावान उर्फ शायबान इदरीशी (19 वर्ष), निवासी ग्राम पढुवा थाना सम्पूर्णानगर, जनपद खीरी और संतोष सिजाली मौगर (23 वर्ष), निवासी जोरामल गांव थाना रडोरी जिला सिलगढी, सूदूर पश्चिम प्रदेश नेपाल के रूप में हुई है। दोनों को थाने में आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा जा रहा है। बरामदगी में 107 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक), आईफोन और वीवो कंपनी के दो मोबाइल फोन तथा एक पल्सर मोटरसाइकिल शामिल है, जिसे पुलिस ने सीज कर लिया है। इस अभियान में उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र, उपनिरीक्षक रविन्द्रनाथ यादव, हेड कांस्टेबल मनोज सिंह, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल नेपाल सिंह और कांस्टेबल परशुराम की सक्रिय भूमिका रही।

### मंडलीय कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर वीरेंद्र ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव



**सिंगाही खीरी।** कमलापुर (सीतापुर) में आयोजित मंडलीय कुश्ती चैंपियनशिप में खीरी जनपद के वीरेंद्र यादव ने 110 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने रायबरेली के जावेद मिर्जा को हराया और फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा जमाया। इस उपलब्धि के बाद वीरेंद्र के परिवार और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में उनके संघर्ष और दमखम को देखकर दर्शकों ने भी जमकर उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने कहा कि वीरेंद्र की जीत उनके परिश्रम और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। वीरेंद्र वर्तमान में श्री गांधी इंटर कॉलेज, बेलरायां में कक्षा 12-बी के छात्र हैं। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता संस्थान और पूरे क्षेत्र दोनों के लिए गौरव का विषय है। प्रबंधक राजेश अग्रवाल ने बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि संस्थान शिक्षा, खेल और कौशल विकास में छात्रों को हमेशा सहयोग प्रदान करेगा।विद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जगाती हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देती हैं। वीरेंद्र की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी और उन्हें अपने लक्ष्यों को हासिल करने की राह दिखाएगी।

### यू-डाइस पर नामांकन लक्ष्य अधूरा, खंड शिक्षा अधिकारी ने चेताया, होगी कार्रवाई



**पसगवां, खीरी।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे नामांकन अभियान में इस वर्ष लक्ष्य पूरा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) संजीव कुमार भारती ने बताया कि सत्र 2025-26 में कक्षा 1 में केवल 1883 नामांकन हुए हैं, जबकि गत वर्ष यह संख्या 2609 थी। इसी प्रकार सत्र 2023-24 से 2025-26 तक नामांकन का अंतर लगभग 9853 बच्चों का पाया गया है। बीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परिषदीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालय एवं मदरसे तत्काल सभी बच्चों को यू-डाइस पोर्टल पर दर्ज करें और इंपोर्ट की प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि हाउसहोल्ड सर्वे का कार्य पूर्व में ही किया जा चुका है, इसलिए अब किसी भी बच्चे का नाम छूटना नहीं चाहिए। संजीव भारती ने यह भी कहा कि जिन विद्यालयों की मान्यता समाप्त हो चुकी है या जिनमें बिना आधार वाले बच्चे पढ़ रहे हैं, उन्हें भी नजदीकी विद्यालयों में नामांकित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि 3 वर्ष से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके। खंड शिक्षा अधिकारी ने चेतावनी दी कि नामांकन में लापरवाही करने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी और सभी मान्यता प्राप्त संस्थानों को निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

### सादगी और अकीदत के साथ मनाया गया चेहल्लुम



**मितौली खीरी।** कस्बे के दक्षिण मोहल्ला में रविवार को चेहल्लुम का पर्व सादगी और धार्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया। देर शाम ताजियों को जामा मस्जिद के पास से अकीदत व एतराम के साथ कर्बला के लिए ले जाया गया, जहाँ गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इससे पहले बड़े इमामबाड़े में मजलिस का आयोजन हुआ। पहली मजलिस में ईरान से तशरीफ़ लाए मौलाना सैयद नवाजिश इमाम आब्दी ने इमाम हुसैन और कर्बला की जंग के बारे में खिताब किया। सुबह की मजलिस को लखनऊ से आए सैयद अब्बास नासिर सईद अबाकाती ने संबोधित किया और इमाम हुसैन की शहादत का बयान किया। वहीं हरदोई से आए सैयद रौशन अली नजफ़ी ने भी खिताब किया। जुलूस के दौरान अंजुमन ए अब्बासी औरंगाबाद खीरी, अंजुमन अब्बासिया महमूदपुर और अंजुमन हैदरी सरैया ने गमजदा माहौल में जमकर मातम किया। इस मौके पर सज्जाद मेहदी मोहसिन, एडवोकेट अब्बास जैदी, अर्शी हसन, अजमी हसन, शबी हैदर, जाजीब हसन, जफर मेहदी, आदिल रिजवी, सईद मेहदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। चेहल्लुम का पर्व इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। इस दिन ताजियों को कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक करने और मजलिसों के आयोजन की परंपरा है। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ मितौली जितेंद्र सिंह परिहार व थाना प्रभारी मितौली शिवाजी दुबे पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

### अखिल भारतीय बढ़ई महासभा की हुई ब्लॉक स्तरीय बैठक संगठन के विस्तार और सदस्यता अभियान पर जोर



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्राम शर्मा के नेतृत्व में रविवार को खोझवा गांव स्थित श्रीराम जानकी परिसर में ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जोखू राम शर्मा ने की। इस अवसर पर गोंडा और बलरामपुर जिलों के जिलाध्यक्षों सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली की समीक्षा के साथ ही संगठन के विस्तार और सदस्यता अभियान पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री ओमप्रकाश शर्मा के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सचिव रामसूरत शर्मा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए तेजी से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। समाज के बीच जागरूकता और विकसित सोच पैदा होगी, तभी समाज सशक्त और समृद्ध बन सकेगा। बैठक में आगामी 28 सितंबर को होने वाले विशाल सम्मेलन की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। साथ ही बढ़ई समाज से जुड़े सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। सक्रिय कार्यकर्ता महेंद्र प्रताप शर्मा ने कहा कि महासभा समाज की ताकत है, संगठन जितना व्यापक होगा समाज की भागीदारी और सम्मान भी उतना ही बढ़ेगा। इस अवसर पर बलरामपुर जिला प्रभारी गुरुप्रसाद शर्मा, जिला संरक्षक सतीश चंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रेहरा बाजार बाबूलाल शर्मा, सहित निरंकार शर्मा, शेषराम शर्मा, भगवान दास शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोलदार अस्पताल के प्रबंधक व डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज

- इलाज के दौरान लापरवाही, गर्भस्थ शिशु की हुई थी मौत
- पिता झोले में शव लेकर पहुँचा था डीएम ऑफिस, ग्रामीणों में गुस्सा, कार्रवाई की मांग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के निजी अस्पतालों की मनमानी और लापरवाही का एक दर्दनाक मामला सामने आया है। कोतवाली सदर क्षेत्र स्थित गोलदार अस्पताल पर इलाज के दौरान लापरवाही और अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। प्रसव पीड़ा से तड़प रही गर्भवती महिला का इलाज पैसे न मिलने पर रोक दिया गया, जिसके चलते गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने अस्पताल के प्रबंधक और डॉक्टर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भीरा क्षेत्र के ग्राम नौसरतजोगी निवासी विपिन गुप्ता की पत्नी नौ माह की गर्भवती थी। 21 अगस्त की रात अचानक उसकी हालत बिगड़ी और तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। परिजन घबराकर महिला को लेकर गोलदार अस्पताल पहुंचे, ताकि तुरंत इलाज मिल सके। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ और डॉक्टर ने महिला को भर्ती करने से पहले 3000 रुपये नकद और 5000 रुपये ऑनलाइन की मांग की। जब तक पैसे जमा नहीं किए गए, तब तक मरीज को वार्ड में भर्ती करने से साफ इंकार कर दिया गया। शिकायतकर्ता विपिन गुप्ता ने बताया कि पैसे देने की स्थिति न होने पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन से बार-बार इलाज की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। इस बीच महिला की हालत लगातार बिगड़ती रही और गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि न केवल इलाज रोका गया बल्कि अस्पताल कर्मियों ने महिला को धक्के मारकर अस्पताल से बाहर तक निकाल दिया। इस अमानवीय बर्ताव ने परिवार को झकझोर कर रख दिया। गुस्से और दर्द से बेहाल पिता विपिन गुप्ता ने मृत नवजात शिशु का शव झोले में डालकर डीएम ऑफिस पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद लोग स्तब्ध रह गए और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई रजनीश त्रिपाठी को सौंपी गई है। एफआईआर में अस्पताल के प्रबंधक और डॉक्टर दोनों को नामजद किया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### दरिगापुर में सर्प आतंक, ग्राम प्रधान की पत्नी समेत एक और महिला हुई शिकार



- सांप के आतंक से दहशत में ग्रामीण, दो दिन में दो महिलाएं बनीं शिकार

**ईसानगर खीरी।** ईसानगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरिगापुर में शनिवार की रात ग्राम प्रधान अनुराग मौर्य की पत्नी सुमन मौर्या (34 वर्ष) को जहरीले सांप ने डस लिया। अचानक हुई घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने साहस दिखाकर सांप को पकड़ लिया और प्रधान ने तत्काल पत्नी को जिला अस्पताल लखीमपुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने सांप को खतरनाक प्रजाति का बताते हुए उपचार शुरू किया। गहन इलाज के बाद रविवार सुबह सुमन को घर भेज दिया गया। फिलहाल उनकी हालत सुरक्षित और सामान्य बताई जा रही है। इसी गांव में एक दिन पहले शुक्रवार को भी सांप के डसने की घटना हुई थी। गांव निवासी सुखरानी पत्नी प्रकाश को सांप ने काट लिया था। उन्हें जिला अस्पताल लखीमपुर भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार हुआ और अब वे घर लौट चुकी हैं। लगातार दो दिनों में सांप के काटने की घटनाओं से गांव में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में गंदगी और जलभराव के चलते सांपों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन सांप निकल आते हैं और हादसे घटते रहते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव की साफ-सफाई और जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके और लोगों को राहत मिले।

## परमेश्वर पाप रूपी कर्म काटते हैं: संत रामपाल महाराज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भोगीपुरवा लखीमपुर में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का विशाल मासिक सत्संग सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद लखीमपुर की सभी तहसीलों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

संत रामपाल जी महाराज ने पवित्र वेदों, गीता, कुरान, बाइबल, पुराण और रामचरितमानस से प्रमाणित सत्संग प्रस्तुत करते हुए बताया कि सामवेद मंत्र संख्या 1400 में उल्लेख है कि जब कविर्देव (कबीर परमेश्वर) तत्वज्ञान लेकर पृथ्वी पर आते हैं तो वे सर्वशक्तिमान होते हैं। वही काल-ब्रह्म के कर्म रूपी किले को तोड़ने वाले, सर्वसुखदाता और पूजा के योग्य परमात्मा हैं। उन्होंने कहा कि कबीर परमेश्वर ही जगत के रचनहार और पालनकर्ता हैं। मानव जीवन का कल्याण केवल उनकी भक्ति से ही संभव है।

जिला कोऑर्डिनेटर रवि कुमार ने बताया कि लखीमपुर जनपद के गाँव-गाँव में संत रामपाल जी महाराज के अनुयायी मौजूद हैं, जो शास्त्रानुकूल भक्ति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत रामपाल जी महाराज की शिक्षाओं से समाज में दहेज प्रथा, नशा, रिश्वतखोरी और जात-पात जैसी कुरीतियाँ समाप्त हो रही हैं।

सत्संग के दौरान कई श्रद्धालुओं ने संत रामपाल जी महाराज से नामदीक्षा ग्रहण कर नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। अनुयायियों का कहना है कि महाराज जी के मार्गदर्शन से एक स्वच्छ, संस्कारित और कुरीतिमुक्त समाज का निर्माण हो रहा है।

## जंगली हाथियों के आतंक से किसान परेशान, धान और गन्ने की फसल उजड़ी




**बेलरायां, खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल से निकलकर खेतों में पहुंचे जंगली हाथियों के झुंड ने एक बार फिर किसानों की धान और गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों द्वारा रौंदी गई लहलहाती फसल किसानों की आंखों के सामने बर्बाद हो गई और वे असहाय होकर देखते रह गए। जानकारी के अनुसार, बेलरायां रेंज से निकला हाथियों का झुंड भूलनपुर गांव के उत्तर में पहुंचा। यहां उन्होंने किसान रामखेलावन वर्मा, रामकुमार वर्मा, कौशल वर्मा, आसाराम समेत अन्य किसानों की दर्जनों बीघा फसल तहस-नहस कर दी। हाथियों ने न सिर्फ वन विभाग की ओर से लगाई गई जाली तोड़ दी, बल्कि किसानों द्वारा खेतों की रखवाली के लिए बनाए गए लकड़ी के मचान भी गिरा दिए। किसानों का आरोप है कि वन विभाग इस मामले में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। न तो फसलों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस प्रबंध किए गए हैं और न ही रात में गश्त की व्यवस्था है। पीड़ित किसानों ने मांग की है कि उनकी फसल को बचाने के लिए ठोस इंतज़ाम किए जाएं और हुए नुकसान का पूरा मुआवजा उन्हें दिया जाए।

## सेंट जॉन्स के छात्राओं ने क्लस्टर स्तर की राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

- खेलों में भी चमक रहे सेंट जॉन्स स्कूल के सितारे

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी जिले के गोला गोकर्णनाथ स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने खेल जगत में नया इतिहास रचते हुए जिले का नाम ऊंचा किया है। विद्यालय की अंडर-14 खो-खो टीम ने एटावा में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-IV ईस्ट जोन खो-खो चैम्पियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन कर कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) अपने नाम कर लिया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर की सीबीएसई स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं का प्रारंभिक और महत्वपूर्ण चरण है, जहां कई जिलों और राज्यों की दर्जनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। सेंट जॉन्स के खिलाड़ियों ने साहस, अनुशासन और शानदार रणनीति से प्रतिस्पर्धा में बाज़ी मारते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता 21 से 24 अगस्त 2025 तक पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल, एटावा में आयोजित हुई। 20 अगस्त को प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमें एटावा पहुंचीं, जिसके बाद 21 अगस्त को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। लगातार चार दिन तक चली इस प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व कर रही सेंट जॉन्स टीम ने अपनी दृढ़ता और दमखम से सभी को प्रभावित किया। टीम में छात्राएं निधि चौधरी, आराध्या पटेल, आराध्या वर्मा, आराध्या सिंह, सान्वी सिंह, अदिति पटेल, अनामिका वर्मा, रैज़ल एड्रिया और द्युम्ना सिंह शामिल थीं। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे कोच निधि सिंह और मैनेजर प्रशांत सिंह का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने बच्चों को लगातार मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने कहा कि यह पदक छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी प्रगति करने के लिए प्रेरित करता है। इस उपलब्धि से विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे गोला गोकर्णनाथ और लखीमपुर खीरी जिले का गौरव बढ़ा है। इस सफलता की गूंज जिलेभर में सुनाई दे रही है। अभिभावक और स्थानीय लोग बच्चों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक मान रहे हैं। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि छोटे शहरों के छात्र-छात्राएं भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हैं।

### ग्राम पचपेड़वा में चोरी, परिजनों ने एक चोर पकड़ा, पुलिस के हवाले



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के थाना फरदहन क्षेत्र के ग्राम पचपेड़वा में बीती रात चोरों ने जय प्रकाश पुत्र राम भजन मिश्रा के घर धावा बोल दिया। अचानक आवाज होने पर परिजनों की नींद खुल गई और उन्होंने एक चोर को पकड़ लिया।पकड़े गए चोर की पहचान सौरभ पुत्र हरिओम के रूप में हुई है। परिजनों ने तत्काल सूचना देकर मौके पर पहुंची फरदहन पुलिस को चोर सौंप दिया, जबकि अन्य चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। थाना प्रभारी निरीक्षक दया शंकर द्विवेदी ने बताया कि पकड़ा गया चोर पुलिस कस्टडी में है। वादी द्वारा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गरीब किसानों को धोखा देकर धान बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार




**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** गरीब किसानों का धान कम कीमत पर खरीदकर सरकारी मूल्य पर बेचकर अधिक लाभ कमाने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वादी राजेंद्र प्रसाद अपर जिला सहकारी अधिकारी की तहरीर पर थाना रेहरा बाजार में मुअसं 83/2018 धारा 420/120B IPC पंजीकृत किया गया था। मामले में नामजद आरोपी किसानों को धोखा देकर अवैध मुनाफा कमा रहा था। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन और अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 24 अगस्त 2025 को आरोपी जगदंबा प्रसाद पुत्र स्वर्गीय शिवराम शुक्ला निवासी संगम पुरवा केराडीह थाना रेहरा बाजार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 83/2018 धारा 420/120B/409 IPC के अंतर्गत न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया है।

### क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की तहसील कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की निघासन तहसील कार्यकारिणी का रविवार को नगर पंचायत कार्यालय स्थित सभागार में पुनर्गठन किया गया। इस मौके पर पहुंचे जिलाध्यक्ष इरफान अंसारी, जिला संरक्षक त्रिभुवन वर्मा, जिला प्रभारी हरीश पाण्डेय, जिला सचिव सोनू पटेल सहित जिले के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से तहसील स्तर की नई कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा और बधाई दी। जिले की टीम ने निर्वतमान तहसील अध्यक्ष राजू गिरि को जिला कार्यकारिणी में शामिल करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं तहसील अध्यक्ष के रूप में दिवाकर त्रिपाठी की घोषणा की गई। इसके साथ ही तहसील प्रभारी अभिषेक गुप्ता, तहसील संरक्षक केके मौर्या, श्रवण सिंह व उद्देश्य गिरि को दायित्व दिया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता बनाए गए, जबकि उपाध्यक्ष पद पर अख्तर अली, अफजल अली और बब्बू खां का चयन किया गया।

महासचिव की जिम्मेदारी आनंद विनोद गुप्ता को दी गई। तहसील सचिव आकाश गुप्ता, तहजूब अली व शहनूर अली बने। मीडिया प्रभारी का पद सोएब अंसारी को मिला, जबकि संगठन मंत्री राजेश राजपूत और अब्दुल हसन बनाए गए। विधिक सलाहकार की जिम्मेदारी रमेश भारती को दी गई। मीडिया सहप्रभारी पद पर राकेश कुमार मौर्य, आर.के. चौहान और संदीप शाक्य को जिम्मेदारी मिली। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रोहित कुमार पाल, विमल मिश्रा, शिव कुमार, चंदन सोनी, शिवम कश्यप, असगर अली, प्रमोद राठौर और मो. युसुफ को शामिल किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारों को अपनी कलम की ताकत को पहचानना चाहिए। पत्रकार की असली पहचान उसकी कलम होती है, इसलिए पत्रकार हित में संगठित रहकर कार्य करना जरूरी है। वहीं पदाधिकारियों ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि सभी पत्रकार संगठन को मजबूत बनाएं और एकजुट रहकर काम करें।पुनर्गठन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्रांतिकारी पत्रकार मौजूद रहे।

### 108 एम्बुलेंस ने नवजात को जिला चिकित्सालय पहुंचा कर बचाई जान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** एक सौ आठ एम्बुलेंस पर तैनात ईएमटी निरंजन कुमार व पायलट कौसर अली की सूझबूझ और तत्परता ने एक दिन के नवजात जिसको सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। उसका इलाज करते हुए उसको जिला अस्पताल बलरामपुर पहुंचाया है। गर्भवती महिला रंजीता देवी निवासी तेंदुआ भानपुर को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों द्वारा प्रसव के लिए सीएचसी सादुल्लानगर ले जाया गया। जहाँ पर प्रसव होने के बाद बच्चे की हालत को नाजुक देखते हुए बच्चे को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। सूचना पर 108 एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचें और नाजुक बच्चे का प्राथमिक उपचार करते हुए परिजनों की सहमति पर उसको जिला चिकित्सालय बलरामपुर में भर्ती करा कर आए है।

## सहभोज के महापर्व में आस्था और एकजुटता का अद्भुत संगम

- महंत मयंक गिरी महाराज के आशीर्वचन से गूंजा मंदिर प्रांगण

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार को श्री दुःख हरण नाथ मंदिर उतरौला का प्रांगण भक्ति, आस्था और समरसता से सराबोर हो उठा। महंत मयंक गिरी महाराज के सानिध्य तथा श्री दुःख हरण नाथ सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य समरसता सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर व आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से गूंज उठा।

**दिव्य श्रृंगार और आरती से हुई शुरुआत:** कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ के अलौकिक श्रृंगार, पूजन और मंगलमयी आरती से हुआ। श्रद्धालुओं ने आरती में सम्मिलित होकर भोलेनाथ के दिव्य स्वरूप का दर्शन किया। हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

**महंत मयंक गिरी महाराज का आशीर्वचन:** आशीर्वचन देते हुए महंत मयंक गिरी महाराज ने कहा- समाज की शक्ति उसकी एकजुटता और आपसी भाईचारे में निहित है। सहभोज केवल भोजन नहीं, बल्कि यह प्रेम, एकता और समरसता का प्रतीक है। जब सभी लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं, तो यह समाज में समानता और सौहार्द का सशक्त संदेश देता है। भोलेनाथ की कृपा से उतरौला की धरती पर शांति, सद्भाव और खुशहाली बनी रहे।

**जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने रखा दृष्टिकोण:** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजन नगर की पहचान को सुदृढ़ करते हैं। दुःख हरण नाथ मंदिर में आयोजित सहभोज उतरौला की सामूहिक आस्था और एकजुटता का प्रतीक है। भाजपा जिला संयोजक देवानंद गुप्ता ने कहा कि मंदिर समाज के लिए केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और प्रेरणा का केंद्र भी है।

**गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी शोभा:** इस कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों की उपस्थिति ने इसकी शोभा को और बढ़ाया। आरएसएस से अमित कुमार, हर्षवर्धन कुमार, प्रचारक शिवकुमार, मारुति नंदन, वरिष्ठ पत्रकार अनिल गुप्ता, समाजसेवी संतोष कसौधन, सुशील श्रीवास्तव, उमानंद गुप्ता, पुरोहित फूलचंद पाण्डेय, विद्वान दयानंद शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**समिति की सक्रिय भूमिका और धन्यवाद ज्ञापन:** पूरे आयोजन में समिति के पदाधिकारियों और सेवकों ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया। व्यवस्थापक मोनू गुप्ता ने सभी सदस्यों व सेवकों को उचित निर्देश देकर व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखा। अंत में सेवा समिति के सहव्यवस्थापक अर्पित गुप्ता ने उपस्थित श्रद्धालुओं, अतिथियों, सहयोगियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया।

**सौहार्द और समरसता का संदेश:** सहभोज में नगर और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। सभी ने एक साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया और समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि उतरौला की परंपरा और संस्कृति में एकता व समरसता की गहरी जड़ें हैं।

# यूपी में पिछले आठ वर्षों में नवजात शिशुओं की मृत्युदर में आई कमी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए विभिन्न अभियान चला रही है। इसी का असर है कि पिछले आठ वर्षों में नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी दर्ज की गयी है। इसमें योगी सरकार द्वारा नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने में नियमित टीकाकरण की अहम भूमिका है।

डबल इंजन की सरकार द्वारा सभी बच्चों तक टीकाकरण सेवाएं पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, खासतौर पर ÷जीरो डोज÷ (शून्य-खुराक) वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें टीकाकरण से जोड़ने पर ज़ोर दिया जा रहा है।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। हम टीकाकरण सेवाओं को दूर-दराज के गांवों से लेकर शहरी बस्तियों तक पहुंचा रहे हैं और समुदाय के हर परिवार को यह विश्वास दिला रहे हैं कि टीका उनके बच्चे के जीवन और भविष्य की सुरक्षा का सबसे सशक्त साधन है। हम इस दिशा में और भी तेज़ी से काम करेंगे, ताकि प्रदेश जीरो डोज से मुक्त हो और हर बच्चा स्वस्थ व सुरक्षित जीवन रहे।

### जिन बच्चों को नहीं लगता है टीका, वो उनके विकास को करता है प्रभावित

राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि देश के 11 राज्यों के 143 जिलों में वर्ष 2022 से 'जीरो डोज अभियान' सक्रिय रूप से चल रहा है। उत्तर प्रदेश इस दिशा में अग्रणी राज्य है, जहां 60 जिलों में यह अभियान ज़ोर-शोर से चलाया जा रहा है। इन विशिष्ट जिलों का चयन राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सावधानीपूर्वक किया गया है, जिससे शून्य-खुराक वाले बच्चों की सबसे अधिक संख्या वाले क्षेत्रों के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली है। डॉ. सलमान, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ के अनुसार, बिना टीका लगे बच्चों में जानलेवा बीमारियों का खतरा अधिक रहता है और यह बच्चों के विकास को भी प्रभावित कर सकता है। उनमें डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, खसरा और पोलियो जैसी वैक्सीन से रोके जा सकने वाली बीमारियों का ख़तरा काफ़ी बढ़ जाता है। ये बीमारियां न केवल बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सीधा ख़तरा पैदा करती हैं, बल्कि व्यापक रोग उन्मूलन के प्रयासों में भी बाधा डाल सकती हैं और दीर्घकालिक विकलांगता का कारण बन सकती हैं। उदाहरण के लिए, पोलियो वायरस के कारण होने वाली एक दुर्बल करने वाली बीमारी, पोलियो मेलाइटिस, स्थायी पक्षाघात और जीवन भर सहायक देखभाल पर निर्भरता का कारण बन सकती है।

### अभियान की प्रमुख विशेषताएं

1- जीरो डोज वाले बच्चों और समुदायों की पहचान
2- टीकाकरण से वंचितों तक सेवाओं की पहुंच
3-टीकाकरण नहीं कराने के कारणों की पड़ताल
4- प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की तैनाती
5- समुदाय में जागरूकता और गलत धारणाओं को दूर करना

## युवाओं की आत्मनिर्भरता से ही पूरा होगा विकसित भारत का संकल्प : राजभर

**लखनऊ।** होटल रेडिसन ब्लू, ग्रेटर नोएडा में आयोजित रोजगार मिशन इन्डस्ट्री कनेक्ट 2025 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर ही पूरा किया जा सकता है। इस वर्ष सरकार का लक्ष्य 25 हजार युवाओं को विदेशों में तथा 3 लाख युवाओं को देश के भीतर रोजगार से आच्छादित करना है। श्रम व सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी ने कहा कि शिक्षा एवं रोजगार एक-दूसरे के पूरक हैं। युवाओं को शिक्षित और प्रशिक्षित कर ही रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

# उत्तर प्रदेश के पांच जिलों का नाम बदलने की उठी मांग

समृद्धि न्यूज

▸ सीएम को पत्र लिखकर गाजीपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मऊ व शाहजहांपुर के नाम बदलने की मांग

**लखनऊ।** यूपी में शाहजहांपुर स्थित जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी कर दिया गया है। इन सबके बीच 5 और जिलों के नाम बदलने की मांग की गई है। गाजीपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मऊ और शाहजहांपुर के नाम बदलने की मांग की गई।

गाजीपुर के लिए बीजेपी विधायक केतकी सिंह, अलीगढ़ के लिए खुद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और शाहजहांपुर के लिए मध्य प्रदेश की पूर्व सीएम उमा भारती ने मांग की है। बीजेपी विधायक केतकी सिंह ने मख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर जिले का नाम बदलने की मांग की है। उन्होंने कहा, गाजीपुर का इतिहास महर्षि गौतम के आसपास का है, इसलिए उसका नाम बदला जाए। अलीगढ़ के लिए खुद डिप्टी सीएम ने मांग रखी। पूर्व सीएम और राजस्थान के राज्यपाल रहे कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ हो।

## खबरें एक नजर में

### ज्ञानदान पूर्वजों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि : उमानन्द शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''अर्णव आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड सीएनएस हॉस्पीटल, सतरिख, बाराबंकी, उ0प्र0'' के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 446वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्ता सरोज श्रीवास्तव ने अपने परिवार के उज्ज्वल भविष्य के लिए भेंट किया तथा उपस्थित संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर गायत्री परिवार की डॉ0 नीलम गुप्ता एवं सरोज श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन संस्थान के वाइस प्रिंसिपल डॉ0 प्रभुनाथ दास के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, डॉ0 नीलम गुप्ता, सरोज श्रीवास्तव एवं संस्थान की चेयरमैन डॉ0 प्रतिभा सचान, वाइस प्रिंसिपल डॉ0 प्रभुनाथ दास और असोसिएट प्रोफेसर अरविन्द त्रिपाठी एवं डॉ0 मैथिव जोसेफ सहित संस्थान के चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

### राजधानी के कई इलाकों में बारिश, हवाओं के साथ बूंदाबांदी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में बारिश हो रही है। कृष्णानगर, सरोजनी नगर, जानकीपुरम और चौक में तेज बरसात हो रही है। वहीं, गोमती नगर में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी चालू है। काले बादल छाए हैं। वह से मौसम साफथा। तेज धूप निकली थी। मौसम विभाग ने मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले 26 अगस्त तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। रविवार को सुबह दिन का अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहेगा। धूप-छांव की स्थिति भी बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मॉनसून फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नम हवाओं के कारण 25 अगस्त तक प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। कुछ जगहों पर भारी बारिश की भी संभावना है।

### मेधावी व जरूरतमंद छात्रों को मिली निशुल्क शैक्षणिक सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मैत्री महिला क्लब साउथ सिटी ने एक सराहनीय पहल की है। क्लब ने रामभरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज के छात्रों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की। यह कार्यक्रम रविवार को साउथ सिटी स्थित अतर सिंह के आवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को बैग, किताबें, कॉपियां और अन्य लेखन सामग्री दी गई। क्लब की प्रमुख डॉ. अनीता सोनी ने छात्रों को विशेष प्रोत्साहन दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत से पढ़ाई करने वाले छात्रों को क्लब हमेशा सहयोग करेगा। महेंद्र कुमार राम के माध्यम से यह सहायता जारी रहेगी। क्लब ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। हर कक्षा में प्रथम आने वाले छात्र को सम्मानित किया जाएगा।

### सेना में तैनात जवान की पत्नी को धमकी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में एक सैनिक की पत्नी के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रुद्र डायमंड सिटी कॉलोनी की रहने वाली अर्चना देवी ने कृष्णा ट्रेडर्स से मोरंग खरीदी थी। उन्होंने 21 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे 2 हजार रुपए में मोरंग का सौदा किया था। व्यापारी मोहित और उसके ड्राइवर ने एक ट्रॉली मोरंग गिराने के बाद बाकी माल देने से मना कर दिया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने वॉट्सऐप और फोन कॉल पर उन्हें गालियां दीं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। अर्चना देवी के पति सेना में कार्यरत हैं और वह बच्चों के साथ अकेली रहती हैं। आरोपियों ने उन्हें धमकी दी कि वे उनका मकान नहीं बनने देंगे। यह भी कहा कि पुलिस उनकी जेब में है। इतना ही नहीं, उन्हें फर्जी एससी-एसटी एक्ट के मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। इस घटना के बाद से पीड़िता का भवन निर्माण कार्य रुक गया है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। बिजनौर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है।

### आयकर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में एडवांस टैक्स एवं फर्जी डिडक्शन विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि उपायुक्त आयकर, सर्किल 3 लखनऊ अरविन्द चौहान और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ राहुल यादव के निर्देशन में इस कार्यशाला में 200 से अधिक रेल कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री चौहान ने अपने व्याख्यान में एडवांस टैक्स एवं फर्जी डिडक्शन संबंधी बेहतर अनुपालन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कई करदाता धोखाधड़ी से धारा 80जीजीसी के तहत कटौती का दावा करते हैं। आयकर विभाग ने प्रामाणिक डेटा विश्लेषण के आधार पर ऐसी धोखाधड़ीपूर्ण कटौतियों की पहचान की है और आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कार्रवाई शुरू की है। रिटर्न की गहन जांच के साथ, गलत कटौतियों पर ब्याज सहित कर निर्धारण, 60 प्रतिशत तक जुर्माना और धारा 276 के तहत अभियोजन की कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने सलाह दी कि रिटर्न दाखिल करने से पहले दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित करें और आयकर सलाहकार से परामर्श लें। राहुल यादव ने अपने संबोधन में आयकर नियमों के पालन और सटीक रिटर्न दाखिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला कर्मियों को आयकर नियमों की जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण साबित होगी, जिससे वे अनुपालक बन सकेंगे।

### लोकतंत्र को बार-बार चुनाव और राजनैतिक अस्थिरता की बेड़ियों से मुक्त कराने की जरूरत : धर्मपाल

# बीजेपी ने बनाई एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान को लेकर योजना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान को उत्तर प्रदेश में गति प्रदान करने के लिए आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों के संदर्भ में व्यापक विचार करते हुए योजना रचना बनाई गई। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान समिति के प्रदेश के सहसंयोजक व सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता व प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में आगामी दिनों में प्रदेश में छात्रों व युवाओं को एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के साथ जोड़ते हुए विभिन्न कार्यक्रम एवं अभियानों की योजना बनाई गई।

विश्विद्यालयों, महाविद्यालयों, इंजीनिरिंग कॉलेजों सहित अन्य महाविद्यालयों मे एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में छात्रों युवाओं के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च, बार-बार होने वाले चुनाव और राजनैतिक अस्थिरता की बेड़ियों से मुक्त किया जाए। इसके लिए राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ एक राष्ट्र-एक चुनाव आवश्यक है। आर्थिक नीतियों में निरन्तरता, व्यापार और रोजगार को गति देने के लिए एक देश-एक चुनाव समय की मांग है। एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए लोकमत तैयार करना है ताकि भारत को वैभवशाली और विकसित राष्ट्र बनाने की इस मुहिम मे जनता की सक्रिय भागीदारी हो।

### एक राष्ट्र एक चुनाव से सरकारी धन की बचत के साथ देश के विकास को गति मिलेगी गति

इसके लिए विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी सहित सभी शिक्षण संस्थानों, खेल के मैदानों में पहुंचकर हमें युवाओं को जोड़ना है और एक राष्ट्र-एक चुनाव के विषय को लोकव्यापी बनाना है। युवाओं से संवाद के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की गई है। आप सभी अभियान की प्रदेश टोली के सदस्यों पर अभियान की सफलता की जिम्मेदारी है और आप सभी इस बड़ी जिम्मेदारी को निभाने में पूरी तरह सक्षम है। धर्मपाल सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का मतलब देश के लोकसभा के चुनाव और सभी राज्यों के विधानसभा के चुनाव एक साथ हो। इससे न सिर्फ इलेक्शन पर खर्च होने वाले सरकारी धन की बचत होगी बल्कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश के विकास को गति मिलेगी। देश में किसी भी आंदोलन और अभियान को गति देने में छात्रों और युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ऐसे में उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण एक राष्ट्र-एक चुनाव के अभियान में हमारी भूमिका भी बढ़ जाती है। एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान की प्रदेश समिति के सहसंयोजक एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में अब तक संपन्न हुए कार्यक्रमों के बारे में बैठक में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि अभी तक उत्तर प्रदेश में जो भी अभियान और कार्यक्रम एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में आयोजित किए गए हैं उन्हें समाज के हर वर्ग के लोगों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है। उन्होंने अभियान से जुड़े लोगों का आह्वान किया कि वे एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर तय योजना अनुसार समाज के विभिन्न वर्गों में जाकर इस बात को बताएं की एक राष्ट्र एक चुनाव देश हित में कितना महत्वपूर्ण है।

## शिक्षक भर्ती का मामला अभ्यर्थियों ने घेरा डिप्टी सीएम का आवास

**लखनऊ।** 69 हजार शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थी केशव चाचा न्याय करो का नारा लगाकर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने सभी को बस से धरना स्थल इको गार्डेन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि हाई कोर्ट का जो फैसला आया था सरकार ने उसे जानबूझ कर लटका दिया, जिससे यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में चला गया। सरकार के पास पर्याप्त समय था, वह हाईकोर्ट डबल बेंच के फैसले का पालन करके सबके साथ न्याय कर सकती थी। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल के मुताबिक 2018 में भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन शातिर चोरों को पुलिस ने पकड़ा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज पुलिस और सर्विलांस टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 चोरी की बाइक बरामद की हैं। डीसीपी निपुण अग्रवाल के मार्गदर्शन और एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि शनिवार रात मोहनलालगंज पुलिस टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तीन संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर तीनों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम अभिषेक रावत उर्फभोंदू गुर्जर निवासी हाथी का पुरवा मजरा मेरा कबूलपुर थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी, आरजू खान निवासी मामापुर थाना देवा जनपद बाराबंकी हालपता 65 डूडा कॉलोनी हरिदासी खेड़ा कंचनपुर मटियारी थाना चिनहट और इश्तियाक पुत्र मोहम्मद हफीज ग्राम जम्मीकला थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर व हालपता संतपुरम थाना इंदिरानगर बताया। आरोपी अभिषेक पर सुशांत गोल्फ सिटी में एक, थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी में आठ और मोहन लाल गंज में एक मुकदमा दर्ज हैं।

## घर के अंदर मिले मां व बेटे के शव

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के रविंद्रपल्ली इलाके में शनिवार की रात घर के अंदर मां-बेटे अचेत अवस्था मिले। मोहल्ले वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रविंद्रपल्ली निवासी असीम चक्रवर्ती (65) अपनी मां बेला चक्रवर्ती (90) के साथ रहते थे। शनिवार को पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी कि असीम अपने घर के सामने गेट के पास अचेत अवस्था में लेटे मिले। सूचना गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाई और स्थानीय लोगों की मदद से घर के अंदर गई। घर के अंदर असीम चक्रवर्ती की मां बेला चक्रवर्ती (90) भी सोफे पर बेहोश पड़ी मिलीं।

# अग्निवीर भर्ती रैली आठ सितंबर तक मुजफ्फरनगर में

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन 24 अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए बिजनौर एवं बागपत जिलों के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की गई, जिसमें 896 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस दौरान मेजर जनरल मनोज तिवारी, क्षेत्रीय भर्ती अधिकारी, मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) ने चौधरी चरण सिंह, मुजफ्फरनगर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का दौरा किया और उसका निरीक्षण किया।

उन्होंने दिन की पहली दौड़ को हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत की। उन्होंने रैली में भाग लेने वाले अभ्थ्यिर्यों को प्रेरित किया और उन्हें उच्च स्तरिय प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। एआरओ मेरठ द्वारा स्थानीय सैन्य प्राधिकरण के साथ-साथ नागरिक प्रशासन की सक्रिय सहायता से विस्तृत और सुविचारित व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों को सुगम प्रक्रिया और प्रशानिक व्यवस्था द्वारा सुविधा प्रदान करने पर जोर देने के कारण रैली उत्साहजनक रहीढ्ढ रैली में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों ने अनुशासन और इमानदारी के उच्च स्तर को दिखाया जो अग्निवीर योजना मे उनके विश्वास का प्रमाण है। अभ्यर्थियों को सुचित किया जाता है की भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है, जिसमें पर्याप्त जांच और संतुलन है। धोखाधड़ी या धोखाधड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। अभ्यर्थियों को हमारी सलाह है कि वे दलालों या एजेंटों से बचें। यदि कोई ऐसा व्यक्ति आपसे संपर्क करता है तो मामले की सूचना तुरंत हमें दें। भर्ती संगठन में हमारा आदर्श वाक्य हमेशा एक पूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ का चयन करना रहा है।

# चौपालों से हो रहा ग्रामीण समस्याओं का समाधान

▸ अब तक लगीं एक लाख 57 हजार से अधिक ग्राम चौपाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,गांव की समस्या -गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।

डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1298 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3507 प्रकरणों का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3328 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5751 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 62 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि 2.5 साल से ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।1 लाख 57 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है।

## सब-डीलरशिप के नाम पर पुणे की कंपनी ने व्यवसायी से ठगे 14 लाख रुपए

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र में एक व्यवसायी के साथ शराब की सब-डीलरशिप के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सेक्टर एम के रहने वाले रतीश कुमार सचदेवा ने पुणे स्थित एम्बीशनविन बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कंपनी के निदेशक विश्वनाथ विश्वकर्मा, अश्वनी कुमार और सुरेंद्र कुमार ने लखनऊ में सब-डीलरशिप देने का वादा किया था। मैनेजिंग डायरेक्टर ब्रशांक तिवारी ने 25 लाख रुपए निवेश की मांग की। उन्होंने दावा किया कि कंपनी पूरे भारत के सभी जिलों में डीलरशिप दे रही है। रतीश ने विभिन्न तिथियों में कुल 14 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए कंपनी के खाते में जमा किए। कंपनी ने ईमेल से भुगतान की रसीद भी भेजी।

# मेडिकल साइंस में एआई का बेहतर उपयोग कर सकते हैं चिकित्सक : डिप्टी सीएम

समृद्धि न्यूज

▸ ब्रजेश पाठक ने किया दिशा हेल्थ एआई का किया शुभारम्भ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को लखनऊ के एक होटल में दिशा डायग्नोस्टिक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिशा हेल्थ एआई का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानव जीवन को स्वस्थ रखने के लिए हेल्थ सेक्टर जितना मजबूत होगा उतना ही हम सबको फायदा मिल पायेगा। हमारे चिकित्सक मेडिकल साइंस में एआई का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। हम सब दुनिया के साथ कंधा से कंधा मिलकर इस विधा का उपयोग करते हुए मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए कार्य करेंगे। एआई मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं ले सकता। इसलिए एआई का उपयोग करते समय चिकित्सकों को अपना दिमाग भी लगाना होगा। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत कुछ बदलाव हो रहा है। उसमें निजी क्षेत्र की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। दिशा हेल्थ एआई के निदेशक डॉ अमित शर्मा ने बताया कि यह भारत का पहला डाक्टर नेतृत्व वाला एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निवारक स्वास्थ्य परीक्षण माडल है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश की जनता को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है ताकि समय रहते रोगों की पहचान हो सके। चिकित्सक की सलाह मिले और हर नागरिक के जीवन को अधिक स्वस्थ बनाया जा सके।

# जानकीपुरम में डायरिया मामले में प्रशासन अलर्ट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** जानकीपुरम सेक्टर-7 विस्तार क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से डायरिया के मरीज सामने आ रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्वास्थ्य एवं नगर निगम की टीमों के साथ मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ), अपर जिलाधिकारी (एडीएम) फाइनेंस, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम जलकल कुलदीप सिंह समेत नगर निगम की पूरी सफाई टीम भी मौजूद रही।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने पाइपलाइन की गहन जांच कराई ताकि कहीं से भी लीकेज या दूषित जल की आपूर्ति न हो। पेयजल की शुद्धता बनाए रखने के लिए हर घर तक क्लोरीन की टैबलेट पहुंचाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराते हुए नालियों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता नागरिकों का स्वास्थ्य है। इसीलिए डायरिया जैसे मौसमी रोगों पर रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाए और यदि किसी को डायरिया या अन्य संक्रमण की शिकायत हो तो तुरंत चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जाए।निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि जलकल विभाग की टीमें पाइपलाइन में किसी प्रकार की खराबी को तुरंत दुरुस्त करें। साथ ही सफाई कर्मचारियों को प्रतिदिन क्षेत्र में नालियों की साफ-सफाई करने और ब्लीचिंग पाउडर डालने का आदेश दिया गया। नगर निगम की ओर से क्षेत्रीय लोगों से अपील की गई है कि वे उबालकर पानी पीएं और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।अधिकारियों का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समापन

### महिला प्रधानों के लिए मास्टर ट्रेनरों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# पंचायती राज मंत्रालय की पहल पर महिला प्रधानों के लिए प्रशिक्षक तैयार

▸ सशक्त महिला नेत्री अभियान, गोरखपुर व चित्रकूट मंडलों में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** महिला सशक्तिकरण एवं ग्राम स्तर पर प्रभावी नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सशक्त महिला नेत्री अभियान अंतर्गत गोरखपुर एवं चित्रकूट मंडलों में महिला प्रधानों हेतु प्रशिक्षकों का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ऐसे मास्टर ट्रेनर तैयार करना है, जो ग्राम पंचायतों में कार्यरत महिला प्रधानों को उनके दायित्वों, अधिकारों तथा प्रशासनिक दक्षताओं के संदर्भ में प्रशिक्षित कर सकें।

प्रशिक्षण में सहभागिता करने वाले मास्टर ट्रेनरों को विशेष रूप से खेल विधि एवं सहभागितामूलक प्रशिक्षण तकनीकों के माध्यम से शिक्षित किया गया, जिससे वे प्रशिक्षण के दौरान विषयवस्तु को प्रभावी एवं सरल तरीके से महिला प्रधानों तक पहुँचा सकें। यह प्रशिक्षण महिला प्रतिनिधियों के भीतर नेतृत्व विकास, आत्मविश्वास, संवाद कौशल तथा स्थानीय शासन की समझ को प्रबल बनाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। खेलों, समूह चर्चाओं, समस्या-समाधान गतिविधियों एवं रीयल केस स्टडीज के माध्यम से प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत प्रबंधन, योजना निर्माण, बजट उपयोग, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं महिला अधिकारों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए न केवल विषयवस्तु को ग्रहण किया, बल्कि अपने क्षेत्रीय अनुभवों को साझा कर प्रशिक्षण को अधिक समृद्ध एवं व्यावहारिक बनाया। इन प्रशिक्षकों की भूमिका आगामी दिनों में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि यही मास्टर ट्रेनर अपने-अपने जिलों में महिला प्रधानों को प्रशिक्षित कर उन्हें एक प्रभावी, जागरूक एवं उत्तरदायी नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करेंगे।

सशक्त महिला नेत्री अभियान भारत सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य महिला पंचायत प्रतिनिधियों को केवल नाममात्र की नेता नहीं बल्कि वास्तविक रूप में निर्णय लेने वाली, सशक्त और जागरूक ग्राम स्तर की नीति निर्धारक के रूप में स्थापित करना है।

इस कार्यक्रम से यह अपेक्षा की जा रही है कि पंचायतों में महिला भागीदारी मात्र सांकेतिक न रहकर, वास्तविक परिवर्तन की वाहक बनेगी।इस अवसर पर संबंधित मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों एवं पंचायत राज विभाग की प्रमुख महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन पूर्णतः व्यवस्थित एवं उद्देश्यपरक ढंग से किया गया, जिससे प्रतिभागियों को एक गुणवत्तापूर्ण सीखने का वातावरण प्राप्त हुआ।

## जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल ने दिए निर्देश

# कजरीतीज पर्व को सकुशल ढंग से संपन्न कराएं अफसर

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** रविवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा कजरी तीज पर्व को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु ड्यूटी पर लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में ब्रीफिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष कजरी तीज का पर्व जनपद गोण्डा में दिनांक 25/26.08.2025 को मनाया जायेगा। इस पर्व के अवसर पर जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा अन्य सीमावर्ती जनपदों बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती एवं अयोध्या के दूरस्थ क्षेत्रों से अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु कांवरियों के रूप में सरयू घाट से स्नान कर जल लेकर लखनऊ-गोण्डा मार्ग से होते हुए थाना क्षेत्र कर्नलगंज के बरखण्डी नाथ मंदिर, थाना खरगूपुर क्षेत्रान्तर्गत पृथ्वीनाथ मंदिर तथा को0 नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित दुःखहरण नाथ मंदिर आदि पर जलाभिषेक करेंगे। इस पर्व की संवेदनशीलता एवं कॉवरियों की काफी संख्या में भीड़ को देखते हुए जनपद के प्रमुख स्थानों पर पुलिस प्रबन्ध किए गए है। महोदय द्वारा बताया गया कि सभी जोनल/सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर ड्यूटी में लगाये गये पुलिस बल की समीक्षा कर उनकी स्वविवेक से समुचित स्थानों पर आवश्यक ड्यूटी लगाकर उनके कर्तव्यों के बारे में भली-भांति ब्रीफ करते हुए कजरीतीज पर्व को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त पर्व के अवसर पर ड्यूटी पर लगे सभी प्र0नि0/निरीक्षक/थानाध्यक्ष सम्बन्धित जोनल पुलिस अधिकारी/सेक्टर पुलिस अधिकारी के दिशा-निर्देशों में कार्य करेंगे साथ ही अपने-अपने अभिषिक्ट क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनायें रखना सुनिश्चित करेंगे। ड्यूटी पर लगे सभी प्र0नि0/थानाध्यक्ष पर्याप्त संख्या में हमराह कर्मियों सहित रस्सा, लाउडहेलर, एण्टीराइट गन आदि के साथ ही ड्यूटी में रवाना होंगे। महोदय द्वारा आर0आई0 रेडियो को निर्देशित किया गया कि सूचनाओं के त्वरित अदान प्रदान हेतु समस्त वायरलेस सेटों को चेक कर लेंगे तथा बैट्री आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। समस्त सीसीटीवी कण्ट्रोल रूम प्रभारी मंदिर के अन्दर व परिसर की गतिविधियों पर एक साथ सतर्क दृष्टि बनायें रखेंगे। महोदय द्वारा स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों को और अधिक सक्रिय रहकर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सूचनाओं की जानकारी करने तथा सोशल मीडिया सेल को विभिन्न प्लेटफार्मो फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक सूचना प्रसारित होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए तत्काल उसका प्रभावी खण्डन करवाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि कजरी तीज पर्व में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है जिसका फायदा उठाकर कोई अवांछनीय तत्व चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को कारित करते है ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु एण्टीरोमीयों टीम सादे वर्दी मे भ्रमणशील रहकर अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखेंगी। प्रत्येक जगह पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी व संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों की मदद से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जायें। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कजरी तीज पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक पुलिस प्रबन्ध किए गए है जिसमें महोदय द्वारा जनपद प्रयागराज से पहली बार फ्लोटिंग बैरियर को मंगवाकर सरयूघाट पर लगवाया गया है तथा सम्पूर्ण पुलिस प्रबन्ध में जनपदीय व गैरजनपदीय 03 अपर पुलिस अधीक्षक, 16 पुलिस उपाधीक्षक, 30 प्र0नि0/थानाध्यक्ष/निरीक्षक सहित पर्याप्त संख्या में पुरूष/महिला आरक्षियों की ड्यूटी लगायी गयी है।

## जमीन दिलाने के नाम पर हड़पा 6 लाख 80 हजार, दो पर धोखाधड़ी का केस

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** गोंडा गिर्द ग्रामीण क्षेत्र में 20 बिस्वा जमीन दिलाने के नाम पर 6लाख 80 हजार रुपए हड़प लिए गए। आई जी के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ में नगर कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा लिखाया गया है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के तुर्का डीहा निवासी अनिल कुमार मिश्रा पुत्र राम बदल ने आई जी के यहां शिकायत किए कि उस को गोंडा गिर्द में, 20 बिस्वा जमीन दिलाने के लिए नाजिम खा परवेज आलम उर्फ मुन्ना ने विष्णु प्रताप से जून 2024 में बात चीत कराई थी। जिस में 21 जून 2024 को मूल खातेदार राम गोपाल वर्मा निवासी लोदिया घाटा कोतवाली देहात के खाते में चार लाख रुपए और विष्णु प्रताप के खाते में, एक लाख रूपए भेज दिए। इस बीच तबियत खराब हो गई जिस से संपर्क नहीं हो पाया। तबियत ठीक होने पर नाजिम और परवेज आलम उर्फ मुन्ना से मिला और जमीन दिलाने की बात कहने लगा। इस पर उन लोगों ने विष्णु प्रताप से मोबाइल पर बात चीत किए। 13 जुलाई 2024 को विष्णु प्रताप से मुलाकात कराया और एक लाख 80 हजार रुपए खाते में आर टी जी एस कर दिया। बाद में उस जमीन पर मैं अपने एक रिश्तेदार के साथ गया। वहां के लोगों ने बताया कि जमीन विवादित है। इस का मुकदमा चल रहा है। उस जमीन को पूजा पांडेय पत्नी जितेंद्र पांडेय निवासी बेच दिया। मुझे जानकारी हुई तो नगर कोतवाली में तहरीर दिया। कोतवाली में 12 दिसंबर को पैसा दिलाने की बात कही गई थी। लेकिन समय बीत गया पैसा नहीं दिया गया। मुझे फर्जी दो लाख रुपए का चेक दिया गया। आई जी के आदेश पर विष्णु प्रताप दुबे राम गोपाल वर्मा के खिलाफ में धोखाधड़ी का मुकदमा लिखाया गया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि आई जी के आदेश पर मुकदमा लिखा गया है।

## खबरें एक नजर में

### बच्चों ने प्रस्तुत की एफ.आर. मेमोरियल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी



**(निन्दूरा) करनैलगंज, /गोण्डा,समृद्धि न्यूज।** रविवार को निन्दूरा के एफ आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से पांचवी कक्षा तक के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी प्रस्तुत किया। छात्रों ने विज्ञान सम्बन्धी डिजाइन को बना करके सबको आकर्षित किया। इस मौके पर अतिथि के रूप में रमज़ान अली एडवोकेट, आर डी सिंह, परम वीर सिंह सरदार जी, व हाफिज मो. आमिर ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस मौके पर रमज़ान अली एडवोकेट ने कहा कि इतने कम समय में बच्चों ने इंग्लिश के साथ प्रदर्शनी का डेफिनिशन बताया जो काबिले तारीफ है। वहीं आरडी सिंह ने शिक्षकों व बच्चों की सराहनीय कार्य को देखकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रिन्सिपल अकरम खान,साकरुन निशा,परवेज खान, नूरफातिमा,साहिबा मलिक, खुशनुमा अलफिया खुशनुमा सिददीकी कमर अहमद डॉ वहीद सहित अन्य मौजूद रहे।

### छात्रा के अपहरण में पुलिस ने दो को भेजा जेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक विद्यालय के गेट के पास से एक हाई स्कूल की छात्रा को तीन युवकों ने अपहरण करने का प्रयास किया। जिस को स्थानीय लोगों ने परसपुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी सूरज सिंह, मुकेश सिंह को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। हल्का दरोगा राहुल मौर्या ने दोनों युवकों को पकड़ कर जेल भेज दिया है। तीसरे युवक विकास सिंह की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। एक विद्यालय की कक्षा दस की छात्रा पढ़ने गई थी। जिस को मोबाइल पर फोन कर के गेट के पास बुलाया गया था। छात्रा जैसे ही गेट के पास आई उस को बाइक सवार तीन युवक जबरन बैठाने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर स्थानीय लोग विद्यालय के अध्यापक आ गए थे।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** महसी क्षेत्र में शनिवार की देर रात संदिग्ध ड्रोन की गतिविधियों से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। रमपुरवा चौकी, रमपुरवा ग्राम, बेसनपुरवा, सिकटिहा, एरिया और सिसैया चूणामणि ग्राम में रात 11 बजे से 1 बजे के बीच ड्रोन उड़ता देखा गया। शुरुआत में ग्रामीणों को लगा कि यह कोई खिलौना या टॉर्च की रोशनी है। लेकिन जब ड्रोन अलग-अलग गांवों में पहुंचा, तो लोगों में डर का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय विधायक सुरेश्वर सिंह को दी। विधायक ने मौके पर पहुंचकर वीडियो और फोटो एकत्र किए। उन्होंने डीजीपी से फोन पर बात की और पूरी स्थिति से अवगत कराया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि घबराने की कोई बात नहीं है। ग्रामीणों ने ड्रोन का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने पुलिस को भी इसकी जानकारी दी। स्थानीय लोगों को आशंका है कि कहीं कोई खुफिया गतिविधि तो नहीं चल रही। हरदी थाना प्रभारी आलोक सिंह ने ड्रोन उड़ान की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने रात के समय गांवों में गश्त भी की। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी स्थानीय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि ड्रोन किसका था और इसे किस उद्देश्य से उड़ाया जा रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### शहर के थोक सब्जी मंडी के पास हुआ हादसा



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** दरगाह थाना क्षेत्र में स्थित थोक सब्जी मंडी के सामने रविवार सुबह एक दुर्घटना हुई। सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन किसी ने भी मृतक की पहचान नहीं की। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष आंकी गई है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए जिला अस्पताल की मर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गायत्री परिवार करेगा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** अखण्ड ज्योति एवं परम वन्दनीया माताजी के दिव्य अवतरण के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री परिवार द्वारा 2026 के शताब्दी वर्ष आयोजन की दृष्टि से 'ज्योति कलश यात्रा' का आयोजित कर रहा है। जिसमे एक दीप से दूसरा दीप जलाना और तब तक जलाना जब तक कि संपूर्ण विश्व दीपमय न हो जाए। यह बातें गायत्री ज्ञान मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान गायत्री शक्तिपीठ की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी पुष्प त्रिपाठी ने मीडियाकर्मियों से कही।

उन्होंने बताया कि सन 1926 केवल एक वर्ष नहीं, अपितु एक दिव्य अवतरण का वर्ष रहा है। जब युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा अखंड ज्योति द्वारा प्राकट्य व एवं वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा का अवतरण हुआ। वर्ष 2026 में इन दिव्य सत्ताओं के आगमन का शताब्दी वर्ष पूर्ण हो रही है। यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक आवाहन, एक अवसर है, जिसमें उनके उद्देश्यों के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना व उनकी युग निर्माण योजना को सक्रिय करना और शताब्दी वर्ष को एक वैचारिक पर्व के रूप में मनाना है। जिसमें ज्योति कलश यात्रा इस शताब्दी वर्ष की आध्यात्मिक तैयारी है।

ताकि हर साधक इसे जीवन का पुनर्निर्माण करने का अवसर बना सके। इसके तहत जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट गोंडा के नेतृत्व में दिनांक 25 अगस्त 2025 से 09 सितंबर 2025 तक जनपद के सभी ब्लॉकों व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जन जागरण हेतु स्वागत और दीप महायज्ञ के कार्यक्रम सुनिश्चित किए गए हैं। इस हेतु सभी कार्यकर्ता प्राणप्रण से नवयुग निर्माण हेतु आ रही ज्योति कलश यात्रा की जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए संकल्पित हैं।

उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल प्रतीक नहीं है, बल्कि यह संवेदनशील साधकों का संकल्प है, जो अपने जीवन को एक चलती-फिरती अखण्ड ज्योति बना देना चाहते हैं। यह यात्रा मनुष्यता को जगाने की, हृदयों को संवेदन शील बनाने की और जीवन को तपोमय दिशा में मोड़ने की एक सशक्त पहल है। गायत्री शक्तिपीठ की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी पुष्प त्रिपाठी ने बताया कि जिला समन्वयक ठाकुर प्रसाद तिवारी और व्यवस्थापक रामतेज मिश्रा, भूपेंद्र प्रकाश आर्य, अनूप श्रीवास्तव, विनोद शर्मा, पंकज तिवारी आदि निरंतर कार्यकर्ताओं के बीच गोष्ठियों के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति में लगे हुए हैं।

## ईटा भवन में आयोजित हुआ ईट निर्माता कल्याण समिति का वार्षिक अधिवेशन

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले मे ईट निर्माता कल्याण समिति का वार्षिक अधिवेशन समिति कार्यालय ईटा भवन पर समिति के अध्यक्ष चंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति का संचालन समिति के महामंत्री मोहम्मद अब्दुल्ला ने किया।

समिति के महामंत्री मोहम्मद अब्दुल्ला ने बैठक को संबोधित करते हुए जैसे श्रम विभाग, परिवहन विभाग, खनन विभाग आदि अन्य विषयों पर व्यापक चर्चा की। फुंकाई कार्य सीजन वर्ष 2025 - 26 पर चर्चा हुई की फुंकाई का कार्य 1 फरवरी 2026 के उपरांत न किया जाए जिस पर सभी ने इस पर अपनी सहमति जताई। समिति के महामंत्री मोहम्मद अब्दुल्ला ने कहा कि ईट ढुलाई करने के लिए ट्रैक्टर ट्राली की पूरे दिन में नो एंट्री लगाया जाना अत्यंत खेद पूर्ण है यह कहीं से भी तर्क संगत नहीं है। पूरे दिन की नो एंट्री को लेकर सदन में बड़ा रोष रहा है। क्योंकि बहराइच से लखनऊ रोड पर जाने के लिए जैसे कैसरगंज, फखरपुर, महसी आदि जगह जाने के लिए मात्र एक ही रास्ता है जो पुलिस लाइन होते हुए डिग्री कॉलेज लखनऊ रोड पर निकलता है। कोई बाईपास न होने के कारण ईट बिक्री पूरी तरह ठप हो गया है। ईट मिट्टी खनन को लेकर चर्चा हुई जिसमें पुलिसकर्मी व तहसील कर्मी द्वारा उत्पीड़न किया जाता है। अंत में समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह ने सभी लोगों से एकजुटता पर बल दिया।

बैठक में सीमित के कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार सत्या सीमित के ऑडिटर श्याम नारायण रस्तोगी सदस्य नूर आलम, आनंद सत्या, लोकेश तोलानी, मयंक गोयल, वसीम शेरवानी, कमला प्रसाद अवस्थी, शकील अहमद, बाबू, कुवैत खां, अमजद, मोइनुद्दीन, मोहम्मद इस्माइल खान व लालता प्रसाद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान हादसे का सामने आया विडियो, 11 लोग हुए थे घायल

**बहराइच।** नवाबगंज में जन्माष्टमी के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ। ग्राम निम्हिहारा में स्टील के पाइप में लगे धार्मिक झंडे का तार हाइटेंशन लाइन से छू गया। इस हादसे का एक वीडियो रविवार को सामने आया। वीडियो में दिख रहा है कि एक लड़का झंडा पकड़े हुए है। अचानक उसमें करंट उतरता है। इसके बाद ट्राली पर सवार अन्य लोग भागते नजर आते हैं। हादसे में 11 लोग घायल हुए। इनमें विद्याराम (35 वर्ष), लक्ष्मी (50 वर्ष) और कई बच्चे शामिल हैं।

घायल बच्चों में संजना (8), राकेश (10), सुऐब (12), आकाश (8), सचिन (7), रक्तार (5), रचना (10), तहसीम (8) और एहसान (10) शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय प्रशासन की तत्परता से हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

## धूमधाम से मना श्री गुरु ग्रंथ साहब जी का प्रकाशोत्सव, चला अटूट लंगर

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आज सिखों के पवित्र ग्रंथ के पहले प्रकाश पर्व के निमित श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व बड़े प्यार और श्रद्धा से मनाया गया। जिसमें बहराइच, मटेरा, डीहवा, निहालसिंह पुरवा,गौरा,धनौली फखरपुर,पयागपुर से आयी संगत ने गुरुघर में माथा टेका। गुरुद्वारा अध्यक्ष सरदार मंदीप सिंह वालिया ने कहा गुरुग्रन्थ साहिब जी का प्रथम प्रकाश अमृतसर साहिब में पांचवे गुरु अर्जन देव के द्वारा हुआ।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में सिख गुरुओं का उपदेश ही नहीं, वरन 30 अन्य संतों और अलग धर्म के मुस्लिम भक्तों की वाणी भी सम्मिलित है। लखनऊ से आए रागी जत्था भाई सतबीर सिंह और हजूरी रागी फतेह सिंह ने शबद कीर्तन से साथ संगत को निहाल किया। विभिन्न गुरुद्वारा से आए गुरुद्वारा अध्यक्षों को गुरु घर का सम्मान सिरोपा भेंट किया गया। गुरुद्वारे के हेडग्रंथी ज्ञानी विक्रम सिंह ने सरबत के भले की अरदास की। उसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर चला।इस अवसर पर महामंत्री भूपेंद्र सिंह जगनंदन सिंह, जगजीत सिंह, देवेंद्र सिंह बेदी, जगनंदन सिंह, मास्टर सरजीत सिंह, कुलबीर सिंह, दशमिंदर सिंह, डॉ बलमीत कौर, रोशन सिंह वणजारा, बलजीत कौर, राजेंद्र कौर चरनजीत कौर, गुरजीत कौर समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राजेश मिश्रा ब्लॉक संरक्षक मनोनीत, शिक्षकों ने दी बधाई व शुभकामनाएं



**बहराइच।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री राजेश कुमार मिश्र को विकासखंड पयागपुर का ब्लॉक संरक्षक जिला कार्यकारिणी ने बनाया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पयागपुर का संरक्षक बनाए जाने पर विकास क्षेत्र के शिक्षकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी व जिला मीडिया प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव ने राजेश कुमार मिश्र को ब्लॉक संरक्षक बनाए जाने पर बधाई देते हुए ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार करने हेतु सुझाव दिया। पयागपुर विकास खण्ड का ब्लॉक संरक्षक बनाए जाने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रकेश यादव, ब्लॉक महामंत्री अनिल सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष उमाशंकर शुक्ल समेत तमाम शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## दो होमगार्ड जवान सेवानिवृत्त, नम आंखों से दी विदाई

**बहुत दुख होता है जब खाली हाथ रिटायर होकर घर जाना पड़ता है : शोभाराम**

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** उत्तर प्रदेश अवैतनिक अधिकारी एवं कर्मचारी होमगार्ड एसोसिएशन ने सेवानिवृत विदाई समारोह नम आंखों से किया। रिटायर होमगार्ड जवान उग्रभान सिंह, अशर्फीलाल को माला पहनाकर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और अंग वस्त्र टॉर्च छाता भेट किया। सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड जवान बहुत ईमानदारी के साथ ड्यूटी निभाया और 60 साल ईमानदारी के साथ सहकुशल रिटायर हुए। लेकिन शोभाराम चौरसिया जिला महामंत्री ने बताया बहुत दुख होता है जब खाली हाथ रिटायर होकर घर जाना पड़ता है।

सरकार चाहे राज्य की हो चाहे केंद्र की हो अनदेखी कर रही है। न पेंशन न पीएफ न आयुष्मान कार्ड न महिलाओं का मातृत्व अवकाश न कोई अवकाश होमगार्ड जवान को कैसे अपना जीवन व्यतीत करता है भगवान ही जानता है। ब्रह्मानंद वर्मा ने बताया रिटायर होकर होमगार्ड जब घर जाता है तो घर वाले और बच्चे पूछते हैं रिटायर हो गए हो तो कुछ मिला सरकार की तरफ से तब आंख में आंसू आ जाते हैं तब जवान कुछ बोल नहीं पता है। सरकार की बुराई करें की अच्छाई बात करें तब बहुत दुख होता है। उग्रभान सिंह ने बताया होमगार्ड विभाग एक है लेकिन सरकार दोहरी नीति क्यों कर रही है एक वैतनिक दूसरा अवैतनिक जिससे होमगार्ड जवान का शोषण होता है। होमगार्ड का गठन 1962 1963 में हुआ था तब सभी एक समान रूप से थे। स्वयंसेवक के रूप में फिर सरकार यह बताये किस एक्ट के तहत किस नियम के तहत कौन-कौन सन में एक्ट में संशोधन हुआ और स्वयंसेवक होमगार्ड जवान को छोड़ दिया गया विभाग में दो नियम कैसे लागू हुऐ किसके आदेश अनुसार पूछते हैं भारत के होमगार्ड जवान प्रमुख सचिव ने ईपीएफ काटने का आदेश किया था। किसके आदेश अनुसार रोका गया आयुष्मान कार्ड बनवाने का स्वयं मुख्यमंत्री ने कहा था लेकिन अभी तक नहीं बना है। होमगार्ड जवानों का आखिर क्यों नहीं बनाया जा रहा है किसके कहने पर जिम्मेदार कौन सरकार से निवेदन है संज्ञान में ले सारी सुविधा लागू करें। विदाई समारोह मंडल उपाध्यक्ष सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ।

इस मौके पर नगर सेकंड कंपनी प्रभारी हरिराम सोनी कंपनी कमांडर राजकुमार सिंह जिलाध्यक्ष हीरालाल भास्कर संगठन मंत्री अरविंद कुमार मिश्रा चितौरा कंपनी प्रभारी निर्मल कुमार जैन जिला उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद दुबे जिला महामंत्री शोभाराम चौरसिया कोषाध्यक्ष ब्रह्मानंद वर्मा, ओमकार वर्मा बीना शुक्ला, भोलानाथ शर्मा, उप संरक्षक सर्वेश पाठक मिडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव आदि होमगार्ड जवान मौजूद रहे।

## निजी दुकानों पर आठ सौ रुपये बोरी बिक रही यूरिया, हंगामा

समृद्धि न्यूज



**सूचना पर पहुंचे तहसीलदार व लेखपाल की मौजूदगी में निर्धारित मूल्य पर बेचा गया खाद**

**अन्य निजी दुकानों पर भी जमकर हो रही ओवर रेटिंग**

**बहराइच।** किसानों के साथ निजी दुकानदार मनमानी कर रहे हैं। किसानों को दुकान मालिक 800 रुपये बोरी यूरिया दे रहे हैं। विरोध करने पर दुकानदार के परिवार के लोग किसानों से विवाद कर रहे हैं। यह बानगी रविवार को उर्रा बाजार में देखने को मिला। किसान की शिकायत पर एसडीएम ने लेखपाल व तहसीलदार की मौजूदगी में खाद का वितरण करवाया। जिले में खाद की काफी किल्लत है।

कृषि विभाग की ओर से निजी दुकानदारों को 100 से 150 बोरी खाद किसानों को बिक्री करने के लिए भेजी जा रही है। उस पर निजी दुकान मालिक मनमानी पर उतारू हैं। मिहींपुरवा विकास खंड के उर्रा बाजार में अवधेश मौर्या खाद की दुकान का संचालन करते हैं। यहां पर गांव निवासी सुमिरन मौर्या खाद लेने के लिए पहुंचे तो 800 रुपये बोरी खाद मिली। इस पर किसान ने एसडीएम को फोन किया। इसके अलावा छह अन्य किसानों ने एसडीएम से प्रतिदिन ओवर रेटिंग कर खाद बेचे जाने की शिकायत की। मामले को गंभीरता लेते हुए एसडीएम प्रकाश सिंह ने बताया कि तहसीलदार मथुरा प्रसाद व लेखपाल अकील अहमद को गांव भेजा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने सरकारी मूल्य पर खाद वितिरत करवाया।

## ओवर रेटिंग की शिकायत पर चार दुकानों के लाइसेंस निलंबित

**बहराइच।** जिले में खाद की समस्या के बीच निजी दुकानदार ओवर रेटिंग कर रहे हैं। इसकी शिकायत मिलने पर जिला कृषि अधिकारी ने चार खाद के दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। सुधार न होने पर अन्य दुकान संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी है। कृषि विभाग की ओर से निजी दुकान संचालकों को 150 से 200 बोरी खाद वितरण के लिए भेजा जा रहा है। इसका लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। खाद पहुंचने पर निजी दुकान संचालक 500 से 800 रुपये में ओवर रेटिंग कर खाद की बिक्री कर रहे हैं। जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। शिकायत मिलने पर उन दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिला कृषि अधिकारी डा. सूबेदार यादव ने बताया कि मिहींपुरवा तहसील के राजापुर कला में स्थित फिरोज खांद भंडार, उर्रा बाजार के अवधेश मौर्या, रायबोझा में स्थित यादव खाद बीज भंडार व रामकेवल वर्मा की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

**आरोप** | पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने लगाया आरोप

# जीवन दीप अस्पताल में हो रहा महिला अंडाणुओं का कारोबार

**एक महिला ने बताया गया- एक हफ्ते तक किसी भी महिला को इंजेक्शन लगाकर उससे बनने वाले अंडाणु को निकालने के बाद 15000 रुपए मिलते हैं महिला को**

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** जिले के आवास विकास में स्थित जीवन दीप अस्पताल पर गैर कानूनी तरीके से महिलाओं के अंडाणुओं के कारोबार करने का आरोप पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने लगाया है।

उन्होंने ने कहा है कि जीवनदीप हॉस्पिटल में गैर कानूनी ढंग से महिला अंडाणु खरीदे जा ने के आरोपों में कार्यवाही की मांग है।महिलाओं के अंडाणुओं के बारे में बताते है कि भारत सहित कई समाजों में निसंतान होना एक कलं क माना जाता है, खासकर महिलाओं के लिए जिससे सामाजिक तनाव भेदभाव अलगाव औ र मनोवैज्ञानिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है.इस कलंक के कारण की संतान महि लाओ को अक्सर दोष, शर्म, और परिवार द्वारा प्रति त्याग जैसी भावनाओं का अनुभव होता है, ऐसे दंपति किसी भी तरह से बच्चा होने की उम्मीद से अस्पताल और डॉक्टर के पास चक्कर लगाना शुरू कर देते हैं। यहीं से शुरू होती है अस्पतालों के धंधे की देशभर में बच्चा पैदा करने का कारोबार अरबो रुपए का है।

आई वीएफ से लेकर सरोगेसी तक हर तकनीक से लोग माँ बाप बनने के लिए लाख रुपए खर्च करने के लिए तैयार रहते हैं।पुरुषों के शुक्राणु से लेकर महिलाओ के अंडाणु और कोख सब बजार में बिक रही है।पहले तो ऐ सुविधा बड़े शहरों तक ही सीमित थी।लेकिन अब पैसों के लालच में छोटे शहरों के अस्पताल भी इसका खूब फायदा उठा रहे हैं, गोंडा के जीवनदीप अस्पताल पर इसी कारोबार में शामिल होने का आरोप लगा है।

इस अस्पताल में महिलाओं के अंडाणुओं को दलालों के जरिए खरीदा जा रहा है.और इसकी कीमत रखी गई है बाजार में 15 हजार रूपये हालांकि बड़े शहरों में इसकी कीम त ज्यादा है.इस मामले में एक महिला का सोश ल मीडिया पर एक बयान भी जारी किया गया है।जिसे पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने शि कायत के साथ जारी किया है।महिला के द्वारा बताया जा रहा है कि गोंडा के जीवनदीप अस्प ताल में गुंजन भटनागर डोनेट वाले अंडे लोगो से लेती है और बनती है दस से बारह दिन तक इंजेक्शन लगाती हैं उसी के द्वारा तैयार हो जा ता है तब उसे निकलती है.फिर उसके बाद उस महिला को 15 हजार रुपए देती है।और इसकी जानकारी मुझे एक साल से है।

पेशेंट को सिर्फ 15 हजार रूपये मिलता है।महिला ने बताया कि लोगों के द्वारा सुनाई दे रहा है यह काम उन के यहां काफी दिन से चल रहा है इस मामले को आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने राष्ट्रीय सहायक प्रजनन तकनीकी बोर्ड नई दिल्ली को भेजी अपनी शिकायत में उन्होंने कहा है कि उन्हें गोंडा के जीवनदीप अस्पताल में दलालों के माध्यम से महिलाओं के अंडाणु खरीदे जाने से संबंधित वीडियो तथा ऑडियो रिकॉर्डिंग प्राप्त हुए हैं। इन वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग से प्रथम दृष्टया इस अस्पताल द्वारा पैसे देकर महिला अंडाणु खरीदे जाने के तथ्य प्रमाणित होते दिखते हैं। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि जीवन दीप अस्पताल का यह कार्य सहायक प्रजनन तकनीकी विनियमन अधिनियम 2021 की विभिन्न धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन दिखता है, क्योंकि कोई भी अस्पताल बिना पंजीकरण के और बिना समुचित प्रक्रिया के सहायक प्रजनन तकनीकी से संबंधित कार्य नहीं कर सकता है.

उन्होंने कहा कि इस अधिनियम का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 32,33 और 34 में गंभीर दंड का प्रावधान है किंतु इस अधिनिय म में कोई भी शिकायत मात्र राष्ट्रीय या राज्य प्रजनन तकनीकी बोर्ड द्वारा ही किया जा सक ता है।अतः उन्होंने राष्ट्रीय प्रजनन तकनीकी बो र्ड को इन तथ्यों की जांच कर नियमानुसार सी जेएम गोंडा के समक्ष शिकायत प्रस्तुत किए जा ने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



**सूची, सलोन रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची गांव निवासी विमल कुमार पुत्र दिनेश बाजपेई उम्र लगभग 45 वर्ष गांव के बाहर गोरखन मंदिर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे युवक की हालत गंभीर हो गई। जानकारी होने पर परिजनों ने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य के सलोन पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस में पंचनामा भरकर शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

### वानर सेना के जिला अध्यक्ष किए गए सम्मानित



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** महान स्वतंत्रता सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती के अवसर पर जिले के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के द्वारा वानर सेना के जिला अध्यक्ष का सम्मान किया गया। मंत्री जी ने वानर सेना के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ललकारे हो जिले से धीरज सिंह चौहान के द्वारा बहुत अच्छा कार्य कर रही है वानर सेना यह शब्द न सिर्फ हमारे हौसले को बढ़ाते हैं बल्कि हमारी टीम को और मजबूती से समाज व मानवता की सेवा में जुटने की प्रेरणा भी देते है वानर सेना की यह उपलब्धि हम सभी देवदूतों की सामूहिक ताकत और निस्वार्थ सेवा का परिणाम है। आइए, हम सब मिलकर इसी जोश और जज़्बे के साथ आगे भी हर जरूरतमंद की मदद करते रहें।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 383 मरीजों की जांच कर दी गई दवाइयां

**लहरपुर सीतापुर।** क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हर रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में 383 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। ज्ञातव्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्र के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन कर उन्हें दवाइयां दी गई। क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉक्टर अख्तर ने 79 मरीज, अकैचनपुर फरीदपुर मे डॉक्टर प्रज्ञा शरण आनंद ने 77 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरिया में डॉक्टर आदित्य ने 81 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढखेरा मे डॉ तलत जहाँ ने 77 मरीज और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरुल्लापुर मे फार्मासिस्ट अशोक के द्वारा 69 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गई, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरुल्लापुर में स्वास्थ्य केंद्र पर तीन माह से किसी भी डॉक्टर की नियुक्त न होने से फार्मासिस्ट के द्वारा इलाज किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने बताया कि, खैरुल्लापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की नियुक्ति के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। बरसात के मौसम के चलते सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर वायरल फीवर, खांसी जुकाम, त्वचा रोग के मरीज अधिक आ रहे हैं, स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित डॉक्टरों के द्वारा मरीजों को साफ सफाई व मच्छरों से बचाव के लिए जागरूक किया गया व स्वास्थ्य केंद पर आने वाले लोगों को पुरुष नसबंदी व परिवार कल्याण अपनाने के लिए जागरूक किया गया है।

### अवैध कब्जे को लेकर जमकर चले ईंट और पत्थर

**लहरपुर सीतापुर।** नगर में पुलिस क्षेत्राधिकारी व अग्निशमन विभाग कार्यालय के निकट भूमि पर बसे अनुसूचित जनजाति (कंजड़) और अग्निशमन कर्मियों के मध्य अवैध कब्जा करके लकड़ी रखने को लेकर हुआ विवाद जमकर चले ईंट पत्थर। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को अग्निशमन के प्रभारी सुरेंद्र कुमार अवस्थी समय 10-30 बजे दिन में सफाई कर्मियों के द्वारा सफाई कर रहे थे इस दौरान बाउंड्री वॉल तोड़कर के परिसर के अंदर अवैध कब्जा करके लकड़ी रखे हुए थे जिसको मना करने पर 25 से 30लोग एक साथ एक साथ महिलाओं सहित आकर के हम लोगों पर मौके पर जमा भारी संख्या में महिलाओं ने ईंटा पत्थर चलाना शुरु कर दिया, स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची भारी पुलिस फोर्स ने स्थिति को बिगड़ने से रोका और शान्ति व्यवस्था कायम की। वहीं दूसरी तरफ अनुसूचित जनजाति (कंजड़) बस्ती के लोगों ने बताया कि, उनका प्रार्थना पत्र नहीं लिया जा रहा है घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि, इस घटना में सुरेंद्र अवस्थी अग्निशमन प्रभारी के पैर में पत्थर लगने से घायल हो गए हैं उनकी तहरीर पर 25 से 30 लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### नाग-नागिन के जोड़े के काटने से चाची-भतीजी की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जायस के अंतर्गत मीरमऊ गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। देर रात घर के अंदर सो रही चाची और भतीजी को नाग-नागिन के जोड़े ने डस लिया। जानकारी मिलने पर परिजन आनन फानन में दोनों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। मृतकों में शकीला उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी आसिफ और उसकी भतीजी साइमा उम्र 15 वर्ष पुत्री जहीर शामिल है। चाची और भतीजी दोनों एक ही बिस्तर पर सो रही थीं, तभी अचानक जहरीले सांपों का जोड़ा कमरे में घुस आया और उन्हें काट लिया। काटने के बाद दोनों ने शोर मचाया लेकिन कुछ ही देर में बेहोश हो गईं। सूचना पाते ही परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने नाग-नागिन के जोड़े को पीट-पीटकर मार डाला। घटना स्थल पर पहुंची राजस्व टीम ने स्पॉट मेमो बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजा है। एक साथ दो मौतों की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।बताया जा रहा है कि मृतका साइमा के पिता कतर में रहते हैं, जबकि उसका भाई भी परदेश में रहता है जिसे सूचना दे दी गई है। वहीं, शकीला के पति सऊदी अरब में रहते हैं। गांव के कोटेदार मोहम्मद ओसामा ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे यह घटना घटी। परिजन अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

### खाद संकट को लेकर आप ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** खरीफ मौसम में यूरिया और अन्य उर्वरकों की किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। इस दौरान आप नेताओं ने आरोप लगाया कि किसान अपनी फसल बचाने के लिए खाद के लिए परेशान हैं, लेकिन सरकार समय से उन्हें उर्वरक उपलब्ध कराने में विफल रही है। आप कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए पहुंचे। नारेबाजी के दौरान उन्होंने कहा कि जो सरकार किसानों को खाद न दे सके वह निकम्मी है। किसान की आह,भाजपा की चाह जैसी सरकार नहीं चलेगी। ज्ञापन में आप नेताओं ने कहा कि खरीफ सीजन में समय पर खाद और उर्वरक न मिलने से किसान भारी संकट में हैं। इससे उनकी मेहनत और फसल दोनों पर असर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए और इसकी कालाबाज़ारी पर सख्त कार्रवाई हो। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, डा. मलखान सिंह, मो.आवेश हन्फी, सतीश श्रीवास्तव, घनश्याम सोनी, सरदार राईन, निरंजन कोरी, पूजा वर्मा, बलराम यादव और राज बहादुर पाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में कुंडी तोड़कर नकदी उठा ले गए चोर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा निहालगढ़ निवासी अंजनी कुमार ने लिखित तहरीर के साथ पुलिस को बताया कि बीती रात कमरे की कुंडी तोड़कर अज्ञात चोर लाखों की नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना के पश्चात पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन मे जुट गई है। कस्बा निहालगढ निवासी अंजनी कुमार जिनकी किराना की दूकान इंडियन बैंक के समीप स्थित है, अंजनी ने बताया कि दुकान का सामान लाने के लिए लखनऊ जाना था इसीलिए घर मे चार लाख रुपये नगदी इकट्ठा करके रखे थे रात्रि के दौरान चोर कमरे की कुंडी तोड़कर रुपये लेकर चंपत हो गए सुबह जब देखा तो कमरा खुला था कमरे मे रखा चार लाख रुपया नदारद मिला आसपास खोजबीन करने पर कोई सुराग नहीं लगा तो घटना की तहरीर थाने मे देकर कार्यवाई की मांग की। इस संबंध मे जगदीशपुर कोतवाल धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि भुक्तभोगी की तहरीर मिलने के बाद मौका निरीक्षण करने के उपरांत मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन जारी है।

### एक बार फिर बढ़ीं तेंदुए की गतिविधियां



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुसाफ़िर खाना तहसील क्षेत्र के अंतर्गत एक बार फिर से तेंदुए की गतिविधियां बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों द्वारा कादुनाला क्षेत्र में खेतों से लेकर रास्ते और रिहायशी इलाकों में तेंदुए को कई बार देखा गया है। जिसके चलते स्थानीय लोगों को पालतू जानवरों के ही नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को भी जान का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार बार वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को सूचना देने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

---

**राणा बेनी माधव सिंह की 221वीं जयंती**

# भाव समर्पण एवं सम्मान समारोह संपन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**





जगतपुर स्थित खेल मैदान में प्रथम स्वाधीनता संग्राम (1857 की क्रान्ति) के महानायक, शौर्य, पराक्रम, त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति, रायबरेली की पावन धरती में जन्मे माँ भारती के सच्चे सपूत राणा बेनी माधव सिंह जी की 221वीं जयंती वृहद स्तर पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भाव समर्पण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह सम्मिलित हुए। उन्होंने राना बेनी माधव सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने समारोह में बैसवारा क्षेत्र की 100 विशिष्ट विभूतियों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय, लखनऊ के पूर्व न्यायमूर्ति डी.पी. सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख हंडिया प्रयागराज महेश सिंह, संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ विनोद बाजपेई, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल अतुल गुप्ता, राणा बेनी माधव सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह धीरज सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

उद्यान मंत्री ने शंकरगंज रियासत में की शिरकतः इसके पूर्व उद्यान मंत्री ने जगतपुर के शंकरपुर स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया तथा सभी जनों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसी क्रम में विकास खंड जगतपुर के कस्बा कांजी हाउस में 110 फुट ऊँचे भव्य तिरंगे का लोकार्पण एवं ध्वजारोहण कर राष्ट्र को नमन किया गया।

### मनाई जा रही राणा बेनी माधव बक्श सिंह 221वीं जयंती

**महराजगंज, रायबरेली।** बैसवारे का वो लाल जिसने अंग्रेजो की नाक में दम कर रखा था महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रायबरेली जिले की आन बान और शान जिनके नाम में ही वीरता झलकती हो वीर महान योद्धा जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। राणा बेनी माधव बक्श सिंह की जन्म जयंती जहां आज धूमधाम से मनाई जा रही है वही महराजगंज क्षेत्र मे भी राणा के कदम पड़े थे और इतिहास इस बात का साक्षी है एक बार राणा बेनी माधव बक्श सिंह ने अंग्रेजों के थाने पर कब्जा कर लिया था तब महाराजगंज थाना अंग्रेजों के कब्जे में था और देश गुलाम था राणा ने अंग्रेजों की औकात बताते हुए थाने पर कब्जा कर लिया था तथा इनका एक इतिहास और है बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित महावीरन हनुमान मंदिर जिसकी स्थापना राणा बेनी माधव बख्श सिंह के द्वारा ही की गई थी।

## बृजेश दत्त गौड़ रामलीला कमेटी के पुनः अध्यक्ष बने



**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ कस्बा के मोहल्ला टिकैतगंज स्थित राम जानकी मंदिर में रामलीला कमेटी की बैठक आहूत की गई जिसमें सर्वसम्मति से डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ को रामलीला कमेटी डलमऊ का पुनः अध्यक्ष चुना गया बैठक के दौरान विशाल रामलीला मंचन गस्त लीला आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई ,रामलीला कमेटी अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ 22 सितंबर 2025 से 8 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा 17 दिनों तक चलने वाली रामलीला में स्थानी कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा विशाल दशहरा मेला का आयोजन दो एवं तीन अक्टूबर 2025 को आयोजित होगा इस मौके पर रामलीला कमेटी के महामंत्री रमेश पांडे, संचालक राकेश कुमार त्रिपाठी, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद त्रिपाठी, प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक गंगा प्रसाद मौर्य, सुंदर मौर्य, अश्वनी कुमार मिश्रा, लीला अध्यक्ष राकेश कुमार पांडे, सहायक लीला अध्यक्ष अमरेश कुमार पांडे, राम गुलाम, पंकज पुजारी, सुखदेव, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गंदगी से पटा नाला, निर्माण के बाद से अब तक नहीं हुई सफाई

- ग्राम प्रधान एवं ब्लाक के अधिकारियों से कई बार की शिकायत लेकिन नहीं हुई सफाई

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का नारा देते हुए लाखों रुपए खर्च कर स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रही है लेकिन डलमऊ क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मियों एवं ब्लाक के अधिकारियों की मनमानी रवैया के चलते सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता मिशन को पलीता लगा रहे हैं उनके इस रवैया से ऐसा लगता है कि उच्च अधिकारियों एवं सरकार के आदेश उनके लिए कोई मायने नहीं रखते हैं ग्रामीणों को कितनी भी परेशानी व दिक्कत हो ग्राम प्रधान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोई फर्क ही नहीं पड़ता है यह लोग आंखों पर पट्टी एवं कान में रूई डालकर बैठे हैं उन्हें जनता के दर्द एवं समस्या से कोई मतलब नहीं डलमऊ ग्रामीण क्षेत्र के नेवाजगंज में लगभग 5 वर्ष पूर्व लाखों रुपए खर्च कर ग्रामीणों की सुविधा एवं जल निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया गया था डलमऊ ग्रामीण क्षेत्र के नेवाजगंज गांव में वार्ड नंबर 10 एवं 11 फतेहपुर मार्ग पर रोड से सटे इस नाले की सफाई निर्माण के बाद से अब तक नहीं कराई गई वहां पर गंदगी इस कदर हावी है कि नाला दिखाई तक नहीं पड़ता है नाले में कूड़ा कचरा पॉलिथीन जमा हुआ है नाला गंदगी से बच बज रह नाला गंदगी से बजबजा रहा है जिसके चलते नाला गंदगी से पटा पड़ा हुआ है नाले में जमा गंदगी के कारण बारिश का पानी लोगों के दरवाजे एवं सड़कों पर बह रहा है ग्रामीणों ने कई बार नाले की सफाई कराने के लिए ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक के अधिकारियों से कहा लेकिन जिम्मेदारों ने बात को अनसुना कर दिया नाले की साफ सफाई न होने से लगातार हो रही बारिश का पानी ग्रामीणों के दरवाजे एवं सड़कों पर बह रहा है जल निकासी की दूसरी व्यवस्था न होने के कारण जल जमाव होने लगा है जिससे मच्छरों के प्रकोप बढ़ गया है और ग्रामीण मच्छर जनित रोगों का शिकार हो कर बीमार हो रहे हैं ग्राम प्रधान सफाई कर्मियों एवं ब्लॉक अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा ग्राम वासियों को भुगतने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है ग्रामीण छोटेलाल रमेश किशुन लाल प्रमोद अंकुश सोनी रामविलास राजेश संतलाल राम लखन पिंटू सोनकर राजेंद्र प्रसाद श्यामलाल हरिपाल सिंह अशोक कुमार बनवारी मनोज कुमार आदि के साथ अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नाले की सफाई न होने से हम लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं घर पर बूढ़े बुजुर्ग एवं छोटे बच्चे बुखार मलेरिया आदि जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं नाले की साफ सफाई न होने से अंधेरा होने पर मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है जिससे बीमारियों का खतरा बना रहता है कई बार ग्राम प्रधान एवं अधिकारियों से नल की सफाई के लिए कहा गया लेकिन सफाई नहीं कराई गई एडियो पंचायत कैलाश नाथ ने बताया कि सफाई कर्मियों को भेज कर नाले की साफ सफाई कराई जाएगी।

## 15 लाख रुपये अनुमानित अवैध शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

- 128 पेटियों में कुल 4,968 बोतल अंग्रेजी शराब व 34 अदद नकली क्यूआर कोड बरामद
- चार अंतर्राज्जीय शराब तस्कर गिरफ्तार

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन/तस्करी की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध वृहद चेकिंग अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोंसले के नेतृत्व में एसओजी, थाना कोतवाली नगर तथा आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शाहजहांपुर की ओर से आ रही दो चार पहिया गाड़ियों (टाटा इंट्रा बलैनो) में सवार चार अभियुक्त संदीप पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी बराही थाना लाइन पार जनपद झज्जर हरियाणा उम्र करीब 38 वर्ष ,अमित पुत्र राजवीर निवासी हरजोटली जट थाना मंगलोर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड उम्र करीब 32 वर्ष, साहिल पुत्र कमल निवासी भगत पुरा थाना सिविल जनपद सोनीपत हरियाणा उम्र करीब 27 वर्ष ,अंकित पुत्र धर्मपाल निवासी राम नगर कालोनी थाना कोतवाली नगर सोनीपत हरियाणा उम्र करीब 28 वर्ष को शाहजहाँपुर लखनऊ मार्ग निकट बिजौरा पुल के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे मौके से कुल 128 पेटियों में 4,968 बोतल अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य तथा 34 अदद नकली क्यू आर कोड व 4 अदद मोबाइल बरामद हुए।बरामद अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी जा रही है। अभियुक्तगण के पास किसी भी प्रकार का कोई शराब बिक्री का लाइसेन्स नहीं पाया गया। अभियुक्तों से पूछताछ में जानकारी हुई कि इन लोगो द्वारा चंडीगढ़ राज्य से मदिरा तस्करी कर नकली क्यू आर कोड छापकर छलपूर्वक अवैध धनार्जन के प्रयोजन से मदिरा की बोतलों पर चस्पा कर बिहार राज्य को तस्करी कर विभिन्न क्षेत्रो में बिक्री कर अनुचित धनार्जन किया जाता है। अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम व बीएनएस संबंधित धारा पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया जा रहा है। संपूर्ण कार्यवाही में सीतापुर एस ओजी नगर कोतवाली व आबकारी टीम उपस्थित रही।

## भाजपा कार्यालय पर किसान मोर्चा की बैठक आहूत



**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की एक बैठक आहूत की गई की गई। जिसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष लोकेश मिश्रा द्वारा की गई। बैठक में संगठन की आगामी कार्यक्रमों और किसानों की हो रही समस्याओं के विषय में चर्चा की गई और किसानों की समस्याओं के विषय में जिला नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराने का निर्णय लिया गया बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय मंत्री उपेंद्र शुक्ला महामंत्री रवि तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह पवन सिंह अमन सिंह शुभम वाजपेई प्रदीप शुक्ला सुनील मिश्रा समेत जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे उक्त जानकारी लोकेश कुमार मिश्र जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा द्वारा दी गई।

## राजकीय महिला पालीटेक्निक परिसर में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय महिला पालीटेक्निक कालेज परिसर में प्राचार्य मोहम्मद असलम के सानिध्य में एवं वार्डन बच्चाराम वर्मा के सहयोग से विगत दिवस वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम आशीष पांडेय शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा अमेठी द्वारा संपन्न हुआ। शाखा प्रबंधक आशीष पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि वृक्षारोपण न सिर्फ मानव जीवन के लिए अपितु संपूर्ण मानव सभ्यता के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए नितांत आवश्यक है। जो कि हमारे द्वारा किए गए इन छोटे छोटे प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वृक्ष आक्सीजन के प्रमुख स्त्रोत हैं, ये वातावरण से कार्वनडाईआक्साइड को सोखकर वातावरण को शुद्ध रखते हैं। आइए हम सब वृक्षारोपण के माध्यम से एक संकल्प लें और इस धरा वसुंधरा को हरा भरा बनाएं। इस अवसर पर पालिटेक्निक के अनिल कुमार भी मौजूद रहे। वृक्षारोपण कर सभी लोग बहुत खुश दिखे।

## केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर सांसद ने की जनसुनवाई

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



सांसद अमेठी केएल शर्मा ने अपने दो दिवसीय क्षेत्रीय दौरे के प्रथम दिन रविवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में 9 बजे से 10:30 बजे तक जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया। सांसद जी ने क्षेत्र की प्रगति के लिए सतत प्रयास करने का संकल्प दोहराया और आमजन को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव उपलब्ध रहेंगे। इसके पश्चात श्री शर्मा विधानसभा सलोन के छतोह, डीह, सलोन के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। सांसद जी दूसरे दिन विधानसभा जगदीशपुर एवं बाजारशुकुल ब्लाक क्षेत्र का दौरा करेंगे। सुबह 9 बजे से 10:30 तक कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज में किसानों, युवाओं, कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात करने के पश्चात् 10:35 बजे गौरीगंज से रामपुर लोकराय, मुसाफिरखाना स्थित मानस फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ 11 बजे हरिहरनाथ त्रिपाठी के संयोजन में किया जायेगा। श्री शर्मा का 11:30 बजे वारिसगंज में मेराज अहमद एवं सोएब के नेतृत्व में जनसंपर्क एवं भेंट मुलाक़ात। 12:30 बजे रानीगंज में मो अकमल खान एवं सलाउद्दीन एडवोकेट, 13:00 बजे देवकली में सुक्खू सिंह तथा 13:30 बजे हसनपुर में राजकुमार पासी द्वारा भेंट-मुलाकात। इसके बाद 14:00 बजे मगरौली में मजहार खान, 14:30 बजे सत्थिन चौराहा में मो अमान, 15:00 बजे मखदूमपुर कलां में मुस्तकीम और 15:30 बजे किशनी में नूर अहमद की अगुवाई में जनसंपर्क तथा 16:00 बजे जैनबगंज बाजार में हामिद, 16:30 बजे बाजारशुकुल में आशीष गिरि तथा 17:00बजे ऊचगांव में असद बाबू और दिन का समापन 17:30 बजे महोना ब्लाक-बाजारशुकुल में धर्मराज बहेलिया व स्थानीय लोगों से भेंट मुलाक़ात कर लखनऊ को रवाना होंगे।

## दो दिवसीय 12वीं मलखम्भ प्रतियोगिता का एसपी ने किया शुभारंभ

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



रिजर्व पुलिस लाइन्स में लखनऊ जोन के दो दिवसीय 12वीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस पर प्रतियोगिता में भाग ले रही लखनऊ जोन की टीमों व बैण्ड द्वारा मंच के पास से मार्च पास कर मुख्य अतिथि जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक का मान प्रणाम किया गया। तदोपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा टीमों के प्रबंधक से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों द्वारा शपथ ग्रहण करने के उपरान्त मलखम्भ के प्रदर्शन, प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की गई। रविवार को प्रतियोगिता में लखनऊ जोन की कुल 6 जनपदों की टीमों (अम्बेडकरनगर, सीतापुर, सुलतानपुर, खीरी, हरदोई व अमेठी) द्वारा प्रतिभाग कर अपने-अपने प्रदर्शन से दर्शक दीर्घा में उपस्थित व्यक्तियों एवं निर्णायक मण्डल को आश्चर्यचकित कर दिया गया । प्रथम दिन टीम प्रतिस्पर्धा में जनपद अमेठी की टीम 26 अंक के साथ बढ़त बनाकर प्रथम स्थान पर, अम्बेडकरनगर 16 अंक के साथ द्वितीय व सुलतानपुर की टीम 10 अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। वहीं एकल प्रतिस्पर्धा में आरक्षी प्रमोद कुमार अमेठी प्रथम स्थान पर, आरक्षी आकाश यादव अम्बेडकरनगर द्वितीय तथा आरक्षी ओमजी त्रिपाठी अमेठी तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा एवं पुलिस उपाधीक्षक श्वेताभ भास्कर व अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## खड़ंजा लगाने के विवाद में चले लाठी-डंडे, चार घायल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र रामगंज के अंतर्गत गांव नरहरपुर में खड़ंजा लगाने के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे और लात घूंसे चले, जिसके चलते चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट की घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे कुछ लोग मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं, हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। मामले में एक पक्ष का कहना है गांव के ही धर्मेंद्र, सचिन और राकेश जबरदस्ती खड़ंजा लगा रहे थे जिसका राजाराम, गंगाराम और कल्पा देवी विरोध कर रहे थे। जिस पर धर्मेंद्र, सचिन और राकेश ने मिलकर इन लोगों को पीट दिया। पीड़ित पक्ष के लोगों का कहना है कि वे जान बचाने के लिए घर में घुस गए। जिस पर उन लोगों ने घर पर पथराव किया और तोड़ फोड़ की। दूसरे पक्ष का आरोप है कि उन लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते हम लोगों पर जानलेवा हमला किया है। थाना प्रभारी रामगंज कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है फुटेज एवं साक्ष्य के आधार पर जांच कराई जा रही, दोषी लोगों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## ऑनलाइन जुआघर का अंत

निश्चित तौर पर 28 प्रतिशत जीएसटी राजस्व को दरकिनार करते हुए मोदी सरकार ने आनलाइन जुआ घरों की बंदी पर मुहर लगा दी है। पैसों की लालच में अब तक आनलाइन जुए के चक्कर में हजारों लोगों ने आत्महत्या कर ली तो लाखों लोग कर्जदार और बर्बाद हो गए। वैसे तो ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री का बड़ा हिस्सा संगठित जुआ बना हुआ है। इसलिए इसे प्रतिबंधित करने के लिए लाए गए विधेयक को देर से, लेकिन सही दिशा में उठाया गया कदम माना जाएगा। यह भी स्वागतयोग्य है कि इसके दायरे में उन ऑनलाइन गेम्स को नहीं रखा गया है, जिसमें पैसे का लेन-देन नहीं होता। बहरहाल, इस इंडस्ट्री से बहुत बड़े स्वार्थ जुड़े हुए हैं। इसलिए बिल पारित होने के बाद भी प्रस्तावित कानून के प्रभावी ढंग से लागू हो पाने को लेकर आशंकाएं हैं। बताया जा रहा है कि गेमिंग इंडस्ट्री इसे न्यायापालिका में चुनौती देने की तैयारी में है। प्रोमोशन एंड रेगुलेशन ऑफऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के खिलाफसरकार और अधिकारियों को प्रभावित करने के लिए बड़े पैमाने पर लॉबिंग शुरू कर दी है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब कानून का रूप ले चुका है। इस कानून के लागू होते ही भारत के ऑनलाइन गेमिंग परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ गया है। शुक्रवा लजर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद से पारित इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी।ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े नए कानून लागू होने के बाद सभी ऑनलाइन मनी गेम्स, चाहे वे स्किल पर आधारित हों या किस्मत पर तय इसमें ऑनलाइन फैंटेसी स्पोर्ट्स और लॉटरी भी शामिल होंगे ऐसे खेलों से जुड़े विज्ञापन, प्रमोशन और बैंक या पेमेंट ऐप्स के जरिए होने वाले लेन-देन पर भी प्रतिबंध है।मनी गेम्स ऑफर करने पर अधिकतम 3 साल की जेल और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना होगा। विज्ञापन करने पर 2 साल की जेल और 50 लाख रुपये जुर्माना होगा। दोहराने पर 3 से 5 साल की जेल और दो करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। केंद्र सरकार या नए प्राधिकरण के निर्देशों का पालन न करने पर 10 लाख का जुर्माना, पंजीकरण निलंबन या रद्दीकरण, और संचालन पर प्रतिबंध लग सकता है। मेजबानी और वित्तीय सुविधा से संबंधित अपराधों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के तहत स्पष्ट रूप से संज्ञेय और गैर-जमानती घोषित किया गया है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 के तहत अब केंद्र सरकार ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी नामक नया राष्ट्रीय निकाय बनाएगी। यह ऑनलाइन गेम्स को श्रेणीबद्ध और पंजीकृत करेगा। यह तय करेगा कि कौन सा गेम प्रतिबंधित मनी गेम है। शिकायतों का निपटारा और नियमों का पालन सुनिश्चित करेगा विधेयक के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए एक नया प्राधिकरण स्थापित किया जाएगा। इसकी प्रारंभिक लागत लगभग 50 करोड़ और वार्षिक लागत 20 करोड़ होने का अनुमान है, जिसका वित्तपोषण भारत की संचित निधि से किया जाएगा। ई-स्पोर्ट्स को मान्यता प्राप्त नियमों और मानकों के साथ आभासी मैदानों में खेले जाने वाले प्रतिस्पर्धी कौशल-आधारित खेलों के रूप में परिभाषित किया गया है। सरकार ने पहले ही 2022 में ई-स्पोर्ट्स को एक बहु-खेल आयोजन के रूप में मान्यता दे दी थी।

# अमेरिका के कार्यकारी आदेश की सीधी प्रतिक्रिया है डाक विभाग का निर्णय

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध हमेशा से वैश्विक व्यापार जगत का केंद्र बिंदु रहे हैं। दोनों देशों के बीच गहरा व बहुआयामी व्यापारिक संबंध है, जिसमें आईटी सेवाओं से लेकर औषधियां, आभूषण, वस्त्र, ऑटो पार्ट्स और ई-कॉमर्स उत्पाद तक शामिल हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाज़ार है और भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार। किंतु यह भी सत्य है कि समय-समय पर दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव, टैरिफ विवाद और संरक्षणवादी नीतियों को लेकर टकराव होते रहे हैं। यही स्थिति एक बार फिर से सामने दिखाई देती है, जिसमें कि डाक विभाग की सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

वस्तुतः अमेरिका द्वारा अंतरराष्ट्रीय डाक वस्तुओं पर शुल्क-मुक्त न्यूनतम सीमा को समाप्त कर दिया गया और भारत को मजबूर होकर अमेरिका जाने वाली डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से रोकनी पड़ी है। देखा जाए, तो भारत का यह कदम अमेरिका के उस कार्यकारी आदेश की सीधी प्रतिक्रिया है, जो 30 जुलाई 2025 को जारी किया गया था। इस आदेश के अनुसार 29 अगस्त 2025 से अमेरिका में 800 डॉलर तक के मूल्य की वस्तुओं पर लागू "शुल्क-मुक्त न्यूनतम छूट" को समाप्त कर दिया गया। पहले तक की व्यवस्था में 800 डॉलर तक का सामान अमेरिका बिना किसी शुल्क या सीमा शुल्क औपचारिकताओं के प्रवेश कर सकता था, जिससे अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाओं और ई-कॉमर्स कारोबारियों को बड़ी राहत मिलती थी। छोटे और मध्यम उद्यम, विशेषकर भारत जैसे देशों के निर्यातक, इसी व्यवस्था का लाभ उठाकर अमेरिकी उपभोक्ताओं तक आसानी से अपने उत्पाद पहुँचाते थे। किंतु जब अमेरिका ने इस छूट को समाप्त कर दिया तो परिणामस्वरूप हर डाक वस्तु सीमा शुल्क और टैरिफ के अधीन हो गई।

यह स्थिति न केवल आयातकों और निर्यातकों के लिए कठिनाई पूर्ण थी बल्कि परिचालन स्तर पर एयरलाइन कंपनियों और डाक विभागों के लिए भी चुनौतीपूर्ण बन गई। अमेरिका की सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा एजेंसी (सीबीपी) ने 15 अगस्त 2025 को कुछ दिशा-निर्देश तो जारी किए, लेकिन शुल्क वसूली की पहचान और प्रक्रिया, योग्य पक्षों की पहचान और परिचालन व्यवस्था को लेकर स्थिति धुंधली बनी रही। यही कारण रहा कि अमेरिका जाने वाली एयरलाइन कंपनियों ने तकनीकी और परिचालन तैयारी की कमी का हवाला देते हुए 25 अगस्त के बाद से डाक खेप स्वीकार करने से असमर्थता व्यक्त की। भारत के डाक विभाग के सामने इस परिस्थिति में कोई विकल्प शेष नहीं था। यदि वह अमेरिका जाने वाली डाक वस्तुओं की बुकिंग जारी रखता तो ग्राहकों का सामान न अमेरिका पहुँच पाता और न ही उन्हें समय पर शुल्क वसूली और डिलीवरी की स्पष्टता मिलती। इससे व्यापक अव्यवस्था उत्पन्न होती और ग्राहकों को भारी नुकसान झेलना पड़ता। परिणामस्वरूप भारत ने एक विवेकपूर्ण और व्यावहारिक कदम उठाते हुए 25 अगस्त 2025 से अमेरिका के लिए सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित कर दी।



**इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए अमेरिका के निर्णय की पृष्ठभूमि को जानना भी आवश्यक है। अमेरिका लंबे समय से यह तर्क देता आ रहा है कि डेमिनिमिस नियम का दुरुपयोग हो रहा है। विदेशी कंपनियां छोटे-छोटे पार्सलों के माध्यम से बड़ी मात्रा में सामान भेजती हैं और शुल्क से बच जाती हैं, जिससे अमेरिकी घरेलू उद्योग को नुकसान होता है। विशेष रूप से चीन जैसे देशों के लिए यह एक बड़ा साधन बन गया था। किंतु जब अमेरिका ने इस नियम को समाप्त किया तो इसका असर केवल चीन पर ही नहीं बल्कि भारत जैसे देशों पर भी पड़ा, जिनके छोटे उद्यम और निर्यातक अमेरिकी बाजार पर निर्भर रहते हैं। भारत के लिए यह फैसला बेहद संवेदनशील है।**

यहां यह ध्यान देने योग्य है कि भारत ने पूरी तरह से डाक को नहीं रोका। 100 डॉलर तक के मूल्य वाले पत्र, दस्तावेज़ और उपहार इस निलंबन से बाहर रखे गए ताकि आम जनता को न्यूनतम असुविधा हो और आवश्यक व्यक्तिगत संचार जारी रह सके। भारत ने अपने बयान में यह भी स्पष्ट किया कि यह निलंबन अस्थायी है और जैसे ही स्थिति स्पष्ट होगी और अमेरिका की ओर से प्रक्रियात्मक ढांचा सामने आएगा, सेवाओं को सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा। इस दृष्टिकोण से स्पष्ट है कि भारत का कदम आक्रामकता से प्रेरित नहीं बल्कि मजबूरी में लिया गया एक संतुलित निर्णय था। यदि अमेरिका ने शुल्क-मुक्त छूट को वापस न लिया होता तो भारत को इस तरह का कदम उठाने की कोई आवश्यकता ही नहीं पड़ती।

इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए अमेरिका के निर्णय की पृष्ठभूमि को जानना भी आवश्यक है। अमेरिका लंबे समय से यह तर्क देता आ रहा है कि डेमिनिमिस नियम का दुरुपयोग हो रहा है। विदेशी कंपनियां छोटे-छोटे पार्सलों के माध्यम से बड़ी मात्रा में सामान भेजती हैं और शुल्क से बच जाती हैं, जिससे अमेरिकी घरेलू उद्योग को नुकसान होता है। विशेष रूप से चीन जैसे देशों के लिए यह एक बड़ा साधन बन गया था। किंतु जब अमेरिका ने इस नियम को समाप्त किया तो इसका असर केवल चीन पर ही नहीं बल्कि भारत जैसे देशों पर भी पड़ा, जिनके छोटे उद्यम और निर्यातक अमेरिकी बाजार पर निर्भर रहते हैं। भारत के लिए यह फैसला बेहद संवेदनशील है क्योंकि अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए लाखों भारतीय उद्यमी अमेरिकी उपभोक्ताओं तक अपने उत्पाद पहुँचाते हैं। हस्तशिल्प, आभूषण, परिधान, औषधियां और आईटी उपकरण जैसी वस्तुएं डाक नेटवर्क के जरिए बड़ी मात्रा में अमेरिका भेजी जाती हैं। नए नियमों के लागू होते ही ये सभी वस्तुएं शुल्क के अधीन हो जाएंगी और उनकी लागत अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए बढ़ जाएगी। इससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा क्षमता प्रभावित होगी और व्यापारिक नुकसान होगा। डाक विभाग ने ग्राहकों के हितों का ध्यान रखते हुए यह भी घोषणा की कि जो ग्राहक पहले से अमेरिका के लिए बुकिंग करा चुके हैं, उन्हें डाक शुल्क वापस किया जाएगा। विभाग ने इस असुविधा पर खेद व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सेवाएं पुनः प्रारंभ करने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यह भी दर्शाता है कि भारत ग्राहकों और व्यवसायियों की चिंताओं को गंभीरता से ले रहा है और केवल परिस्थितिजन्य दबाव के चलते ही ऐसा कदम उठाना पड़ा। विश्लेषकों का मानना है कि यह विवाद अस्थायी है लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। यदि अमेरिका शुल्क वसूली की प्रक्रिया और योग्य पक्षों की पहचान स्पष्ट नहीं करता तो अंतरराष्ट्रीय डाक नेटवर्क बाधित रहेगा। यह स्थिति अंततः विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) तक भी जा सकती है क्योंकि यह मुक्त व्यापार और समान अवसर के सिद्धांतों के विपरीत है। विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि अमेरिका का यह कदम संरक्षणवादी नीतियों का हिस्सा है, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को असंतुलित कर सकता है।

## युवा और ओबीसी की बातों को अनसुना न करे सरकार

अमर बहादुर

उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार का जो वर्तमान हालात सामाजिक न्याय और राजनीतिक समन्वय का है उससे यह स्पष्ट है की भाजपा का सबका साथ, सबका विकास का नारा चुनावी जुमलाश् बनकर रह गया। बिगड़ते सामाजिक व राजनितिक समन्वय और सामाजिक न्याय के हालात से युवा वर्ग तो नाराज है ही, साथ ही भाजपा गठबंधन में शामिल सहयोगी दल के पिछड़ा दलित समाज के नेता भी खुश नहीं हैं।

पिछड़े दलित वंचित वर्ग का युवा सड़कों पर आंदोलन कर रहा है। न्याय की गुहार लगा रहा है। लेकिन कहीं भी उसकी बातों को सुना नहीं जा रहा। कहीं कोई सुन भी ले रहा है तो केवल आश्वासन देकर छोड़ देता है। पिछले दिनों विधानसभा के सामने दिव्यांग लोगों ने सरकार के नीतियों से नाराज होकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद उच्च अधिकारियों से बात होने पर दिव्यांगों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया। ऐसे ही उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक भर्ती मामले को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी वर्ष 2020 से लगातार आंदोलन कर रहे हैं अभ्यर्थियों का आरोप है कि 69000 शिक्षक भर्ती में ओबीसी और एससी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण का लाभ ठीक प्रकार से नहीं दिया गया। जिस कारण से हजारों की संख्या में अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए। आंदोलन करने वाले अभ्यर्थी इस मामले को कोर्ट में भी लेकर गए। इलाहाबाद हाई कोर्ट की डबल बेंच ने अपना फैसला सुनाते हुए भर्ती की नई चयन सूची बनाने का आदेश दिया। इसे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने अपनी जीत माना। उन्हें इंतजार था की नई सूची बनेगी और नौकरी मिल जाएगी। लेकिन सरकार और अधिकारियों की लापरवाही ने इस मामले पर ब्रेक लगा दिया। वही नौकरी से बाहर होने की आशंका को लेकर कुछ सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट चले गए। अब यह प्रकरण पिछले लगभग एक साल से सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है सुनवाई नहीं हो पा रही। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी सुनवाई न होने का आरोप सरकार लगाते हुए कहते हैं की सरकार सुनवाई में लापरवाही कर रही हैं। यह प्रकारण अभी तक निस्तारण की ओर बढ़ नहीं पाया। इसके अलावा तमाम युवा अन्य भर्तियों की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कुछ विभागों में भर्ती को लेकर विज्ञापन आए तो उनकी परीक्षाओं में पूछे गए सवालों पर सावल खड़े हो गए। उसके लिए भी आंदोलन अभ्यर्थियों को करना पड़ा। परीक्षाओं की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हुए। लेकिन सरकार नौजवानों की बात को टालती रही यही कारण है युवा वर्ग वर्तमान भाजपा सरकार से नाराज है। अधिकारीयों के गलत फैसले के कारण सरकार को कई मामलो में मुंह की खानी पड़ी। अधिकारीयों के ऐसे निर्णय रहे जो युवाओं के हित में नहीं थे। समीक्षा अधिकारी जैसी परीक्षा दो शिफ्ट में कराए जाने की घोषणा की गई लेकिन युवाओं के बड़े और लंबे आंदोलन के कारण सरकार को यह फैसला वापस लेना पड़ा। इससे पहले भी शिक्षकों के अटेंडेंस मामले में भी सरकार को अपना कदम पीछे लेना पड़ा। प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर पर भी कर को अपने फैसले में बदलाव करना पड़ा। इन निर्णयों से यह बात तो स्पष्ट है कि सरकार जन मन की बात बिना समझे उस पर थोप रही थी। इसलिए विरोध का सामना उसे करना पड़ा। साथ ही छवि भी धूमिल हुई। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनती है। सरकार बनाने के वक्त से ही सामाजिक न्याय का चादर ओढ़ कर दिखवा करती हैं और राजनीतिक समन्वय स्थापित करने के लिए विभिन्न जातियों से आए नेताओं को मंत्री बनाती है। लेकिन उन्हीं मंत्रियों के समाज से आने वाली समस्याओं को तब भाजपा सरकार नजर अंदाज कर देती है जब वहाँ सामाजिक न्याय की बात आती हैं। ओबीसी सामाज के नेता आशीष पटेल जब सामाजिक न्याय सामाजिक समरसता की बात करने की कोशिश करते हैं तो उनकी बातों को हल्के में ले लिया जाता है। ऊपर जो 69000 शिक्षक भर्ती आंदोलन का जिक्र इस लेख में किया गया हैं, आशीष पटेल सरकार में रहते हुए सरकार से इस विषय के समाधान के लिए लगातार प्रयत्न किया लेकिन उनकी बातों को इग्नोर कर दिया गया।

### विचार

# सनातन में सतयुग से है हरतालिका महाव्रत दांपत्य जीवन का मूलाधार

डॉ. आनंद सिंह राणा



**हरतालिका तीज व्रत (26 अगस्त) पर विशेष**

**हरतालिका व्रत पूजन कथा के पूर्व इसकी पूर्वपीठिका अवश्य जान लेनी चाहिए, ताकि इस व्रत के प्रयोजन का स्पष्टीकरण हो सके। शिव-शक्ति ही अखिल ब्रह्मांड में प्रेम की शाश्वतता का प्रतीक हैं। सती और शिव का अमर प्रेम अर्धनारीश्वर होकर प्रेम की पराकाष्ठा का द्योतक है। भावी पीढ़ी के लिए शिव-शक्ति का आदर्श प्रेम मार्गदर्शी है। कृष्ण चतुर्दशी की शिवरात्रि का यह वृतांत है, जब भगवान् श्रीकृष्ण से राधाजी ने प्रेम के वशीभूत होकर कहा कि विश्व में आपसे बड़ा प्रेमी कोई नहीं हो सकता है! तब श्री कृष्ण ने कहा नहीं राधा! इस अखिल ब्रम्हांड में महादेव से बड़ा कोई प्रेमी नहीं हो सकता और ऐसा कहने के साथ श्रीकृष्ण के आंसू निकलने लगे और उन्होंने राधा को बताना प्रारंभ किया, श्री कृष्ण ने कहा कि राधा, सब रुप बदल- बदल कर नये रूप लेते रहे अलग- अलग रुप लेकर रास लीला करते रहे परंतु महादेव ने कभी अपनी सती (उमा) को नहीं छोड़ा।**

प्र सनातन धर्म में हरतालिका महाव्रत, प्रेम, समर्पण, पवित्रता,पति की प्राप्ति और दीर्घायु, पारिवारिक समरसता, और शक्ति के अपूर्व सामर्थ्य का महापर्व है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कुटुम्ब प्रबोधन और सामाजिक समरसता की दृष्टि से इस व्रत की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। हरतालिका व्रत, हिन्दुओं के महान् व्रतों में से एक है जो सर्वाधिक कठिन लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देता है। फलस्वरूप सौभाग्यशाली गौरी जी, महादेव को प्राप्त कर ही लेती हैं।

प्रत्येक वर्ष भाद्रपद माह शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है। इस दिन महिलाएं पति की दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखती हैं। हरतालिका तीज का व्रत सुहागिने और कुंवारी कन्याएं भी रहती हैं। हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का बड़ा महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरतालिका तीज व्रत रखने से ही मां पार्वती को भगवान शिव पति के रूप में मिले थे। हरतालिका तीज पर भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करने से सुहागिनों को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और कन्याओं के विवाह में आ रही समस्याएं दूर होती हैं। इसके साथ ही इस व्रत के प्रभाव से अच्छा वर भी मिलता है। हरतालिका तीज एक पावन और भावनात्मक पर्व है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है। आज के समय में अनेक पुरुष भी अपनी पत्नियों के साथ यह व्रत रखकर इस पर्व की भावना को और सशक्त बना रहे हैं। यही कारण है कि यह व्रत स्त्री-शक्ति, श्रद्धा और अटूट प्रेम का प्रतीक बन गया है।

हरतालिका व्रत पूजन कथा के पूर्व इसकी पूर्वपीठिका अवश्य जान लेनी चाहिए, ताकि इस व्रत के प्रयोजन का स्पष्टीकरण हो सके। शिव-शक्ति ही अखिल ब्रह्मांड में प्रेम की शाश्वतता का प्रतीक हैं। सती और शिव का अमर प्रेम अर्धनारीश्वर होकर प्रेम की पराकाष्ठा का द्योतक है। भावी पीढ़ी के लिए शिव-शक्ति का आदर्श प्रेम मार्गदर्शी है। कृष्ण चतुर्दशी की शिवरात्रि का यह वृतांत है, जब भगवान् श्रीकृष्ण से राधाजी ने प्रेम के वशीभूत होकर कहा कि विश्व में आपसे बड़ा प्रेमी कोई नहीं हो सकता है! तब श्री कृष्ण ने कहा नहीं राधा! इस अखिल ब्रम्हांड में महादेव से बड़ा कोई प्रेमी नहीं हो सकता और ऐसा कहने के साथ श्रीकृष्ण के आंसू निकलने लगे और उन्होंने राधा को बताना प्रारंभ किया, श्री कृष्ण ने कहा कि राधा, सब रुप बदल- बदल कर नये रूप लेते रहे अलग- अलग रुप लेकर रास लीला करते रहे परंतु महादेव ने कभी अपनी सती (उमा) को नहीं छोड़ा।

प्रिय राधा, दक्ष के यहाँ सती जब अग्नि प्रविष्ट हुईं तब महादेव ने उनके उसी शरीर को लिपटाये सदियों विचरण किया और प्रथम एक वर्ष लगातार विलाप किया, वही अश्रु रुद्राक्ष बन गये तब महादेव ने वो रुद्राक्ष की माला पहनी और पूरे शरीर में भी रुद्राक्ष धारण कर लिए। महादेव ने ÷राख÷ तक नहीं छोड़ी पूरे शरीर में राख लपेट ली, वहीं सती के वाहन बाघ (सिंह) ने भी अपने प्राण त्याग दिए थे, तब महादेव ने सती के वाहन का चर्म पहन लिया जिसे आप हम बाघाम्बर के नाम से जानते हैं। आज भी महाकाल ने सती की राख को अपने शरीर में लपेट कर रखा है। महादेव प्रेम की अतल गहराईयों में थे, तब सभी देवताओं ने चिंतित होकर मुझसे प्रार्थना की तब मैंने (भगवान् विष्णु) सुदर्शन चक्र से सती के 52 टुकड़े कर दिए, जो महान् शक्तिपीठ बने। महादेव ने उन टुकड़ों से भी सती की हड्डियाँ निकाल लीं और उनको गले में धारण कर लिया और आज भी धारण किए हुए हैं, उसके उपरांत महादेव योगी हो गये। प्रयोजन हेतु पार्वती के रूप में सती ने महादेव को पाने के लिए पुनः अवतार लिया महादेव ने उन्हें तभी स्वीकारा जब मैंने विश्वास दिलाया। हरतालिका तीज व्रत कथा इस प्रकार है कि, एक बार कैलाश पर्वत पर माता पार्वती ने भगवान शिव से पूछा कि उन्हें ऐसा कौन-सा पुण्य मिला, जिससे वे शिव को पति रूप में प्राप्त कर सकीं।

इस पर भगवान शिव ने उन्हें उनकी ही तपस्या की स्मृति दिलाई। माता पार्वती बाल्य काल से ही शिव को अपने मन में पति के रुप में शिरोधार्य कर चुकी थीं और इसी संकल्प के साथ उन्होंने 12 वर्षों तक कठोर तप किया। उन्होंने जंगल में रहकर पेड़ों के पत्ते खाए, अन्न का त्याग किया और हर मौसम की कठिनाइयों को सहा। उनके इस तप को देखकर उनके पिता, हिमालय राज चिंतित हो उठे। उसी समय नारद ऋषि भगवान विष्णु का रिश्ता लेकर आए, जिसे हिमवान ने स्वीकार कर लिया। जब पार्वती जी को यह बताया गया, तो वे अत्यंत दुखी हुईं और अपने मन की बात सखियों से साझा की।



# राशिफल

**मेषः**- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**बृषभः**- शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः**- सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छबि बनायें। महत्वपूर्ण प्रयत्न सार्थक होंगे।

**कर्कः**- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

**सिंहः**- नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्याः**- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

**तुलाः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः**- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**धनुः**- जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**मकरः**- भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। तामसी व गैर सांस्कारिक कायरें की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**मीनः**-अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे।

# डोनाल्ड ट्रम्प के रुख से चीन-भारत करीब आए

संजीव ठाकुर

**चीन और रूस के सामरिक, व्यापारिक और एटॉमिक मसलों पर अमेरिका से टकराते रहे हैं। यह गौर किए जाने वाली बात है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ही अमेरिका सहित अन्य कई देशों के दिशा-निर्देश तय करते थे, पर राष्ट्रपति चुने के जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणाओं के उलट ना तो वे रूस यूक्रेन युद्ध रुकवा पाए हैं बल्कि ईरान पर बड़े हवाई जहाज हमले से एक नया विवाद खड़ा कर दिया था ले देकर ईरान इजरायल युद्ध रुकवा पाए हैं। दूसरी तरफनए आयात टैरिफ लगाकर पूरे वैश्विक देश में बेचैनी तथा खलबली मचा दी है। वैश्विक आर्थिक सलाहकार और विशेषज्ञ किस डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही बता रहे हैं। और उनके आयत टैरिफको बहुत ही अपरिपक्व निर्णय की संज्ञा दे रहे हैं।**

अमेरिका में 60वें राष्ट्रपति चुनाव के बाद चुनाव से अमेरिका में 47 वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा 50 वें उपराष्ट्रपति जे डी वेन्स चुने गए। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के पूर्व घोषणा की थी कि उनके राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वे रूस यूक्रेन युद्ध और इसराइल हमास युद्ध को तत्काल रुकवाएंगे और वैश्विक आर्थिक तथा सामरिक शांति का प्रादुर्भाव करेंगे। अमेरिका एक शक्ति संपन्न राष्ट्र है और उसकी नीतियां,राजनीति एवं कूटनीति पूरी दुनिया के देशों को प्रभावित करती है। वह राजनीतिक सामरिक अथवा व्यापारिक लेनदेन के समझौते या युद्ध में मदद की बात को लेकर अमेरिका का दखल लगभग सभी मसलों में एक जैसा रहता है। यह अलग मुद्दा है कि पश्चिम एशिया, चीन, रूस एवं नॉर्थ कोरिया जैसे देश अमेरिका के धुर विरोधी रहे हैं।

चीन और रूस के सामरिक, व्यापारिक और एटॉमिक मसलों पर अमेरिका से टकराते रहे हैं। यह गौर किए जाने वाली बात है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ही अमेरिका सहित अन्य कई देशों के दिशा-निर्देश तय करते थे, पर राष्ट्रपति चुने के जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणाओं के उलट ना तो वे रूस यूक्रेन युद्ध रुकवा पाए हैं बल्कि ईरान पर बड़े हवाई जहाज हमले से एक नया विवाद खड़ा कर दिया था ले देकर ईरान इजरायल युद्ध रुकवा पाए हैं।

दूसरी तरफ नए आयात टैरिफ लगाकर पूरे वैश्विक देश में बेचौनी तथा खलबली मचा दी है। वैश्विक आर्थिक सलाहकार और विशेषज्ञ किस डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही बता रहे हैं। और उनके आयत टैरिफ को बहुत ही अपरिपक्व निर्णय की संज्ञा दे रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय देश तथा अन्य पश्चिमी देशों में आयात शुल्क पर काफी दरियादिली दिखाई है और यही वजह है कि नाटो तथा अन्य यूरोपीय देश अमेरिका का अभी भी समर्थन कर रहे हैं। अमेरिका के चुनाव के नतीजे से भारत के रिश्तों में काफी परिवर्तन हुआ है, डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व कार्यकाल में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डोनाल्ड ट्रंप के संबंध निजी तौर पर काफी प्रगाढ़ रहे थेजो। डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान में दी जाने वाली अमेरिकी सहायता के खिलाफ रहे पर अब पाकिस्तान पर उनकी मेहरबानियां काफी बढ़ गई है। उन्होंने पाकिस्तान सेनाध्यक्ष को व्हाइट हाउस में लंच में बुलाकर पाकिस्तान के प्याले में तूफान लाकर खड़ा कर दिया है। पाकिस्तान की निराश उम्मीद पर पंख लग गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतकर चीन पर भी नियंत्रण रखने का प्रयास किया है । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन रूस यूक्रेन युद्ध के मध्य भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल लिए जाने पर खासा नाराज हुए थे।

भारत पर काफी दबाव भी डाला गया पर भारत ने यह स्पष्ट कर दिया था कि रूस भारत का परंपरागत मित्र होने की वजह से और 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध रूस ने भारत की एक तरफा मदद भी की थी। ऐसे में भारत स्पष्ट रूप से रूस के साथ सामरिक-आर्थिक मामलों में खड़ा हुआ है। आज की ताजा परिस्थिति का आंकलन करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती उनके चुनाव के परम सहयोगी टेस्ला के मालिक से पूरी तरह टूट चुकी है, दूसरी तरफ भारत तथा चीन ब्राजील व अन्य राज्यों पर भारी आयात शुल्क लगाने पर डोनाल्ड ट्रंप की भारत विरोधी नीति खुलकर सामने आ गई है अमेरिका ने पाकिस्तान जैसे महत्वहीन और फकीर देश को अपना नया शागिर्द बना लिया है। ट्रंप और पुतिन की रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर शांति वार्ता पूर्ण रूप से विफल रही, पुतिन ने अपनी शर्तें डोनाल्ड ट्रंप को साफ तौर पर बता कर कह दिया कि यूक्रेन को नाटो की किसी भी परिस्थिति में सदस्यता ना दी जाए। उधर यूक्रेन ने भी अमेरिका से बातचीत के बाद उसका रूस के साथ युद्ध विराम वाले आदेश को मानने से साफ इनकार कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस द्वारा भारत को कम कीमत पर कच्चे तेल निर्यात किए जाने से कुपित होकर भारत पर 25 से लेकर 50ः तक आयात शुल्क लागू किया है। भारत ने इस अमेरिकी रुख पर अडिग होकर भारतीय व्यापार तथा नागरिकों को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। और अमेरिका का वैकल्पिक बाजार तलाशने के तारत्म्य में रूस के साथ दोस्ती को और मजबूत कर चीन के साथ भी दोस्ताना हाथ बढ़ाया है। विदेश मंत्री जयशंकर और एनआईए प्रमुख अजीत डोभाल की चीन की यात्रा उसके तुरंत बाद चीनी विदेश मंत्री ने भारत की यात्रा की है, जिससे भारत चीन व्यापारिक तथा कूटनीतिक संबंधों तेजी और थोड़ी प्रगाढ़ता आई है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### खेतों की ओर जाते समय बालिका को सर्प ने डंसा, इलाज जारी

**मौदहा, हमीरपुर।** खेतों की ओर जाते समय बालिका को सर्प ने काट लिया घायल अवस्था में परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमना किशनपुर गांव निवासी खुशी पाल 10 वर्ष पुत्री रघुनंदन रविवार की दोपहर खेतों की ओर जाते समय घास में छुपे सर्प ने पैर में लिपटकर काट लिया पुत्री के चिल्लाने पर परिजन दौड़ कर गए और कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां घायल का इलाज जारी है।

### रुक रुककर हुई बारिश ने मेले की तैयारियों में डाला व्यवधान



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कई दिनों के बाद रविवार को मौसम में एक बार फिर अपना रूख बदला और सुबह से शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर शाम तक जारी रही। इससे कस्बे के पशु बाजार मेला मैदान की तैयारी में व्यवधान पैदा हुआ है। बारिश शुरू होने से धान किसान खुश नजर आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से बारिश थमी हुई थी। रविवार को सुबह से मौसम ने अचानक पलटी मारी और तड़के से ही रुक रुक कर बारिश का क्रम शुरू हो गया। 12:00 बजे से रिमझिम बरसात जारी रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के चलते कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला की तैयारी में भी व्यवधान पैदा हुआ है। पशु बाजार मेला मैदान में दुकानदार बारिश से परेशान नजर आए। पशु बाजार मेला प्रबंधक सौमित्र सिंह ने बताया कि बारिश से मेले की तैयारी में खलल पैदा हुआ है। फिर भी मेले की तैयारी जारी है। बारिश से धान किसान खुश नजर आए है। किसानों ने कहा कि धान के लिए बारिश मुफीद साबित हो रही है।

### रहस्यमय ढंग से नवयुवक के लापता हो जाने से परिजन परेशान



**मौदहा, हमीरपुर।** रहस्यमय ढंग से नवयुवक के लापता हो जाने पर परिजनों में शोक का माहौल वही सिसोलर थाने में तहरीर देकर पुत्र की तलाश करने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार सिसोलर थाना क्षेत्र के गांव टोला माफ निवासी बल्लू उर्फ अनुराग 21 वर्ष पुत्र जग्गन बीते दिनांक 9.8.25 की शाम गांव से निकली चंद्रावल नदी में बने पुल पर बैठा हुआ था तभी उसका भाई अनिल परिजनों के कहने पर बुलाने गया देखा कि वह वहां पर नहीं है देर रात तक इंतजार करने के बाद जब घर नहीं आया तो रिश्तेदारी और आस-पास के गांव में खोजबीन शुरू कर दी कोई सुराग न मिलने पर थाना सिसोलर में पुत्र तलाश की गुहार लगाइए वहीं पुलिस ने गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया है।

### सितंबर में होगा यादव महासभा का शपथ ग्रहण समारोह

**हमीरपुर।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की बैठक कुरारा कस्बे में किशोरी धाम में संपन्न हुई। बैठक में सितंबर माह में जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न करने पर मंथन किया गया। साथ ही जिला कार्यकारिणी के विस्तार के लिए सदस्यों का चयन किया गया यादव महासभा की बैठक ब्रजस्वरूप यादव गिमुहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सितंबर माह में जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सुमेरपुर में संपन्न कराने का निर्णय करके रूपरेखा तैयार की गई। समारोह की तिथि पर निर्णय बाद में किया जाएगा। इसके पश्चात कार्यकारिणी के विस्तार के लिए सदस्यों के चयन पर विचार किया गया जिलाध्यक्ष सुघर सिंह यादव ने कहा कि वह महासभा के विस्तार के लिए वचनबद्ध हैं। इसमें सभी क्षेत्रों को समाहित किया जाएगा। बैठक का संचालन कर रहे जिला महासचिव रमाशंकर यादव ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा बैठक में सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बदलू फौजी, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर यादव, युवा महासभा के जिलाध्यक्ष विपिन यादव, शिवशरण यादव, शारदादीन यादव, प्रदीप यादव, अजय यादव, धीरेंद्र यादव, जनमेजय यादव, रामबाबू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### बेटे के जन्मदिन पर रोपे ग्यारह पौधे



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे की तपोभूमि में पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य ने अपने पुत्र के जन्मदिन पर ग्यारह पौधों का रोपण कर संरक्षित करने का संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण समिति हर रविवार को तपोभूमि से लेकर केंद्रीय विद्यालय तक पौधरोपण का अभियान चला रखा है। इसी तहत तपोभूमि के सामने स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में समिति के सदस्य कुलदीप ने अपने बेटे सार्थक के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ग्यारह पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीनमैन, सिद्दीक अहमद, गोविंद आदि मौजूद रहे।

### पिकअप की टक्कर से बाइकसवार की मौत

**बांदा।** मार्ग दुर्घटना में राज वैद्य समेत दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने घायलों को तत्काल सी एच सी पहुंचाया।जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टरो ने राज वैद्य को मृत घोषित कर दिया।साथ ही दूसरे घायल का इलाज शुरू कर दिया।सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही कर शव को विच्छेदन के लिये मेडिकल कॉलेज भेजा है। अतर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम नगनेधी के अंश बानबाबा का पुरवा निवासी 55 वर्षीय हरीशचंद्र पड़ोसी 16 वर्षीय यशवन्त के साथ मोटरसाइकिल से एल पी जी सिलेंडर भरवाने अतर्रा जा रहा था। तभी बांदा प्रयागराज राष्ट्रीय राज्यमार्ग में ग्राम सेमरिया मिर्दहा मोड़ के पास तेज रफ्तार जानवर लदे पिकप ने मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गये। साथ ही पिकप सड़क के बगल की खंती में पलट गयी और चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तत्काल दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने जांच कर हरीशचंद्र को मृत घोषित कर दिया।और दूसरे घायल यशवंत का इलाज जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर विच्छेदन हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा है।

### बांदा रोटी बैंक टीम ने ग्राम पचनेही में जरूरतमंदों को कपड़ा, किताबों का किया वितरण



**बांदा।** प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज,मनु बंसल जी के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के सचिव मोहम्मद इदरीश की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य महेंद्र पाल के नेतृत्व में,समाजसेवी ग्राम पचनेही कुंजबिहारी प्रजापति ब्लॉक बड़ोखर खुर्द तहसील व जनपद बाँदा की उपस्थित में बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़े, किताबें,जूते चप्पल,पर्स,घड़ी आदि का वितरण ग्राम पचनेही के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष रिज़वान अली और महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फ़ात्मा के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े,किताबें, जूते चप्पल,पर्स,घड़ी आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम सदस्य नसीर खान,सद्दाम हुसैन, नग्गो ख़ातून, नेहा ख़ातून, समाजसेवी रानी प्रजापति ग्राम पचनेही आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### सरस्वती इंटर कालेज में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन



**बांदा।** सरस्वती इंटर कॉलेज अतर्रा बांदा मे कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अतर्रा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों जैसे ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज बिलगांव इत्यादि के सीनियर जूनियर तथा सब जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गोपाल कृष्ण पांडेय के द्वारा सरस्वती पूजन करके प्रारंभ किया गया तथा प्रतिभागियों को खेल के शारीरिक मानसिक सामाजिक व शैक्षणिक महत्व को बताते हुए संबोधित किया। विद्यालय के शिक्षक सतीश भार्गव ने छात्रों के उत्साहवर्धन करते हुए खेल के महत्व को बताया कि, खेल हमारे जीवन में आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ-साथ टीमवर्क की भावना को भी बढ़ता है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त अध्यापक शिरोमणि मिश्रा संतोष द्विवेदी विष्णु प्रसाद वाजपेई राजा ओझा इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के पश्चात विद्यालय के खेल शिक्षक उमाकांत चौरिहा के द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# मदारपुर गांव का नवनिर्मित चेकडैम ध्वस्त

**▸ मौदहा में चंद्रावल नदी पर बना था डैम**

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मौदहा विकास खण्ड में चंद्रावल नदी के पानी को रोककर किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा मुहैया कराने का शासन व प्रशासन का सपना इस ब्लाक के अधिकारियों और ठेकेदारों की कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। जिसके चलते इस नदी के नवनिर्मित चेकडैम एक के बाद ध्वस्त हो रहे हैं।

बताते चलें कि मौदहा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपए खर्च करके चंद्रावल नदी में कई जगह चेकडैम बनाने का काम हुआ है। लेकिन इनका निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदारों और विभागीय इंजीनियरों सहित संबंधित अधिकारियों की जगजाहिर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के चलते इन चेकडैमों का निर्माण कार्य अत्यंत घटिया और मानक विहीन कराया गया है। जिसके चलते ये चेकडैम एक सीजन की बरसात को नहीं झेल पाए हैं। मौदहा ब्लाक सहित समूचे जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है। ऐसा ही मामला मौदहा ब्लाक के गांव मदारपुर में चंद्रावल नदी पर नवनिर्मित चेकडैम में देखने को मिला है जहां बारिश के कारण यह चेकडैम बुरी तरह से ध्वस्त हो गया है। ग्रामीणों ने बताया है कि इसी चेकडैम में फंसकर एक सप्ताह पहले दो भैंसे मौत का शिकार हुई थीं। इसके ध्वस्त होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के स्कूल जाने से लेकर किसानों को खेतों में जाने में परेशानी हो रही है। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर बनी हुई है। ज्ञात हो कि मदारपुर के पहले क्षेत्र के गांव सिजनौडा में चंद्रावल नदी का चेकडैम ध्वस्त हो चुका है। लगातार ध्वस्त हो रहे चेकडैम कहीं न कहीं सरकारी तंत्र पर बड़ा सवालिया निशान लगा रहे हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुरारा खंड का अभ्यास वर्ग संपन्न



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कुरारा खंड का अभ्यास वर्ग कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्थानीय विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कुरारा खंड के अभ्यास वर्ग में जिला प्रचारक धनंजय ने आर एस एस के सभी अनुषांगिक संगठनों को शताब्दी वर्ष के विषय में संबोधित किया।विभाग संचालक गोपालदास पालीवाल ने स्वयं सेवकों को ग्रामीण क्षेत्र में शाखा लगाने के लिए प्रेरित किया तथा लोगो को आर एस एस के संबंध में बताने के लिए प्रेरित किया। अभ्यास वर्ग में जिला शारीरिक प्रमुख उमाशंकर, जिला सह शारीरिक प्रमुख शुभम द्विवेदी, खंड प्रचारक सचिन, सह खंड कार्यवाह प्रद्युम्न, खंड कार्यवाह विवेक पालीवाल, शारीरिक प्रमुख अमित सिंह, अंकित सेंगर, गणेश तिवारी सहित सैकड़ों स्वयं सेवक मौजूद रहे।

# राजगुरु की जयंती पर वर्णिता ने दी पुष्पांजलि

**भरुआ सुमेरपुर।** देशभक्तों की देश के प्रति समर्पण के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत एक बेमिसाल देशभक्त शिवराम हरि राजगुरु की जयन्ती पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि राजगुरु वास्तव में एक देशपरायण क्रांतिकारी थे। इनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। इनका जन्म 24 अगस्त 1908 को पुणे के खेड़ा गांव में हरिनारायण और पार्वती देवी के घर ब्राह्मण परिवार में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद इनकी चन्द्रशेखर आजाद और भगतसिंह जैसे महान क्रांतिकारियों से भेंट हो गई थी। तब ये पूरी तरह से क्रांतिकारी हो गये थे।1928 में भारत में साइमन कमीशन का पूरे देश में विरोध के तहत लाला लाजपत राय के नेतृत्व में भीषण विरोध हुआ था। तब गोरे सुरक्षा कर्मियों ने उन पर इतनी लाठियां बरसाई कि लाजपतराय का निधन हो गया था। भगतसिंह और उनके साथियों ने लाला जी की मौत का बदला लेने का निर्णय किया और 1928 में सान्डर्स का वध कर दिया गया। इसमें शिवराम हरि राजगुरु भी शामिल थे। बाद में भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव को 23 मार्च 1931 को लाहौर में फांसी पर चढ़ा दिया गया। इनके देश के प्रति योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस कार्यक्रम में सिद्धा, महावीर, प्रेम, सागर, प्रिन्स, कमलेश सोनकर, रामनरायन सोनकर, विकास, दस्सी, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# आज किन्नरों के भरथरी नृत्य के साथ होगा तीजा महोत्सव का आगाज

**▸ सैकड़ों वर्षों से विद्यमान है परंपरा जमीदारों ने शुरू की थी परंपरा**

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला का आगाज सोमवार की शाम किन्नरों के भरथरी नृत्य से होगा। किन्नर नाचते गाते कस्बे के बड़े घरानों के दरवाजे पर पहुंच कर तीजा महोत्सव की शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण देंगे। इसी के साथ तीन दिन के ऐतिहासिक तीजा मेला का आगाज होता है। भरथरी कार्यक्रम में जिले के अलावा महोबा, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, कानपुर आदि के किन्नर शिरकत करते हैं।

कस्बे का ऐतिहासिक तीजा मेला कई परंपराओं को समेटे हुए हैं। इन्हीं परंपराओं में एक परंपरा किन्नरों के भरथरी नृत्य की है। बड़े घरानों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए एक दिन पूर्व आमंत्रण देने के शुरू किया था। इसकी शुरुआत कस्बे के स्वर्गीय मुन्ना सिंह के हाता से होती है। इस वर्ष यह परंपरा सोमवार की शाम को शुरू होगी। मुन्ना सिंह के हाता से शुरू होकर यह सर्वप्रथम श्रीकृष्ण मंदिर पहुंचती है। यहां से यह लोग नाचते गाते कस्बे की छोटी बाजार, चांद थोक के बड़े घरानों के दरवाजे पहुंचते हैं और अगले दिन शुरू होने वाली शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण देकर नेग मांगते हैं। लोग हंसी-खुशी श्रद्धानुसार नेग देकर विदा करते हुए शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आश्वस्त करते हैं। इसके बाद देर रात तक यह कार्यक्रम वापस मुन्ना सिंह के दरवाजे होता है। अगली सुबह शोभायात्रा में शामिल होने के लिए यह किन्नर पुनः सजधज कर यहीं पर एकत्र होते हैं और गाते बजाते श्री कृष्ण मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल होते हैं। कस्बे के निवासी भोला सिंह, राजकुमार द्विवेदी,राधेश्याम तिवारी, अरुण प्रकाश तिवारी, राकेश तिवारी आदि ने बताया कि इस परंपरा वह लोग बचपन से देखे चले आ रहे हैं। पूर्वज बताते थे कि यह परंपरा सैकड़ो वर्ष से होती चली आ रही है। इसका उद्देश्य महज एक दूसरे को तीजा मेला में आमंत्रित करना था। जिसका निर्वहन आज भी शिद्दत के साथ किया जा रहा है।

### आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

**बबेरू/बांदा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहार गांव में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें 37 मरीजों को देखा गया सबसे ज्यादा बुखार जुखाम के मरीज पाए गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रयान गांव में आरोग्य मेले का आयोजन हर रविवार को किया जाता है जिसमें डॉक्टरों द्वारा मरीजों को देखकर उपचार किया जाता है जिसमें मेले में 37 मरीजों का पंजीयन किए गए जिसमें सबसे ज्यादा आंख के मरीज आए और बुखार जुखाम खांसी पेट दर्द सहित तमाम मरीज देखे गए। इस दौरान फार्मशिष्ट कैलाश नाथ द्विवेदी लैब टेक्नीशियन अख्तर अली वार्ड व्याय आसिफ अली सफाई कर्मी छोटेलाल सहित स्टाफ मौजूद रहा अधीक्षक डा ऋषिकेश ने बताया पखरौली आहार भभुवा रयान मझी वा शिव सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमे 210 मरीज देखे गये।

# दरवाजे पर बैठकर शराब पीने से मना करने पर मारपीट शुरू कर दी

**▸ पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की**

**मौदहा, हमीरपुर।** दरवाजे में बैठकर शराब पीने से मना करने पर एक राय होकर शराबियों ने घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए पुत्री के साथ अश्लीलता करते अपहरण की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी को देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी परसी ने कोतवाली पुलिस प्रभारी को शिकायती पर सौंपते हुए बताया कि शनिवार की रात दरवाजे पर शराब पीने से मना करने पर मूलचंद , पिंटू, गोविंद, दीपू व छोटी ने घर में घुसकर लोहे की रांड से मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित को बचाने के लिए बबलू, अजय, रोशनी, रानी दौड़े तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया जिसमें रानी को गंभीर चोटें आई वहीं पुत्री रोशनी के साथ अश्लीलता कर अपहरण की धमकी देने लगे रात्रि में डायल 112 को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस को देख शराबी घटनास्थल से भाग खड़े हुए पुलिस ने एंबुलेंस सेवा को फोन कर सभी घायलों को खून से लथपथ सरकारी अस्पताल भेज उपचार करवाया जिसकी शिकायत कोतवाली में देते हुए पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्रजापति समाज के मेधावियों का सम्मान व छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम संपन्न

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




मौदहा कस्बे के नेशनल इंटर कालेज में रविवार को प्रजापति कल्याण समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नेशनल इंटर कालेज के सेवानिवृत्त प्रवक्ता स्वामीदीन प्रजापति ने की जबकि मुख्य अतिथि सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति रहे। मौदहा के नेशनल इंटर कालेज स्थित गोपाल हाल में आयोजित प्रजापति कल्याण समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 80 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया है। इनमें से चार छात्रों को 600 रुपए प्रति माह लगातार दो वर्षो तक छात्रवृत्ति देने का निर्णय समिति के निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने ऐसे आयोजनों को समाज को ऊर्जा और तरक्की प्रदान करने का प्रेरणास्रोत बताया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डा. आर एस प्रजापति, डा. बरदानी प्रजापति, डा. बी डी प्रजापति, सत्तीदीन प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, रामरतन प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य हरगोविंद प्रजापति, राजेश प्रजापति, गुड्डू ठेकेदार, रामप्रकाश प्रजापति, जगतराज प्रजापति, भवानीदीन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में सजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# ईरानी गैंग के 2 सदस्यों को एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने दबोचा

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 24अगस्त 2025 को थाना मटौंध, थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस का छद्म भेष धारण कर चोरी, लूट, टप्पेबाजी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह ÷ईरानी गैंग÷ के 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में विगत दिनों अभियुक्तों द्वारा कई घटनाओं को अंजाम दिया गया था । हाल ही में दिनांक 22अगस्त 2025 को ई-रिक्शा से कार्यालय जा रही महिला को रास्ते में पुलिस का आईडी कार्ड दिखाकर रास्ते में सोने-चांदी के आभूषण न पहनने की बात कहते हुए उनसे टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया गया था । इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा अभियुक्तों की पहचान व शीघ्र गिरफ्तारी हेतु कई टीमों को लगाया । वैज्ञानिक एवं तकनीकि माध्यमों से जांच एवं ÷ऑपरेशन त्रिनेत्र÷ द्वारा लगाए गए कैमरों से निकाले गए सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से अभियुक्तों की पहचान की गई । पुलिस द्वारा गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सूचना पर अभियुक्तों को थाना मटौंध क्षेत्र अन्तर्गत गोयरा मुगली के पास से गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों द्वारा स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर है। अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, अवैध तमंचे, कारतूस, कूटरचित पुलिस के आईडी कार्ड, घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर कीअपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है ।

# भ्रष्टाचार में दोषी ग्राम प्रधान के अधिकार सीज, सचिव के निलंबन के आदेश

**▸ ग्राम पंचायत बदौसा में हाईमास्ट लाइट लगवाने समेत विभिन्न कार्यों में घपला**

**बांदा।** जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने और भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने के दावे करते नहीं थकती, वहीं गांवों के विकास के नाम पर ग्राम प्रधान व सचिव खुलेआम वित्तीय अनियमितताएं करने में जुटे हैं और लाखों रुपए का घपला करके मलाई काट रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत बदौसा में सामने आया है, जिसमें ग्राम प्रधान और सचिव ने गांव में हाईमास्ट लाइट लगाने समेत विभिन्न विकास कार्यों में लाखों का गबन किया है। जिलाधिकारी के आदेश पर जिला पंचायतराज अधिकारी ने जांच करते हुए दोनों को दोषी करार दिया। जिस पर डीएम ने ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज करते हुए तीन सदस्यीय समिति बनाने और सचिव के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। मामला विकासखंड नरैनी के बदौसा ग्राम पंचायत का है। जहां प्रधान सरोज देवी और ग्राम पंचायत अधिकारी रितिक रोशन पर लाखों रुपए का घपला करने का आरोप सिद्ध हुआ है। बता दें कि गांव के निवासी बाबूराम सोनकर पुत्र बालकिशुन सोनकर ने शपथ पत्र के माध्यम से डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर घपले की जानकारी दी थी। जिस पर जिलाधिकारी जे.रीभा ने जिला पंचायतराज अधिकारी को जांच के लिए आदेशित किया। बीती तीन अप्रैल को स्थलीय जांच के बाद डीपीआरओ ने डीएम को विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंप दी थी। डीएम ने अंतिम जांच के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नामित किया है। साथ ही ग्राम पंचायत अधिकारी रितिक रोशन के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने की हिदायत डीपीआरओ को दी है।

# अवैध पिस्टल के साथ तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस पुलिस द्वारा अवैध पिस्टल के साथ भ्रमण कर रहे 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।

गौरतलब हो कि दिनांक 23/24अगस्त2025 की रात्रि में थाना कोतवाली देहात पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मवई बाईपास चौराहा देव ढाबा के पास एक चारपहिया वाहन ( थार ) सन्दिग्ध अवस्था मे खड़ा मिला जिसमें 3 व्यक्ति मौजूद थे। पुलिस द्वारा व्यक्तियों से पूछताछ करने व तलाशी लेने पर उन सभी के पास से कुल 3 अवैध पिस्टल तथा 4 मैगजीन बरामद हुआ । इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी 3 अवैध पिस्टल, 4 मैगजीन, 1 चार पहिया वाहन ( थार ) गिरफ्तार अभियुक्त अनुराग सिंह पुत्र दिलीप सिंह निवासी समोध मौहल्ला महोखर थाना कोतवाली देहात जिला बांदा,अभय पुत्र जयसिंह निवासी जवाहर नगर डिवाईन लान वाली गली थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ,शिवकान्त कुशवाहा पुत्र बलवीर कुशवाहा निवासी सती माता मन्दिर के पास ग्राम महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा। पंजीकृत अभियोग मुअसं.- 219/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा ।गिरफ्तारी करने वाली टीम श्री अनूप कुमार दुबे प्र.नि. कोतवाली देहात, उ.नि. अंकुर खारी, का. दीपक अहिरवार, का.1 दीपक यादव, का. अभिषेक मिश्रा, का. सचिन पटेल, का. मंजीत यादव, का. रवि कुमार मौजूद रहे।

### शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा व चोरी के मोबाइल फोन के साथ किया गया गिरफ्तार



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने की कार्यवाही के क्रम में दिनांक 23 अगस्त 2025 की शाम को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मोहल्ला लड़ाका पुरवा खाईपार पुलिया का पास से अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर, 1 कारतूस व एक चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है जिसके सम्बन्ध में पूर्व में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत है । बरामद अवैध तमंचा व कारतूस के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। बरामदगी 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 1 कारतूस 315 बोर ,1 मोबाइल फोन (चोरी का) गिरफ्तार अभियुक्त सत्यम उर्फ़ सतेन्द्र कुमार यादव पुत्र रामभजन यादव निवासी ग्राम जाखी थाना कमासिन जनपद बांदा। पंजीकृत अभियोग मुअसं 694/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ।अपराधिक इतिहास सत्यम उर्फ़ सतेन्द्र मुअसं 687/25 धारा 304 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा। गिरफ्तार करने वाली टीम उनि राजेश कुमार मिश्र ,कां अवनीश कुमार, कां युनूस मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बाइकसवार ने पैदल यात्री को मारी टक्कर, दोनों गम्भीर रूप से घायल



**जैदपुर, बाराबंकी।** कस्बे मे नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के पास सफदरगंज मार्ग पर अपाचे मोटरसाइकिल यूपी 32 एमयू 2559 ने एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर क़स्बा इंचार्ज विनय कुमार,दीवान जयनारायण सहित पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर घायलो को उपचार के भेजवाया गया। जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब सफदरगंज से मछली व्यापारी मोटरसाइकिल से आ रहा था और दूसरी तरफ शाहबुद्दीन कर्बला निवासी पान की दुकान से सामान लेकर पैदल लौट रहा था। टक्कर मे शाहबुद्दीन का एक हाथ टूटने के साथ गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं मोटरसाइकिल चालक अब्दुल वाहिद को भी सिर और हाथ मे चोटे आई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची घायलो को निजी वाहन से सरकारी अस्पताल ले गये। अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया और दोनो घायलों की हालत को देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा इंचार्ज विनय कुमार द्वारा घटना के सम्बन्ध मे बताया गया कि दोनो घायलो को उपचार हेतु भेजा गया है।

### कोतवाल ने ग्राम प्रधानों के साथ किया संवाद, शांति बनाने में सहयोग की अपील



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कोतवाली बदोसरांय में नए प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने रविवार को ग्राम प्रधानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में क्षेत्र के सभी प्रमुख ग्राम प्रधान शामिल हुए। कोतवाल ने सभी ग्राम प्रधानों से व्यक्तिगत परिचय किया। उन्होंने गांवों की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक ने ग्राम प्रधानों से गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस हर संभव मदद करेगी।बैठक में रेखा गुप्ता, निसार मेंहदी, औन मिंया, अनमोल रावत, रामतेज सोनकर, हाजी मुश्ताक अहमद, सद्दाम हुसैन और राजेश कुमार सिंह सहित कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे। कोतवाल ने सभी से अपना मोबाइल नंबर साझा किया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संपर्क करें।

### ढाबे पर काम करने वाले व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मसौली, बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर स्थित लक्षबर बजहा गांव के निकट वीर ढाबे पर काम करने वाले एक 38 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लक्षबर बजहा गांव के निकट वीर ढाबे पर काफी समय से काम करने वाले 38 वर्षीय संतोष नाम के मजदूर ने ढाबे के पीछे स्थित हाल मे फांसी लगाकर जान दे दी मृतक कहा का रहने वाला है जिसकी जानकारी ढाबा मालिक को नही ढाबा संचालक जयवीर ने बताया कि मृतक संतोष काफी समय से ढाबे पर काम करता था तथा शराब का आदी था।

### शिव बारात निकाली गई, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** मेलरायगंज मजरे करामतपुरवा में रविवार को शिव बारात का आयोजन किया गया। बारात कामेश्वर मंदिर से शुरू होकर कुंतेश्वर किंतूर तक निकाली गई। बारात का रास्ता पंजरौली चौराहा होते हुए हनुमान मंदिर से होकर गुजरा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भक्तों ने डीजे की धुन पर भक्ति गीतों के साथ नृत्य किया। माताएं, बहनें और छोटे-छोटे बच्चे भी बारात में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने रंग और गुलाल उड़ाते हुए बारात में हिस्सा लिया।कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी बारात का आयोजन किया गया। सभी लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम में राजू, मनोज, विनोद, रामनारायण, तेजकुमार, अनिल, अवधेश, जगजीवन और संतराम सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** अपराधियो व अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जैदपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को एक अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार क़स्बा इंचार्ज विनय कुमार सहित सहयोगी पुलिस के जवानों ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मसरनपुरवा जाने वाले मार्ग पर मुर्दही मोड़ के पास रंजीत रावत पुत्र लाल किशोर निवासी बबुरा बांध थाना जैदपुर को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी लेने पर एक अदद नाजायज चाकू बरामद कर संबंधित धाराओं में कार्यवाही की है। इस संबंध में क़स्बा इंचार्ज विनय कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओ मे कार्यवाही की गयी है।

### सर्प दंश से युवक की मौत

**सिद्धौर बाराबंकी।** घर से मजदूरी करने गए युवक को एक जहरीले सांप ने काट लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। असंद्रा थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी दुखीराम बीते 22 अगस्त को मजदूरी करने बाराबंकी गया था। दिन में मजदूरी करने के बाद देर शाम वह कमरे पर आया। रात्रि में भोजन करके सो रहा था। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उसे काट लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।

### 'पुलिस आपके द्वार' के तहत लखापुर में लगी चौपाल



**उन्नाव।** कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जाजमऊ चौकी के लखापुर ग्राम पंचायत में रविवार को पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस आपके द्वार योजना के तहत आयोजित इस चौपाल में गंगाघाट कोतवाली प्रभारी पी.के. मिश्रा और जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनय यादव अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। चौपाल में ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपनी व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं को पुलिस अधिकारियों के साथ साझा किया। इस पहल का उद्देश्य लोगों की शिकायतों को उनके घर के नजदीक ही सुनना और उनका त्वरित समाधान करना है। सरकार की मंशा के अनुसार पुलिस की कार्यशैली और गुणवत्ता में सुधार और अपराधियों एंव अपराध पर नियंत्रण के लिये सामंजस्य बनाने के लिये ऐसी चौपाल आयोजित किये जाने के निर्देश हुए है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक की दबकर मौत, श्रमिक घायल

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से चालक नीचे दब गया जिसे गंभीर हालत में मियागंज अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जबकि साथ में मौजूद श्रमिक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। एफचौरासी नगर पंचायत के मोहल्ला मोतीनगर निवासी जुबैर अली 40 श्रमिक बब्लू के साथ सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से इंटरलाकिंग ईट ट्रैक्टर-ट्राली पर लादकर आसीवन थाना क्षेत्र के पेसारी गांव गया था जहां ईट उतार लखनऊ-बांगरमऊ मुख्य मार्ग पर पहुंचा था तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके नीचे चालक जुबैर दब गया। ग्रामीणों ने चालक को बाहर निकालकर अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

### 11 लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की गई कार्रवाई

**ऊसराहार, इटावा।** आपसी विवाद और मारपीट के मामले में पुलिस ने ग्यारह लोगो को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्यवाही की। ऊसराहार थाना के नगला विजई एंव नगला झावर व इकघरा मे आपसी विवाद के चलते मारपीट हो गई। सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने तीनों स्थान से ग्यारह लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्यवाही की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने बताया सुरेन्द्र बाबू पुत्र रामेश्वर दयाल उम्र करीब 48 वर्ष, शारदा देवी पत्नी सुरेंद्र बाबू उम्र करीब 45 वर्ष, विदेश कुमार पुत्र मडई लाल उम्र करीब 49 वर्ष, रामादेवी पत्नी विदेश कुमार उम्र करीब 37 वर्ष निवासीगण ग्राम नगला विजई थाना ऊसराहार इटावा एंव शैलेन्द्र सिंह पुत्र बलराम सिंह उम्र करीब 24 वर्ष, राघवेन्द्र सिंह पुत्र बलराम सिंह उम्र करीब 26 वर्ष, बलराम सिंह पुत्र क्लेक्टर सिंह उम्र करीब 58 वर्ष निवासीगण ग्राम नगला झावर थाना ऊसराहार जनपद इटावा व सुधा देवी पत्नी स्वर्गीय वीरेन्द्र सिंह उम्र करीब 52 वर्ष, चंदन पुत्र स्वर्गीय वीरेन्द्र सिंह उम्र करीब 28 वर्ष, सीमा पत्नी अरविन्द उम्र करीब 45 वर्ष, अरविन्द पुत्र शोभाराम सिंह उम्र करीब 50 वर्ष निवासीगण ग्राम इकघरा थाना ऊसराहार को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्रवाई कर उपजिलाधिकारी ताखा के न्यायालय मे भेजा गया है।

# साइबर सेल के अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




पुलिस लाइन स्थित जिला प्रशिक्षण सभागार में जनपद के समस्त थानों के साइबर सेल में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों को व्यावहारिक साइबर प्रशिक्षण दिया गया।

क्षेत्राधिकारी लाइन संगम कुमार व साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार जिला प्रशिक्षण केन्द्र में साइबर क्राइम की बढ़ती संख्या व जटिलता के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों पर स्थापित साइबर सेल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येक थाने के साइबर सेल में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों को व्यावहारिक व विशेष साइबर प्रशिक्षण दिया गया।

साइबर थाना व साइबर सेल प्रभारी द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण में जैसे- थाने पर आए पीड़ितों की शिकायत ऑनलाइन साइबर पोर्टल/साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज करना, वित्तीय व सोशल मीडिया से संबंधित धोखाधड़ी से बचने के उपायों तथा साइबर पोर्टल NCRP (National cyber-crime reporting portal) , SAMANVAYA PORTAL , Cyber safe portal , Sanchar sathi (Chakshu portal) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## लक्ष्य फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को कस्बे के मनोकामना हनुमान मंदिर के उद्यान मे लक्ष्य फाउंडेशन के स्वयंसेवकों द्वारा वृक्षारोपण करते हुए धरती पर हरियाली बढ़ाने का प्रयास किया गया कार्यक्रम के आयोजक पूर्व एनवाईवी आदर्श अवस्थी ने बताया की लक्ष्य फाउंडेशन धरती पर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से बीते कई वर्षो से वृक्षारोपण एव जन जागरूकता अभियान करते हुए लोगो को प्रेरित करने का काम कर रहा है लक्ष्य फाउंडेशन के समस्त स्वयंसेवक अनवरत इस कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है इस अवसर पर लक्ष्य फाउंडेशन के अध्यक्ष पियूष मिश्रा, राकेश सिंह, आदित्य सिंह, शिवकुमार यादव, प्रदीप शर्मा, राहुल दीक्षित राम किरसन रावत, लवकुश कुमार, अलोक कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

## किसानों पर दर्ज मुकदमें हों वापस, भाकियू ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

किसानों के आंदोलन के उपरांत दर्ज किए गए मुकदमे को वापस लिए जाने हेतु भाकियू श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अब्बास जैदी एडवोकेट ने डीएम को पत्र लिखकर मुकदमे को वापस लिये जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार जिलाध्यक्ष ने पत्र मे लिखा है कि दिनांक 19-08-25 को किसानों, मजदूरों की समस्याओं व खाद की कालाबाजारी एवं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होने से उत्पन्न गंभीर संकट के विरोध मे पूर्व सूचना के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से संवैधानिक अधिकारो के तहत आंदोलन किया गया था। किन्तु अत्यंत खेद का विषय है कि संबंधित विभागीय अधिकारियो व पुलिस की मिलीभगत से असंवैधानिक तरीके से तीन चार निर्दोष व्यक्तियो के अनय के नाम से मुकदमा दर्ज किया गया।

जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं पूर्व सूचना के आधार पर किया गया था, अतः किसी प्रकार का आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाना न्यायसंगत में नहीं है। इसलिए इस असंवैधानिक एवं अनुचित मुकदमे को तत्काल वापस लिया जाए। अन्यथा आने वाली दिनांक 26-08-25 को विवश होकर भारी संख्या में किसान व महिलाए जिलाधिकारी के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की होगी।

## अंतर्जनपदीय दो चोर व तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से मारफीन-नकदी बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

स्वॉट/सर्विलांस व थाना बड्डूपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 2 शातिर अन्तर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की घटना से सम्बन्धित नकदी, 258 ग्राम अवैध मारफीन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। जनपद में चोरी की घटनाओं पर रोकथाम लगाने व चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को विशेष अभियान चलाकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना बड्डूपुर पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा रविवार को दो अभियुक्तों 1. दिनेश अवस्थी पुत्र स्व. बेचेलाल 2. मनोज कुमार अवस्थी पुत्र दिनेश अवस्थी निवासीगण ग्राम कितुरी थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर को ग्राम टड़वानानकारी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की घटना से सम्बन्धित 26,070/-रुपये नकद, 258 ग्राम अवैध मारफीन व घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल यूपी34डीएस8070 बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना बड्डूपुर पर मुअसं 257/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ व जांच में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण रिश्ते में पिता-पुत्र हैं तथा घटना करने से पहले उस जगह की रेकी करते हैं, रेकी के पश्चात शातिर तरीके से घटनाएं कारित करते हैं। अभियुक्तगण आस-पास के जनपदों में रेकी कर घटना को अंजाम देते हैं। अभियुक्तगण द्वारा चोरी किये गए रुपयों से अवैध मारफीन खरीदकर उसको बेचने का काम भी करते हैं। अभियुक्तगण दिनांक 20.8.2025 को थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत रीवा सीवा बाजार स्थित जय मां ट्रेडर्स की दुकान पर आये और दुकानदार से सीमेंट की मांग की, दुकान का मालिक सीमेंट देने के लिए बगल के गोदाम से सीमेंट लेने चला गया उसी समय अभियुक्तगण द्वारा गल्ले में रखे करीब 94,000/- रुपये चोरी कर लिए गए तथा बरामद मोटर साइकिल यूपी34डीएस8070 से भाग गए। जिस सम्बन्ध में थाना बड्डूपुर पर मुअसं 247/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। मैनुअल इंटेलीजेंस व डिजिटल डेटा के आधार पर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त घटना से मिले हुए रुपयों में से कुछ रुपयों की मारफीन खरीदकर उसको बेचने की फिराक में थे। अन्य जनपदों से भी अभियुक्तगण के सम्बन्ध में व घटनाओं के सम्बन्ध में भी जानकारी की जा रही है।




### गड्ढे में गिरी वृद्धा की पानी में डूबकर मौत

**उन्नाव।** रविवार भोरपहर घर से लापता वृद्धा का शव गांव के बाहर पानी भरे गड्ढे में पड़ा मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजगैन कोतवाली के अंतर्गत ग्राम सुंदरपुर निवासी 60 वर्षीय बिट्टो देवी पत्नी स्व.धनीराम रविवार भोरपहर घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने खोजबीन करनी शुरू कर दी। इसी बीच अपने खेतों की ओर से आते समय युवक ने गांव के बाहर पानी भरे गड्ढे में वृद्धा हाथ दिखाई पड़ा जिसने गांव में सूचना दी तभी वृद्धा की खोजबीन कर रहे लोग मौके पर जा पहुंचे और शव को बाहर निकल पहचान करने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेजा है।

## सई नदी पुल पर बने एप्रोच की सड़क धंसी, आवागमन बंद



**उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर बकिया मार्ग सई नदी पर बने पुल के एक हिस्से की एप्रोच सड़क रविवार सुबह भरभराकर धंस गई। इससे सड़क पर 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया। सड़क धंसने से आवागमन बंद हो गया जिससे राहगीर सहित ग्रामीणों को 15 किलोमीटर घूमकर हसनगंज जाने के लिए समदपुर मार्ग से होते हुए व मियागंज को जाने के लिए छित्तेपुर मार्ग से होकर जाना पड़ेगा, सई नदी का लगातार जलस्तर बढ़ने से पानी सड़कों के ऊपर से बहने लगा है। सुबह का समय होने से राहगीरों का आवागमन बंद था जिससे बड़ा हादसा होते टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि एप्रोच सड़क के किनारे मिट्टी के अलावा पत्थर नहीं लगे थे जिसके कारण तेज बहाव से पानी अंदर घुस गया और सड़क धस गई। पुल का शिलान्यास 2008 वित्तीय वर्ष में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने किया था। दो वर्षों में पुल बनकर तैयार हुआ था जिसका लोकार्पण तत्कालीन विधायक राधेलाल रावत ने किया था। पीडब्ल्यूडी जेई हरिशंकर ने बताया कि पुल की मरम्मत कब हुई थी यह जानकारी सेतु निगम ही दे सकता है जो एप्रोच धंस गया है उसमें मिट्टी भराई जायेगी, तब तक पुल को बंद कर दिया गया है सही होते ही आवागमन शुरू करवाया जाएगा।

## मुर्गी लादकर जा रहे लोडर की टक्कर से अधेड़ की मौत, नाती घायल

▸ जिला जज आवास के सामने की घटना, परिजन बदहवास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**



सदर कोतवाली के मोहल्ला सिविल लाइन जिला जज आवास के सामने सुबह के समय बाइक सवार अधेड़ अपने नाती के साथ जाते समय मुर्गी लादकर जा रहे लोडर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ की मौत हो गई जबकि लोडर चालक अपना वाहन लेकर मौके से भागने लगा तभी बाइक लोडर में फंस जाने दो सौ मीटर तक घसीटता लेकर चला गया जिससे नाती गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वाहन को पुलिस ने सुपुर्दगी में ले लिया। अचलगंज थाना व कस्बा के मुख्य चौराहा निवासी जयराम साहू (55) पुत्र स्व. संकटा प्रसाद किसानी करता था। रविवार भोरपहर वह ग्राम शिवपुर ग्रांट निवासी बेटी पिंकी के बेटे यश (12) पुत्र सर्वेश को लेकर दर्शन करने सीतापुर जिला स्थित नैमिषारण्य मंदिर जाने निकला था। करीब पांच बचे सदर कोतवाली के सिविल लाइन मोहल्ला स्थित जिला जज आवास के पास सामने से मुर्गी लादकर आ रहे लोडर ने उसकी बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर गिरने से लोडर जयराम को रौंद दिया। वहीं सड़क पर गिरे यश के भी चोटें आई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का आधे से अधिक हिस्सा लोडर के नीचे फंस गया। जिसे चालक घसीटते हुए 100 मीटर तक के गया और फिर लोडर खड़ा कर भाग निकला। सुबह सैर करने निकले लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जयराम को मृत घोषित कर दिया। वहीं यश को परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। अधेड़ की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची है।

## राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में जनपद के व्यापारी हुए शामिल



**इटावा।** देश की राजधानी दिल्ली के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के साथ जनपद इटावा के व्यापारी नेता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाह एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष संतोष चौहान, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा शामिल हुए। राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में एक देश एक चुनाव को लेकर देश के सभी उद्यमी एवं व्यापारियों से समर्थन की अपील की। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनगढ़, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी, दिल्ली के सांसद प्रदीप खंडेलवाल एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री संदीप बंसल, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कछल सहित अन्य व्यापार संगठन के नेता शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा व्यापार मंडल के द्वारा पूरे प्रदेश में एक देश एक चुनाव के संबंध में प्रदेश के सभी जनपदों में हस्ताक्षर अभियान चलाकर जन समर्थन लिया जाएगा।

## अज्ञात युवती की हत्या, नहीं हुआ खुलासा

**बकेवर, इटावा।** दस दिन पहले कहीं से लाकर फेंके गए युवती के शव की पहचान न होने से उसकी हत्या की गुत्थी सुलझ नही पा रही है। युवती के शव की शिनाख्त के लिए युवती के शव की फोटो लेकर बकेवर थाना के पुलिस कर्मियों को आसपास के जनपदों में भेजा गया लेकिन कहीं से कोई शिनाख्त का सूत्र नहीं मिल रहा है। बकेवर थाना क्षेत्र में बिजौली के पास नेशनल हाइवे से आधा किमी दूर भीमनगर बेरीखेड़ा को जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर 14 अगस्त को हाथपैर बंधे चादर में लिपटी के अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ था। युवती की उम्र 23 साल के करीब आँकी गयी थी। शव के गर्दन पर किसी फंदे जैसा निशान बना हुआ था जैसे फंदा डालकर या गला दबाकर उसकी हत्या की गई हो। बरामद शव करीब 12 से 24 घंटे पुराना लग रहा था। शव को पहचान न होने पर 72 घंटे बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की किसी बजह से दम घुटने मौत होना बताया गया। बकेवर थाना पुलिस मिले अज्ञात युवती के शव की शिनाख्त कराने में जुटी है लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है। घटनास्थल को जाने वाले मार्ग के हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया लेकिन कहीं से कोई सुराग नहीं लगा। युवती का शव किसी वाहन से लाकर वहां फेंका गया हैं। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक ने बताया कि युवती के शव की फोटोग्राफ बनवाकर उनको सभी चौकी क्षेत्र के पुलिस कर्मियों को देकर उन्हें जनपद से सटे अन्य जनपदों औरैया, फिरोजाबाद, भिंड, मैनपुरी, जालौन आदि के थानों में भेजकर लापता युवती के बारे में पता कर उनकी फोटो से युवती के शव की फोटो से मिलान करा कर शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### सपा कार्यकर्ताओं ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**उन्नाव।** बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के कटरी इलाके में दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में हैं। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सपा कार्यकर्ताओं ने बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत कार्य शुरू किया है। युवा सपा नेता मोहम्मद इमरान सिद्दीकी ने फतेहपुर-84 के पूर्व अध्यक्ष साबिर खान के साथ करीब एक दर्जन गांवो का नाव से दौरा किया। इन गांवो में श्री सिद्दीकी ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। राहत सामग्री पाकर बाढ़ पीड़ितों ने श्री सिद्दीकी को दुआएं दी। उन्होंने आगे भी इस तरह की मदद जारी रखने का भरोसा दिलाया। इसी तरह समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव त्रिवेदी ने पार्टी के उन्नाव प्रभारी आरिफजमा को स्थिति की जानकारी दी। इसके बाद सपा कार्यकर्ता राहत सामग्री लेकर बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव गुलिस्तान खान और जिला उपाध्यक्ष औलिया खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर राहत सामग्री वितरित की। कार्यकर्ताओं ने तीन किलोमीटर तक नाव से यात्रा कर पीड़ितों तक राशन और फल पहुंचाए। संजीव त्रिवेदी ने कहा कि धन्नापुरवा, हरिगंज और लोकेयां पुरवा समेत सभी गांवों की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि सत्ताधारी नेता और अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा नहीं कर रहे हैं।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग पर स्थित ग्राम मुझहैया के निकट तेज़ रफ़्तार दो बाइकों के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस तीनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने एक घायल को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो घायलों को बेहद नाज़ुक हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम माढ़ापुर अंतर्गत मजरा मुड़ेरा निवासी संजीव कुमार उर्फ गुड्डू 35 वर्ष पुत्र रामशंकर अमीन अपने गांव के ही कपिलदेव 25 वर्ष पुत्र मानसिंह के साथ बाइक के जरिए बांगरमऊ से अपने घर लौट रहा था। जबकि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चहलहा निवासी रामू 32 वर्ष पुत्र सुंदर बाइक से किसी आवश्यक कार्य हेतु बांगरमऊ आ रहा था तभी रास्ते में आज़ शनिवार को देरशाम बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग पर स्थित ग्राम मुझहैया के निकट तेज रफ्तार दोनों बाइकों के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए।

### उधोग व्यापार मंडल की बैठक संपन्न

**इटावा।** उ. प्र. उधोग व्यापार मन्डल की बैठक कनिष्ठ जिलामहामंत्री प्रत्यूष वर्मा के निवास को सुबह जिलाध्यक्ष अनन्त अग्रवाल के बाहर होने के कारण बैठक की अध्यक्षता बरिष्ठ जिलामहामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव ने की। बैठक में बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह चौहान ने कहा कि शीघ्र अध्यक्ष के बाहर से आने के बाद संगठन का विस्तार करते हुए नये सक्रिय व्यापारियों को जोडने का अभियान चलाया जायेगा तथा युवा ईकाई व महिला ईकाई का भी गठन किया जायेगा। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि कुछ लोग हमारे संगठन का नाम लेकर अपने को पदाधिकारी बताकर अधिकारियों को परिचय देते हैं उनका हमारे संगठन से कोई सम्बन्ध नहीं गोरखनाथ वर्मा व रिंकू यादव का उ. प्र. उधोग व्यापार मन्डल से अब कोई सम्बन्ध नहीं है। बैठक में खाद्य विभाग सेम्पिल, बिजली बिभाग व जीएसटी में आ रही परेशानियों पर भी विचार विमर्श हुआ. बैठक में व्यापार मन्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा को बधाई दी कि उनके लगातार प्रयास से केन्द्र सरकार ने जीएसटी के स्लेव में रंगों कर चार स्लेव की जगह दो स्लेव 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रखने की सहमति दी. बैठक में रवि शंकर अग्रवाल, राममनोहर दीक्षित, नगर अध्यक्ष गुरुभेज सिंह भेजा, पंकज गुप्ता, राजेन्द्र सिंह वर्मा, मनीष गुप्ता, मुकेश गुप्ता रहे।

# केंद्रीय कर्मचारी पेंशनर्स सेमिनार संपन्न

▸ राष्ट्रीय महासचिव हुए सम्मिलित

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**




नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का सम्मेलन चीफपोस्टमास्टर जनरल ऑफिस लखनऊ के प्रांगण में सैकड़ों सेवानिवृत कर्मचारी साथियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन कामरेड वीरेंद्र तिवारी द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव कामरेड राघवेंद्रन, का. हरिकिशोर तिवारी, का. शिवबरन सिंह यादव, का. आरपी सिंह, का. केआर यादव, का. अजय त्रिवेदी आदि ने संबोधित किया। जनवरी में फौरी तौर पर चुनावी मुद्दे की तरह घोषित 8 वें वेतन आयोग को 8 माह होने केबाद तत्काल घोषित करने और वैलिडेशन ऑफ सी सी एस पेंशन नियम 2025 की वापसी को अभी तक उच्च स्तर की संगठन और अधिकारियों के बीच हुई वार्ताओं के क्रम में स्पष्ट पत्र जारी किये जाने पर चर्चा और एक मत से सभी ने हाथ उठा कर विरोध स्वरूप आंदोलनात्मक, ध्यानाकर्षण कार्यक्रम काने हेतु संकल्प लिया तथा 10 अक्टूबर 2025 को दिल्ली में पूरे देश के कार्मिकों की रैली का भी आवाहन किया गया। महासचिव कामरेड के. राघवेंद्रन ने बताया कि भारत सरकार कर्मचारियों और पेंशनर्स के मुद्दे पर गंभीर नहीं है जहां आठवां वेतन आयोग का गठन नहीं कर रही है वहीं पेंशनर्स को भी महंगाई राहत से अलग करने की कोशिश में हैं जिसे हम लोग किसी भी प्रकार से सफल नहीं होने देंगे उन्होंने ऑल इंडिया लेबल पर आंदोलन चलाने पर बल दिया का. हरीकिशोर तिवारी ने उत्तर प्रदेश में केंद्रीय कर्मचारीसंगठन व पेंशनर्स संगठनों के साथ मिलकर चरणबद्ध तरीके से विरोध करेंगेकेंद्रिय कर्मचारियों के संगठनों के साथ मिलकर पूर्व की भांति अपनी जायज मांग को पूरा कराएंगे। कॉ. केआर यादव कॉ. आरपी सिंह कॉ. शिवबरन सिंह ने भी आठवीं वेतन आयोग के विधिवत गठन कराकर कर्मचारियों को लाभ दिलाने महंगाई राहत पूर्व की तरह जारी रखना तथा पेंशन के राशिकरण को पंद्रह वर्ष से कम कर ग्यारह वर्ष करने आदि पर केंद्र ब राज्य एक साथ मिलकर काम करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ पेंशनर्स एसोसिएशन को और मजबूत करने पर बल दिया गया।

# संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाएं सतर्कता : एसपी

- एसपी ने अपराध गोष्ठी व सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर कानून व्यवस्था मजबूत बनाने पर दिया जोर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, अपराधों पर नियंत्रण स्थापित करना एवं पुलिस बल के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना रहा।

अपराध गोष्ठी के दौरान गंभीर अपराधों की विवेचना, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, महिला अपराध एवं बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की गहन समीक्षा की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे विवेचनाओं में तेजी लाएं और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।


बैठक में पुलिस कर्मियों को निर्देश देते एसपी विनोद कुमार

आगामी त्योहारों को देखते हुए उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने, अधिक पेट्रोलिंग करने और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। बैठक में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, और महिला एवं बाल सुरक्षा के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने पर विशेष बल दिया। इस दौरान एएसपी अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप सिंह, कुलवीर सिंह, सुरेश कुमार सहित सभी थाना प्रभारी एवं जनपद के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**सैनिक सम्मेलन में उठी पुलिसकर्मियों की आवाज**

कन्नौज। सम्मेलन के दौरान जिले के विभिन्न थानों से आए पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों, संसाधनों की कमी और व्यक्तिगत समस्याओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। एसपी ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सैनिक सम्मेलन का उद्देश्य पुलिस बल के साथ संवाद कायम कर उनकी समस्याओं को समझना और उनके कल्याण के लिए जरूरी कदम उठाना है।

# बाइक सवार जिन्दगी सुरक्षित रखने के लिये प्रयोग करें हेलमेट : टीएसआई

**समधन, समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीएसआई ने सड़क पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई उन्होंने कहा बाइक सवार हेलमेट का प्रयोग करके अपनी जिन्दगी को सुरक्षित करें।

समधन नगर के पास रविवार को गुरसहायगंज व फर्रुखाबाद मार्ग पर टीएसआई अरशद अली ने सड़क पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुऐ कहा सड़क पर वाहन को लेकर यातायात नियमों का पालन करके खुद अपनी कीमती जि़न्दगी को सुरक्षित रखने का काम करें और दूसरों को भी बचाये उन्होंने जगह-जगह जाम लगने के बारे में वाहन चालक एक दूसरे से आगे निकलने के लिये यातायात नियमों को भूल जाते हैं जिसकी वजह से सबको उसका खामियाजा भुगतना पड़ता है कभी कभार तो ऐम्बुलेंस जाम में फंसने से मरीज की जान तक चली जाती है अगर चालक अपनी साइट में वाहन चलाने का प्रयास करें तो जाम से आम जनता को निजात मिल सकती है। टीएसआई अरशद अली ने बाइक सवारों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी देते हुऐ कहा कि घर से निकलने से पहले सिर पर हेलमेट जरुर लगायें क्योंकि जि़न्दगी बहुत अमूल्य है खुद नियम का पालन करें और दूसरों को भी हेलमेट लगाने के लिये अगाह करें उन्होंने टैम्पो चालकों को ओवरलोड सवारी न लटकाने की हिदायत दी। वाहन चेकिंग अभियान के तहत टीएसआई ने एक वैन सहित 25 वाहनों के चालान किये गये और दो टैम्पो सीज कर दिये।


टैम्पो चालक को यातायात नियमों की जानकारी देते टीएसआई अरशद अली

## सड़क पर भैंस बांधने को लेकर हुए खूनी संघर्ष में कई घायल



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिलमिलैयापुर में सड़क पर भैंस बांधने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच लाठी डंडे चलने लगे। इसमें एक पक्ष से रूपम पत्नी लक्ष्मण सिंह, उनके पति तथा बच्चों के अलावा दूसरे पक्ष से गौरव पुत्र रामकिशन तथा उनके चाचा भी घायल हो गए। मामले की शिकायत दोनों पक्ष ने पुलिस से की है।

# देवसेना संगठन का किया गया विस्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

असालत नगर में हनुमानगढ़ी पर दयानंद कोटेदार के कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिसोदिया एवं जिलाध्यक्ष गोपाल दुबे टाडा ने संगठन का विस्तार किया।

इस अवसर पर विकास कुमार को किसान प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, जयदेव गुप्ता उर्फ नीरज भाटिया को व्यापार प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, अमित दुबे एडवोकेट को विधि प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, सर्वेश तिवारी को आईटी सेल का जिलाध्यक्ष, सौरभ कुमार वर्मा को शिक्षक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, अरविंद गुप्ता को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, भूर सिंह को जिला उपाध्यक्ष, शिवम गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी, बृजेश मिश्रा को जिला संगठन मंत्री, सोमदेव को जिला सचिव, शोभित सिंह भदौरिया को वरिष्ठ युवा जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार शर्मा को तहसील अध्यक्ष, प्रवीण कुमार सिंह को तहसील उपाध्यक्ष, जय सिंह को तहसील सचिव, श्यामसुंदर को ब्लॉक अध्यक्ष, अमित कुमार व अखिलेश कुमार को ब्लॉक उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप कर नियुक्ति पत्र दिए गए। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिसोदिया ने सभी पदाधिकारियों से कर्तव्यनिष्ठा के साथ संगठन के हित में कार्य करने की अपील की।



# खाद की कालाबाजारी पर की जाए सख्ती

- भाकियू (औनू) की बैठक में संगठन का विस्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (औनू) की जिला कार्यालय पर संपन्न हुई मासिक बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा के साथ किसानों के हितों पर जोर दिया गया।

जिलाध्यक्ष ठाकुर संजीव ठाकुर ने खाद की कालाबाजारी पर चिंता जताते हुए पदाधिकारियों को कालाबाजारी करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि राशन में कमी करने वाले कोटेदारों के खिलाफ संगठन को सूचित करें, ताकि कठोर कार्रवाई कराई जा सके। उन्होंने किसानों को देश की रीढ़ बताते हुए उनके हितों की लड़ाई हर कीमत पर लड़ने का संकल्प दोहराया।



बैठक में जिला प्रभारी शक्ति सिंह भदौरिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। उन्हें फूलमालाएं पहनाकर और केक खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर संगठन का विस्तार भी किया गया, जिसमें सनी यादव उर्फ इलू को मंडल महासचिव, प्रवीण दीक्षित को मंडल सचिव, कृष्ण कुमार और आशीष कुमार को नगर मंत्री, रवि राठौर को जिला सचिव मनोनीत किया गया।

बैठक में अनुज दुबे, विकास दीक्षित, रेवतीरमन शुक्ला, अमित यादव, प्रवेश यादव, राजा कुशवाह, सुबोध शुक्ला, पवन दीक्षित, शिवम राठौर, अभिषेक यादव, रोहन प्रधान, सवित यादव, संजय यादव, सोनू भदौरिया, सरवेंद्र ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समय से कार्यालय में नहीं बैठते अधिकारी





- मुख्यमंत्री के निर्देशों का नहीं हो रहा है पालन
- समृद्धि न्यूज़ की पड़ताल में सुबह अपने कार्यालयों से गायब मिले कई अधिकारी

**(अजय मिश्रा)**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुखिया लगातार अधिकारियों को निर्देशित करते हैं कि अधिकारी समय से अपने कार्यालय पहुंचे और सुबह 10 से 12 बजे तक जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर निस्तारित करें। किंतु कुछ अधिकारी आज भी लेट लतीफी के अपने पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं।

शनिवार को दैनिक समृद्धि न्यूज़ की टीम ने पड़ताल की तो सामने आया कि कई अधिकारी 10:30 बजे से 11:00 तक अपने कार्यालय पहुंचे ही नहीं है। दूर दराज से आए फरियादी ऑफिस के बाहर इधर-उधर घूमते नजर आए।

सुबह लगभग 10:30 बजे जब समृद्धि न्यूज़ की टीम डीपीआरओ कार्यालय पहुंची तो जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीराम अयोध्या प्रसाद अपने कार्यालय से गायब मिले सफाई कर रहे कर्मचारी से पूछा गया तो उसने बताया कि साहब अभी आए नहीं है आ रहे होंगे जब जानकारी की गई कि क्या रोज इसी तरह विलंब से आते हैं तो कर्मचारी ने दबी जुबान बताया कि रोज का यही हाल है। इसी समय खाद्य सुरक्षा विभाग में अभिहित अधिकारी डॉ. जतिन कुमार भी अपने कार्यालय से गायब मिले हालांकि बाद में उन्होंने दूरभाष पर बताया कि वह विभागीय कार्य से ही निकले हैं।

लगभग 10:45 बजे जिला विकास अधिकारी निशांत पांडे अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। कुछ समय बाद कार्यालय पहुंचकर उन्होंने बताया कि वह प्रोविजन कार्यालय में निरीक्षण के लिए निकले थे।

सुबह 11:00 बजे जब मीडिया टीम लघु सिंचाई विभाग पहुंची तो वहां अधिशासी अभियंता इं. अश्विनी कुमार सिन्हा मौजूद नहीं थे जानकारी करने पर पता चला कि अभी आ रहे हैं। अधिकारियों की लेट लतीफी का यह हाल तब है जब हाल ही में मुख्य विकास अधिकारी के के सिंह ने विकास भवन में सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया था अधिकारियों के समय से न बैठने पर तमाम फरियादी निराश हो वापस लौट जाते हैं। जबकि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय समय-समय पर अधिकारियों को निर्देशित करते रहते हैं कि जनता की समस्याओं का गुणवत्ता परक निस्तारण करें फिर भी कुछ अधिकारी मानने को तैयार नहीं है।

# बेटा-बेटी की मौत, सदमे में मां ने तोड़ा दम

- बीते बुधवार को करंट की चपेट में आने से हुई थी भाई- बहन की मौत
- बच्चों की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी मां, कानपुर में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

चार दिन पूर्व इनवर्टर में बल्ब का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आकर भाई- बहन की मौत हो गई थी। इस हृदय विदारक घटना से स्तब्ध मां ने भी आखिरकार रविवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।


नेमा का फाइल फोटो

बीते बुधवार को जसोदा चौकी क्षेत्र के नेकपुर कायस्थ गांव निवासी दिनेश दोहरे की 17 वर्षीय बेटी नेहा इनवर्टर में बल्ब का प्लग लगा रही थी, तभी अचानक बिजली का तार उसके ऊपर गिर गया। करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गई। नेहा को बचाने के प्रयास में उसका 19 वर्षीय भाई सनी भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बच्चों की मौत से मां नेमा (34) पर गहरा मानसिक आघात पड़ा। वह तब से ही सदमे में थीं और उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। स्वजन उन्हें इलाज के लिए कानपुर के एक अस्पताल में ले गए, जहां रविवार इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक ही परिवार में तीन मौतों से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। घटना ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है।

# इक्के की टक्कर से व्यक्ति की मौत पत्नी ने पुलिस से की शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के नॉर्मल स्कूल के सामने तेज रफ्तार इक्के की टक्कर लगने से पैदल जा रहा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



कोतवाली क्षेत्र के नगला लीटा निवासी प्रीती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 16 अगस्त को शाम करीब 4:30 बजे उनके पति रामरहीस छिबरामऊ से बाजार कर पैदल घर लौट रहे थे। तभी नार्मल स्कूल के सामने कश्मीर की चक्की के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे एक इक्के (घोड़ा गाड़ी) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे रामरहीस गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रीती उन्हें इलाज के लिए कानपुर ले जा रही थीं, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। सदमे के कारण प्रीती तुरंत शिकायत दर्ज नहीं करा सकीं। मानसिक रूप से संतुलित होने के बाद अब उन्होंने पुलिस को सूचना दी है।

## गांजा व बाइक के साथ तालग्राम पुलिस ने युवक को दबोचा


आरोपी कन्हैया गिहार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** थाना तालग्राम पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 किलो 40 ग्राम नाजायज गांजा, एक मोटरसाइकिल और रु. 100 नगदी बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पहले से ही दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

तालग्राम थानाध्यक्ष शशिकान्त कन्नौजिया ने उपनिरीक्षक शिवकिशोर सिंह, हेड कांस्टेबल संदीप सिंह, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार के साथ बलनपुर जाने वाली कच्ची सड़क से अभियुक्त कन्हैया गिहार (26) पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम शाहबाजपुर, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात (वर्तमान पता मकरन्दनगर कुतलूपुर, थाना कोतवाली कन्नौज) को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना तालग्राम में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

एक दुखद हादसे में कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष आशीष चौहान के चचेरे भाई अभिषेक चौहान (पुत्र भूपेंद्र सिंह चौहान) की कमालगंज थाना क्षेत्र में पेड़ से कार टकराने से दुर्घटना में मौत हो गई।

नगर के आवास विकास कॉलोनी निवासी अभिषेक अयोध्या में नौकरी करते थे। शनिवार की रात को अयोध्या से घर लौटते समय कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजीपुर बुलबुल कोल्ड स्टोरेज के पास नींद की झपकी आने के कारण उनकी कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए फतेहगढ़ भेज दिया। दुर्घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाकिर हुसैन एडवोकेट, संजय पौल, विनोद कुमार दुबे, अमोल दीक्षित, मेहराज वारसी, राजू खान, आसिफ सिद्दीकी, और मुकेश दुबे अभिषेक के आवास पर पहुंचे और शोक व्यक्त करने के साथ परिजनों को ढांढस बंधाया।

# गणेश महोत्सव के लिए मूर्तियों की बिक्री शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गणेश महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 27 अगस्त को गजानन की स्थापना के लिए बाजारों में रौनक बढ़ गई है। स्थानीय दुकानदारों ने छोटी से लेकर बड़ी गणेश मूर्तियों की दुकानें सजा रखी हैं, जो कानपुर, मैनपुरी, और आगरा से मंगाई गई हैं।



**सजा बाजार**

श्री मंशेश्वरनाथ मंदिर के सामने और पेट्रोल पंप के नजदीक मूर्तियों की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। एमबी मार्केट में मुन्ना बर्फ वाले के अभिषेक ने बताया कि उनके पास 100 से 7000 रुपये तक की मूर्तियां उपलब्ध हैं। वहीं, पेट्रोल पंप के सामने दयाराम मूर्ति विक्रेता के पास 100 से 5100 रुपये तक की मूर्तियां हैं। दोनों दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने भारी मात्रा में स्टॉक तैयार किया है, लेकिन अभी बिक्री अपेक्षाकृत कम है। उन्हें उम्मीद है कि उत्सव नजदीक आने पर लोग मूर्तियां खरीदने आएंगे।

बाजार में मूर्तियों की विविधता और सजावट देखते ही बनती है। श्रद्धालु उत्साह के साथ गणेश महोत्सव की तैयारियों में जुटे हैं, और मूर्ति विक्रेता भी ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं।

# आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी लड़ रही बहुजनों की लड़ाई

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम हरभानपुर मे आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में आयोजित सभा में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री मुख्य प्रभारी रामगोपाल ने कहा कि आज बहुजनों की लड़ाई सिर्फ आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी लड रही है।

उन्हींने कहा अपराधो की बाढ से यूपी में जगंलराज व्याप्त है। बीजेपी बहुजनो को शिक्षा से वंचित करना चाहती है जिससे कोई सरकार सवाल ना कर सके। मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव कहा कि आजाद समाज पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। लोग इस पार्टी को उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं क्योंकि सांसद चन्द्रशेखर आजाद जाति धर्म से उठकर लोगों की मदद करते हैं। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि नीले गमछे वाले तमाम लोग आयेंगे पर नीले गमछे में भीम आर्मी के लोग ही सच्चे हितैषी हैं। बहुजन समाज की पहली पसंद आजाद समाज पार्टी बनेगी। बीजेपी की सरकार में अत्याचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। आने वाले चुनाव में आजाद समाज पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेंगी और गरीबो की विरोधी बीजेपी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। पुष्पेंद्र गौतम को तिर्वा का विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



इस मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह खटिक, जिला प्रभारी शेर सिंह, जिला उपाध्यक्ष अन्नत शाक्य, गुलाम वारिस, पवन गौतम, रोहित, मनोज आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पिता को धमकी व पुत्र के लापता होने की पुलिस से शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला गणेश चौधरी गमा देवी मंदिर के पास निवासी लाल सिंह पुत्र भगवान सिंह ने बताया कि 5 जुलाई से सुनील यादव नामक व्यक्ति द्वारा लगातार धमकियां मिल रही हैं। सुनील ने फोन नंबर 9412347075 से संपर्क कर गाली-गलौज और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। 4 अगस्त को फिर से फोन कर उसने कहा, लकड़ियों का इंतजाम कर ले, तुम तीनों को मार दूंगा। उसी दिन शाम 8 बजे लाल सिंह का पुत्र लून सिंह सब्जी लेने गया, जिसके बाद से वह लापता है और उसका फोन बंद है। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। उसने 22 अगस्त को नंबर 8447825501 से फिर फोन पर गोली मारने तथा पत्नी और लड़के को खत्म कर देने की धमकी देने लगा। लाल सिंह के पास कॉल रिकॉर्डिंग मौजूद है। वृद्ध और असहाय लाल सिंह इस उत्पीड़न से आत्मदाह को मजबूर हैं। उन्होंने पुत्र की तलाश के लिए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया हैं।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़





# बाढ़ से ठप स्कूल, डिजिटल युग में भी पढ़ाई से वंचित ग्रामीण बच्चे

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

गंगा किनारे बसे बाढ़ प्रभावित गांवों में इस बार भी बच्चों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। प्राथमिक से जूनियर तक के स्कूलों में महीनों तक पानी भरे रहने से ताले लटक जाते हैं। बच्चे घरों में कैद होकर वक्त गुजारते हैं, जबकि पाठ्यक्रम और परीक्षाओं में पिछड़ते जा रहे हैं।

***निजी स्कूलों की मनमानीः-*** जिन बच्चों का दाखिला कस्बा या शहर के निजी स्कूलों में है उनका हाल भी अलग नहीं। बाढ़ के कारण रास्ते बंद हो जाते हैं। नावें चलना मुश्किल हो जाता है और स्कूल पहुँचना नामुमकिन। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन पूरा शुल्क वसूल करेगा।

***डिजिटल पढ़ाई से दूर ग्रामीणः-*** आज के डिजिटल युग में शहरों के बच्चे ऑनलाइन स्टडी से पढ़ाई जारी रखे हुए हैं, लेकिन गाँवों में न इंटरनेट की सुविधा है और न ही बच्चों के पास स्मार्टफोन। ऐसे में ग्रामीण छात्रों की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो जाती है। हमीरपुर मजरा जात गांव के अभिभावक अनिल कुमार ने कहा बाढ़ से बेटा स्कूल नहीं जा पा रहा। ऑनलाइन क्लासेस यहाँ होती ही नहीं। फिर भी स्कूल कहता है फीस जमा करो, तभी पढ़ाई होगी।

***शिक्षा विभाग पर सवालः-*** ग्रामीणों का कहना है कि सरकार और शिक्षा विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने चाहिए। अस्थायी शिक्षण केंद्र खोले जाएं, ताकि बच्चों का भविष्य अंधेरे में न डूबे। इकलहरा गांव के अरविंद बोले हर साल यही हाल होता है। शहरों में बच्चे ऑनलाइन पढ़ते रहते हैं, लेकिन हमारे बच्चे पिछड़ जाते हैं। सरकार राहत सामग्री तो देती है, लेकिन शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं।


बाढ़ के पानी में जलमग्न विद्यालय


जुगाड़ से बनाये गये रास्ते से होकर विद्यालय जाते प्राइवेट स्कूल के बच्चे

**बच्चों का भविष्य अधर में**

ग्रामीण इलाकों के गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित हैं, वहीं निजी विद्यालयों की फीस वसूली मध्यम वर्गीय परिवारों पर दोहरी मार डाल रही है। डिजिटल शिक्षा के दौर में भी गांव के बच्चे पढ़ाई से महरूम हैं। जो शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना बन गई है।

# उ.नि. अजब सिंह को थानाध्यक्ष मेरापुर की कमान, चार इंस्पेक्टर भी बदले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक अजब सिंह की थानाध्यक्ष मेरापुर के पद पर तैनाती की है।

यूपी डायल के प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार को थाना साइबर क्राइम का प्रभारी बनाया गया है। कोतवाली कायमगंज के अपराध निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को थाना कादरीगेट का निरीक्षक अपराध की जिम्मेदारी दी गयी है। फर्रुखाबाद कोतवाली के अपराध निरीक्षक मो0 कामिल खान को कायमगंज का निरीक्षक अपराध बनाया गया है। निरीक्षक आमोद कुमार सिंह को जन शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी पद से हटाकर यूपी 112 का प्रभारी बनाया गया है।


पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

# गणेश महोत्सव व बारावफात को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गणेश महोत्सव व बारह वफाद को लेकर रविवार नवाबगंज थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गणेश महोत्सव की कमेटी के अध्यक्ष व डीजे संचालकों, बारह वफाद कमेटी के अध्यक्ष व नगरवासियों को बुलाया गया।

बैठक सीओ अजय शर्मा व थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने अध्यक्षों व डीजे संचालकों को बिना परमीशन के कार्य न करने के निर्देश दिए। परमीशन में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपने त्यौहार को मनाने की सलाह दी। वहीं सीओ अजय वर्मा ने बैठक में कहा कि यदि किसी भी प्रकार का कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो तुरंत 112 पर फोन कर सूचना दें। किसी भी तरह से कानून को अपने हाथ में न ले। पुलिस से जो भी सहायता चाहिए निसंकोच थाने पर आकर बताए। समस्या का समाधान किया जाएगा। डीजे पर अश्लील गाने या अश्लील डांस करने पर उचित कारवाही की जाएगी। इस मौके पर विनोद गुप्ता, आनंद कश्यप, अंकित राजपूत, यशवीर आर्य, संतोष गुप्ता, पिंटू गुप्ता, आलोक गुप्ता, बलदेव कश्यप, अनुज गुप्ता, अखिलेश शर्मा, गौरव सक्सेना, दुष्यंत कश्यप, आदि मौजूद रहे।


बैठक लेते सीओ व थानाध्यक्ष

## अज्ञात हमलावरों के खिलाफ दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद बरेली की तहसील फरीदपुर के गांव गुर्जर गौटिया निवासी महाराज सिंह कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के क्रीमी फूड्स लिमिटेड (मधुसूदन) के अवशीतन केंद्र पर पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत है। विगत 12 अगस्त की रात लगभग 8 बजे महाराज सिंह बाइक से दुग्ध संग्रह केन्द्र रोशनाबाद से मोहम्मदाबाद लौट रहा था। नवाबगंज मोहम्मदाबाद मार्ग पर गांव करनपुर के बीच पहुंचते ही बाइक पर सवार चार युवकों ने महाराज सिंह की बाइक का पीछा कर बाइक को रोकने का इशारा किया। बाइक को न रोकने पर बाइक सवार युवकों ने लोहे की सरिया से महाराज सिंह पर प्रहार किए। जिससे महाराज सिंह घायल हो गए। इस दौरान हमलावर बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महाराज सिंह को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया में हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें बरेली के अस्पताल ले गए। जहां महाराज सिंह का उपचार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक को घायल के भाई जीराज सिंह ने बाइक सवारों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जीराज सिंह की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बाइक सवार चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

# पांचाल घाट पुल का पुनः खुलने लगा ज्वाइंट, फिर होगी मरम्मत

- रविवार को क्रास बेरियर लगाकर मार्ग कर दिया गया ब्लाक
- जानकारी होने पर पांचाल घाट चौकी प्रभारी ने हटवाये बेरियर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट गंगा पुल की मरम्मत का कार्य एक बार फिर किया जायेगा। करीब 50 वर्ष पुराने इस पुल के ज्वाइंट फिर खुल गए हैं। उनको दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा।

रविवार को पुल पर क्रेन की मदद से क्रॉस बैरियर लगाए गए। इससे वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई और जाम की स्थिति बन गई। यातायात पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे तब उन्हें जानकारी हुई। इस पर एनएचएआई के अधिकारियों से बात की। उसका कहना था बिना सूचना के कैसे। बताते चलें कि मार्च में पुल पर बड़े वाहनों का आवागमन रोककर मरम्मत का काम किया गया था, लेकिन कुछ समय बाद ही ज्वाइंट फिर से खुलने लगे। हाल ही में एक लोडर वाहन का पहिया पुल में फंस गया था। जिससे जाम लग गया था। क्रेन चालक अनंत राज ने बताया कि पुल के ज्वाइंट की मरम्मत की जाएगी। इसके लिए क्रॉस बैरियर लगाए जा रहे हैं। मरम्मत कार्य शुरू होते ही पुल का एक हिस्सा यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा।


पांचाल घाट पुल पर लगाये जा रहे क्रॉस बेरियर

**एक तरफ से रोड कर दिया था बंद**

पांचाल घाट पुल पर क्रास बेरिसर रखने के बाद रोड एक तरफ से बंद हो गया था। तब यातायात सिपाही मौके पर पहुंचे और जानकारी की। बाद में रोड ब्लाक किए गए क्रास बेरियर को हटवाया गया। पांचाल घाट चौकी प्रभारी मोहित मिश्रा ने बताया एनएचएआई के अधिकारियों से बात की गई। कहा गया उच्चाधिकारियों को पहले रोड ब्लाक करने के बारे में अवगत कराएं। बिना उच्चाधिकारियों को सूचना दिए कैसे रोड ब्लाक हो जाएगा। ब्लाक वाले क्रास बेरियर को हटवा दिया गया है और यातायात सुचारू है।

## अपनी जगह में जानवरों को बांधने का विरोध करने पर महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज




**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऊंची गधेढ़ी निवासी आशा देवी के पति भारत सिंह की लगभग 3 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। इसके बाद आशा देवी की खाली पड़ी जमीन पर उनके जेठ हीरासिंह ने दीवार बनाकर दरवाजा लगा लिया और उसमें खूंटे गड़ाकर जानवरों को बांधना शुरू कर दिया। आशा देवी ने जानवरों को बांधने का विरोध किया, तो जेठ ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर जेठ ने आशा देवी को मारपीट करना शुरू कर दिया। मां को बचाने आई पुत्री रानी को पीटा। थाना पुलिस ने आशा देवी पत्नी स्व0 भारत सिंह की तहरीर पर जेठ हीरासिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## झोलाछाप के उपचार से अधेड़ की मौत



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** झोलाछाप के उपचार से अधेड़ की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र गाँव रायपुर खास निवासी इन्द्रजीत उम्र 55 वर्ष की हालत बिगडने पर गाँव के झोलाछाप के यहाँ से उपचार चल रहा था। आज अचानक उसकी ज्यादा हालत बिगड़ने पर परिजन दोबारा से झोलाछाप के यहाँ लेकर पहुँचे। जहाँ उसने सरकारी अस्पताल ले जाने की बात कही। परिजन उसे कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र बहादुर ने इन्द्रजीत को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।

# जर्जर मकान ढहा, बाइक दबकर क्षतिग्रस्त


गिरा कच्चा मकान व क्षतिग्रस्त हुई बाइक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात काफी पुराना कच्चा मकान गिर गया। जिसके मलबे में मोटर साइकिल दबकर क्षतिग्रस्त हो गयी। गनीमत रही कि परिजन दूसरे मकान में सो रहे थे। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खां निवासी धर्मवीर पुत्र बाबूराम का मकान काफी पुराना व जर्जर अवस्था में था। बीती रात वह अचानक ढह गया, लेकिन किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी घटना नहीं हुई। उसमें खड़ी बाइक मलवे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गयी। परिवार वाले अन्य दूसरे मकान में गये हुए थे। जिससे वह बाल-बाल बच गये।

धर्मवीर ने बताया कि मकान काफी जर्जर हो चुका था। जिसके चलते वह दूसरे मकान में सोते थे। बीती रात कच्चा मकान गिर गया। जिससे वह लोग बाल-बाल बच गये। जबकि मकान में खड़ी मोटर साइकिल दबकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 59 मरीजों की हुई जांच, दी गयीं निःशुल्क दवाएं

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस मेले में 59 मरीजों ने पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य जांच करवाई और निःशुल्क दवाएं प्राप्त कीं।

फार्मासिस्ट वीरेंद्र राजपूत के नेतृत्व में आयोजित मेले में अधिकांश मरीज सामान्य बीमारियों जैसे खांसी, जुकाम, बुखार, दाद और खाज खुजली से पीड़ित। इसके अलावा 13 मरीजों की शुगर की भी जांच की गई।

सरकार की यह पहल गरीब, मजदूर और किसानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई है। जनपद के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर यह मेला निरंतर जारी है। जहां मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। मेले में एएनएम पूजा वर्मा ने महिलाओं को परिवार नियोजन संबंधी जानकारी दी। फार्मासिस्ट ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि गंदगी से बचें और आसपास साफ-सफाई रखें। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या के लिए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।


आरोग्य मेले में दवायें लेते मरीज

# पक्षियों को मारने का विरोध करने पर भाई-बहन को पीटा


थाने में तहरीर देने के बाद जानकारी देते पीड़ित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पक्षियों को मारने का विरोध करने पर दबंगों ने भाई-बहन को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी है।

पीड़ित अरुण गिहार पुत्र स्व0 अर्जुन सिंह निवासी गिहार बस्ती लकूला का निवासी है। पीड़ित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्था का सदस्य भी है। पीड़ित के पड़ोसी जर्मन, मोहित पुत्र जर्मन, आकाश पुत्र अलवर गूंगा व सुनीता पत्नी अलवर उपरोक्त लोग कई सालों से पक्षियों को मारने का व्यवसाय बनाये हुये हैं। जिसमें राष्ट्रीय पक्षी मोर भी शामिल है। पीड़ित अरुण कुमार द्वारा जब पक्षियों को मारने का विरोध कई बार किया गया, तो आज सुबह पीड़ित अरुण कुमार व उसकी बहन शैलेश कुमारी अपनी बेटी की दवाई लेकर मसेनी से घर लौट रहे थे, तभी जर्मन, मोहित आकाश व सुनीता ने पीछे से अचानक हमला कर दिया और मारपीट शुरु कर दी व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के 3200 रुपये भी छीन लिए। पुलिस ने तहरीर देकर जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# मोहल्ला आजाद नगर का मार्ग खस्ताहाल


खस्ताहाल आजाद नगर मार्ग की सड़क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज विकास खंड के आजाद नगर मार्ग की सड़क की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है। इससे पूरा रास्ता कीचड़मय हो गया है। जिससे लोगों को निकलने बैठने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला आजाद नगर के लोगों का कहना है कि इस मार्ग से रोज आना-जाना पड़ता है। गड्ढों और कीचड़ की वजह से उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। ग्रामीण साहिल के अनुसार सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि पैदल चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण राहुल ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है।

इस मार्ग से स्कूली बच्चों और बुजुर्गों का आना जाना होता है। सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत जल्द नहीं कराई गई तो स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। जिससे यहां के ग्रामीणों को समस्या से निजात मिल सके।

# शेरपुर सराय में कटान से बहे घर लोग सामान बचाने में जुटे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से तटीय गांवों में तबाही का दौर जारी है। शेरपुर सराय गांव में गंगा की तेज धार से कटान तेजी से बढ़ रहा है। कई मकान नदी में समा गए हैं।

ग्रामीण अब अपने मकानों को खुद तोड़कर कीमती सामान को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। रजीपुर से श्रृंगीराममपुर होकर कन्नौज जाने वाले संयोगिता मार्ग पर स्थित इस गांव में दो दिन पहले विजय का मकान कटान की वजह से बह गया।

अब विवेक और विनोद के मकानों पर खतरा मंडरा रहा है। विवेक और विनोद के मकानों का कच्चा हिस्सा पहले ही कटान की चपेट में आ चुका है। वे मकान के पक्के हिस्से से लेंटर की सरिया निकालने में जुटे हैं। ग्राम प्रधान भैंरोलाल के पुत्र रावेंद्र के अनुसार कई ग्रामीण अपने घरों को खाली कर चुके हैं। गंगा की तेज धार से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। एसडीएम सदर रजनीकांत पांडेय ने गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है।

ग्रामीण शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। हर साल बाढ़ और कटान से प्रभावित होने वाले इस क्षेत्र के लोग अपने घर और जीवन को बचाने की मांग कर रहे हैं।


ग्रामीण तोड़ रहे मकान

# बाढ़ग्रस्त गांवों में राहत सामग्री वितरण करने जा रहे तहसीलदार की गाड़ी फंसी



गाड़ी से तहसीलदार को निकालते ग्रामीण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर तहसील क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांवों में राहत सामग्री वितरण के दौरान रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य के साथ बाढ़ पीड़ितों को राशन सामग्री देने जा रहे तहसीलदार अभिषेक सिंह की गाड़ी अचानक बाढ़ के पानी में भरे गड्ढे में फंस गई।

यह घटना ग्राम भरखा, आंतर और बर्रखेड़ा जाने वाले रास्ते पर हुई। जानकारी के अनुसार विधायक की गाड़ी के आगे-आगे तहसीलदार की गाड़ी चल रही थी। सड़क पर बाढ़ का पानी भरा होने से चालक गहरे गड्ढे को देख नहीं पाया और गाड़ी उसी में धंस गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से गाड़ी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। तहसीलदार अभिषेक सिंह ने बताया कि सड़क पर पानी भरा होने के कारण गड्ढा दिखाई नहीं दिया, जिसके चलते यह घटना हुई।

## बंदरों के झुंड ने किशोर पर किया हमला


सीएचसी में भर्ती किशोर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव रुटौल निवासी नीलू उम्र 13 वर्षीय पुत्र राजू अपने घर के पास खेत में काम कर रहा था। उसी दौरान बन्दरों के झुन्ड ने अचानक से किशोर पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर परिजन दौड़े और बन्दरों के झुन्ड को भगाया। साथ ही घायल अवस्था में किशोर को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 4118 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा 4 केंद्रों पर सामान्य ज्ञान परीक्षा में कुल 4118 छात्रों ने भाग लिया।

जनपद में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर केंद्र पर सीनियर वर्ग में 1457 व जूनियर वर्ग में 934, राजपुर में अमर ज्योति इण्टर कॉलेज में सीनियर वर्ग में 280 व जूनियर वर्ग में 304, शाहजहांपुर भरगंवा में अवंतीबाई इंटर कॉलेज केंद्र पर सीनियर वर्ग में 432 में व जूनियर वर्ग में 252, नवाबगंज में जेएस इंटर कॉलेज में सीनियर वर्ग में 209 व जूनियर वर्ग में 250 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया।

परीक्षा दो वर्गों में आयोजित हुई। जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 9 प्रातः 9 से 10 बजे तक तथा सीनियर वर्ग कक्षा 10 से परास्नातक तक प्रातः 11 से 12 तक। छात्रों ने छात्रवृत्ति व पुरस्कार पाने के लिए खूब मेहनत की। परीक्षा में समसामयिक, राजनीति, खेलकूद, तार्किक योग्यता, भूगोल इतिहास, गणित, विज्ञान, हिन्दी आदि के प्रश्नों को सम्मलित किया गया। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि यह प्रतियोगिता 23 वर्षो से निरंतर आयोजित हो रही है। इसके माध्यम से छात्रों का बौद्धिक विकास होता है एवं संस्थान द्वारा छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया जाता है। सामान्य ज्ञान परीक्षा का परिणाम सीनियर वर्ग 27 व 27 अगस्त एवं जूनियर वर्ग 30 अगस्त को एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की शाखाओं पर घोषित होगा।


सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

प्रबंध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से विजेता छात्र को मेगा पुरस्कार के रूप में साईकिल, प्रथम पुरस्कार मिक्सी, द्वितीय पुरस्कार इलेक्ट्रिक केटल, सांत्वना पुरस्कार दीवाल घड़ी एवं 50 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक कंप्यूटर शिक्षा पहुचे आज हर ओर प्रतिस्पर्धा बढती जा रही है इसलिए यदि सफल होना है तो मेहनत के साथ साथ कंप्यूटर ज्ञान अति आवश्यक है। परीक्षा में सुपर्णा, रक्षपाल, रियाज, जितेन्द्र यादव, प्रमोद कुमार, राजेन्द्र दीक्षित, नवीन मिश्र, नरेन्द्र पाण्डेय, अभय, पंकज पाण्डेय, डॉ0 समरेन्द्र शुक्ल, आंचल साध, रवीन्द्र भदौरिया, अनुराग पाण्डेय, सिंघिका वर्मा, अनुज दीक्षित, राधिका सोमवंशी, दीपक मिश्रा, सुमित सिंह, अरविन्द दीक्षित, शैलेन्द्र मिश्रा, उज्जवल पाण्डेय, कुलभूषण श्रीवास्तव, शरद मिश्रा, रत्नेश सक्सेना, आदेश अवस्थी, राधारमण, सुमित अवस्थी, सोनेलाल, पवन गुप्ता, प्रांजल शुक्ला, गौरव मिश्रा, रुद्रांश द्विवेदी आदि ने सहयोग किया।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व फ्लड पीएसी तैनात : जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र की जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद में अभी तक कुल 162 गांव बाढ़ से प्रभावित है। बाढ़ से प्रभावित गांवों के लोगों को प्रतिदिन प्रशासन द्वारा मदद पहुचाई जा रही है। संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी व तहसीलदार द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है।

डीएम प्रतिदिन बाढ़ क्षेत्र में जाकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याये सुन उनका निराकरण करा रहे है। जिलाधिकारी ने बाढ़ राहत से संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया है कि बाढ़ पीड़ितों को राहत

**▸ कुल 162 गांव बाढ़ से प्रभावित, लोगों को किया जा रहा भोजन का वितरण**

पहुंचाने में कोई भी लापरवाही न की जाये, लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन सुबह शाम बाढ़ की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने निर्देशित किया कि बाढ़ से प्रभावित कृषि क्षेत्र का सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान करने की कार्यवाही की जाये।

अभी तक 34526 बाढ़ राहत खाद्यान्न किट का वितरण किया जा चुका है। बाढ़ राहत किट के साथ ही प्रतिदिन पका पकाया भोजन भी वितरित किया जा रहा है। बाढ़ क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा 151 नाव व 11 मोटर बोट संचालित की जा रही है। जनपद में 05 बाढ़ शरणालय प्रशासन द्वारा संचालित किये जा रहे है। जिनमें 806 लोग रह रहे है, बाढ़ क्षेत्र में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किये गये है, जिनमें 2169 पशुओं का उपचार किया गया।

जनपद में 17 मेडिकल टीमों द्वारा कुल 450 कैम्प आयोजित किये गये है। जिनमें 27243 बाढ़ पीड़ितों का उपचार किया गया है। मेडिकल टीमों द्वारा क्लोरीन टेबलेट व ओ0आर0एस0 के पैकेट का वितरण किया जा रहा है जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व फ्लड पी0ए0सी0 की तैनाती भी की गई है।

## खबरें एक नजर में

### खेत से चारा काटने का विरोध करने पर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव नगला तेजा निवासी सुरेंद्र सिंह रविवार सुबह लगभग 10 बजे घर से अपने खेतों की तरफ फसल देखने गया, तो वहां पहुंचते ही देखा कि गांव मड़िया निवासी एक युवक सुरेंद्र के खेत से चारा काट रहा था। सुरेन्द्र ने अपने खेत से चारा काटने का विरोध किया। विरोध करने पर युवक ने सुरेंद्र सिंह को लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट सुरेन्द्र सिंह चोटिल हो गए। थाने पहुंच कर सुरेंद्र सिंह ने युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### महिला को मारपीट कर किया घायल, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के ग्राम बबना निवासी नसीमा बेगम पत्नी सगीर खां शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे अपने घर पर घरेलू काम कर रही थी, तभी पड़ोस का ही रहने वाला युवक अपने परिजनों के साथ नसीमा बेगम के घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगा। जिसका विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों ने नसीमा बेगम को लात-घूसों व थप्पड़ों से मारपीट कर दी। मारपीट में नसीमा बेगम चोटिल हो गई। थाना नवाबगंज पहुंच कर नसीमा बेगम ने युवक व उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी।

### अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज-मंझना मार्ग पर रविवार दोपहर करीब 1 बजे एक सड़क हादसा हो गया। जिसमें थाना शमसाबाद के गांव बैरमपुर निवासी रामप्रकाश गांव के ही प्रमोद कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर नवाबगंज नगर के मोहल्ला बरतल में भैंस खरीदने के इरादे से देखने गए थे। वापस घर जाते समय नवाबगंज-मंझना मार्ग पर एक अज्ञात कार के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर गए। घायल रामप्रकाश और प्रमोद कुमार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### किशोरी बोली, मम्मी मैं बहुत दूर निकल गई मुझे ढूढने की कोशिश मत करना

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अछरौड़ा निवासी सोवित राजपूत के विरूद्ध किशोरी पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 20-21 अगस्त की रात मेरी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। मेरी पुत्री से सोवित राजपूत बात करता था। मुझे शंका है कि यही मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। मेरी पुत्री ने फोन कर मुझे बताया कि मम्मी मैं बहुत दूर निकल गई हूँ मुझे ढूंढने की कोशिश मत करना।

# विकास राजपूत ने बाढ़ पीड़ितों को कराया भोजन, बांटी राहत सामग्री


बाढ़ पीड़ितों को भोजन वितरित करते विकास राजपूत

**▸ सरकार के प्रति जनता का विश्वास बनाये रखना जरूरी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार को भाजपा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत अपने समर्थकों के साथ राहत कार्य के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने सैकड़ों बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच भोजन एवं राहत सामग्री वितरित की। सुभासपा के जिलाध्यक्ष अतुल बाथम भी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और भरोसा दिलाया कि सरकार हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़ी रहेगी। राहत वितरण के दौरान भाजपा नेता विकास राजपूत ने कहा कि सरकार द्वारा लगातार बाढ़ प्रभावित परिवारों को सहायता पहुंचाई जा रही है। प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है, लेकिन समाजसेवी होने के नाते मेरा कर्तव्य है कि मैं स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनूँ और उनकी मदद करने का प्रयास करूं। जनता का विश्वास बनाए रखना सबसे ज़रूरी है। गांवों में बाढ़ का असर अब भी गहरा है। कई घर पानी से घिरे हैं और ग्रामीण आवश्यक वस्तुओं की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में राहत सामग्री पाकर लोगों ने संतोष जताया और नेताओं के प्रयासों की सराहना की। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस कठिन समय में नेताओं का मौके पर पहुँचना और मदद करना वास्तव में राहत देता है। साथ ही उन्होंने सरकार से स्थायी समाधान की भी माँग रखी।

# गंगापार में बाढ़ पीड़ितों को आकांक्षा समिति ने बांटी राहत सामग्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगापर क्षेत्र में विकराल बाढ़ के द्वारा जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सरकार द्वारा विभिन्न सहायता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। आकांक्षा समिति द्वारा भोजन सामग्री, मोमबत्ती, लाइट टॉर्च, सैनिटरी पैड्स आदि रविवार को वितरित किये गये। बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु राजेपुर ब्लॉक के कुसमापुर एवम उदयपुर ग्राम में राहत सामग्री वितरित की गई।

आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ0 वंदना द्विवेदी ने बताया कि इस प्रकार के सहायता के कार्यक्रम बाढ़ के बाद भी चलते रहेंगे। क्योंकि बाढ़ की विभीषिका के बाद अनेक बीमारियां भी फैलने का खतरा रहता है, जिनको सही पोषण और सफाई से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ0 रजनी सरीन के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम में संचालित हो रहा है। दवाइयां आदि की भी आवश्यकता नुसार उलब्धता करवाई जाएगी।



बाढ़ पीड़ितों के लिए तैयार राहत सामग्री

डॉ0 वंदना द्विवेदी ने बताया कि आकांक्षा समिति ने बच्चों और महिलाओं के लिए कपड़े का भी वितरण जरूरत मंदो को करवाया जा रहा है।

अपने अनुपयोगी वस्त्रों को ऑफीसर्स क्लब में आम जन भेज सकते है जहाँ से उन्हें जरूरत मंदो को आगे भी वितरित किया जा सके। संस्था की संयुक्त सचिव रश्मि सिंह ने कहा कि ग्रामीण गरीबों को विशेष तौर पर यह सामग्री भिजवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। रिवैंप इंडिया फाउंडेशन के वैभव राठौर और नमामि गंगे की निहारिका पटेल की टीम के साथ में आकांक्षा समिति के संयुक्त सचिव रश्मि सिंह, गुंजा जैन, मंजू सिंह, अनीता पाठक, दीपिका त्रिपाठी, भावना गुप्ता, डॉ0 ज्योति गुप्ता, जसवीर कौर आदि सदस्य उपस्थित रहीं। साथ ही अपील की कि इस जन सेवा कार्यक्रम में सहयोग करें।

# रामानंद कटियार का पगड़ी पहनाकर किया गया स्वागत


स्वागत के दौरान रामानंद कटियार व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तरराष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसाइटी प्रदेश महासचिव रामानंद कटियार का जनपद आगम पर स्वागत किया।

जहानगंज स्थित नारायण कोल्ड स्टोरेज में रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश महासचिव रामानंद कटियार का कोल्ड मालिक सर्वेश बाबू कटियार, सौरभ व भाजपा के जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने माला पहनाकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मौजूद किसानों ने अपनी समस्यायें बतायी। उन्होंने किसानों की समस्यायें सुनी व उनका निस्तारण कराने का आश्वसान दिया। इस मौके पर अरविन्द कटियार, अनुज कटियार, रितिक कुमार, शैलेन्द्र राजपूत, हिमांशु कटियार, रमन तिवारी, सचिन कटियार, नीरज कटियार, कुलदीप दुबे आदि उपस्थित रहे।

# इंजीनियरिंग व मेडिकल परीक्षाओं के लिए मेधावियों को किया प्रेरित

**▸ बहुजन मेधा सम्मान समारोह में छात्र-छात्रायें सम्मानित**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लॉजिक्स क्लासेज के तत्वाधान में मोहम्मदाबाद में बहुजन मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कपिल कुमार परियोजना निदेशक ने छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग व मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करने को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र कठेरिया ने छात्रों को बताया कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है, जो पियेगा वो दहाड़ेगा। इसीलिए छात्र-छात्राओं को शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर देना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जयंत एस यादव ने बताया कि बच्चों को प्रेरित करने के लिए वो प्रतिवर्ष कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। आयोजक देव कठेरिया, रत्नेश प्रताप, अनिल कुमार पाल, सुमित सक्सेना व रजनेश कुमार ने कहा कि हम पिछड़े तथा दलित वर्ग की पढ़ाई व खेल जगत की प्रतिभाओं को हर साल सम्मानित करते रहेंगे। निशांत, प्रांजल, सुप्रिया, जूही, सौरभ आदि सरकारी नौकरियों में चयनित बच्चों को सम्मानित किया गया। दसवीं व बारहवीं में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रघुवीर सिंह कठेरिया, रतिभान सिंह, राजेश कुमार, सुदेश कुमार, कोतवाल सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन अवनीश यादव ने किया।



कार्यक्रम में सम्मानित होते मेधावी

# आर्य समाज ने अंधकार व कुरीतियों को दूर करने का लिया संकल्प

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की मासिक बैठक आर्य क्लीनिक नबाबगंज में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता स्वामी श्यामानंद आर्य ने की। जनपद की समस्त आर्य समाजों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लेकर आर्य समाज के प्रचार-प्रसार की भावी योजनाओं पर विचार विमर्श किया। मंत्री डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने कहा कि वेद ज्ञान को घर-घर पहुंचना आर्य समाज का मुख्य लक्ष्य है।

समाज में जहां जहां अविद्या, अंधकार, पाखंड और कुरीतियां फैलेंगी उनके निवारण के लिए आर्य समाज वहां खड़ा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्ष आर्य समाज की स्थापना का 150वां वर्ष है, ये हम सब के लिए गौरव की बात है। जिले की सभी आर्य समाज इसे भव्यता के साथ मनाएं। यशवीर आर्य ने कहा कि सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को सक्रियता से काम करने की आवश्यकता है। प्रचार के आधुनिक संसाधनों को अपनाकर गांव-गांव प्रचार की आवश्यकता है। आर्यवीर दल के अधिष्ठाता डॉ0 हरिनंदन सिंह आर्य ने कहा कि आगामी 30 अक्टूबर से दिल्ली में आयोजित अंतराष्ट्रीय आर्य महा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जिले से युवाओं की अच्छी भागीदारी सुनिश्चित की जायेगीं। आल्हा गायक मुन्नालाल राठौर ने लोक गीतों के माध्यम से स्वामी दयानंद का गुणगान किया। डॉ0 कुलदीप आर्य ने आगामी 5, 6, 7 सितंबर से आर्य समाज कायमगंज में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के लिए सभी को आमंत्रित किया। कोषाध्यक्ष आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि सामाजिक कार्यो में आर्य समाज ने सदैव बढ़-चढ़कर भाग लिया।


बैठक में मौजूद आर्य समाज के लोग

उन्होंने कहा कि सभा जनपद में गंगा नदी में आई बाढ़ की विभीषिका के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है शीघ्र ही बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर डॉ0 हरिओम यादव, विजय सिंह ठेकेदार, जितेंद्र सिंह आर्य, ओमदत्त शर्मा, धर्मवीर आर्य, राजीव आर्य, वीरेंद्र सिंह, डॉ0 राजेश, धनेश आर्य, सुरेंद्र आर्य, सुरेश चंद्र आर्य, शेरसिंह यादव, हरिओम शास्त्री, दफेदार आर्य आदि उपस्थित रहे।

# रेड क्रास सोसाइटी द्वारा रामानंद कटियार ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश महासचिव व किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री रामानंद कटियार का जिला आगमन पर समर्थकों ने कन्नौज से फर्रुखाबाद तक जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को उन्होंने बढ़पुर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शीतला माता मंदिर में प्रातः की आरती कर माता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां पर रेड क्रॉस सोसाइटी के जिलाध्यक्ष जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के आवास पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जाने वाले कार्यो को और भी ज्यादा बेहतर ढंग से किए जाने की बात कही।


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते रामानंद कटियार आदि

बैठक के बाद वह बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र राजेपुर के गांव तीसराम मढ़ैया मे नाव पर बैठकर पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों से बाढ़ के विषय में जानकारी लेने के साथ रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से उनको रोजाना में इस्तेमाल होने वाले साबुन, पेस्ट, तेल, मास्क, धोती, त्रिपाल, बाल्टी सहित कई अन्य सामग्री को ग्रामीणों में वितरण किया।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों की हर संभव मदद की जा रही है और आगे भी की जाएगी, अगर कोई भी समस्या आती है तो वह उनसे दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर अपनी समस्या बता सकते हैं। इसके बाद वह उस समस्या को मुख्यमंत्री के सामने रखेगे और उसका निस्तारण कराएंगे।

उन्होंने कहा कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में रह रहे लोगों की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने प्रशासन से हर संभव मदद किए जाने की बात कही है।

इस अवसर पर धीरेंद्र वर्मा, हरनाथ सिंह शाक्य, पंकज कटियार, विकास कटियार, सचिन कटियार, अनुज कटियार, अनुभव कटियार, शशांक कटियार, अजय कटियार, शरद कटियार आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित



कविता पाठ करते कवि राममोहन शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जन जन में राष्ट्र जागरण की भावना का बीज रोपित करने वाले वाली अखिल भारतीय साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि संगम की बैठक एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

रविवार को शहर के लाल सराय स्थित कलमकार भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा इंदु ने की व संचालन दिलीप कश्यप ने किया।

बैठक में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय कवि संगम की मासिक गोष्ठी आयोजित करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय कवि संगम की कविता कुंज पत्रिका की सदस्यता एवं सक्रियता प्रतिभागिता तथा नई प्रतिभाओं को जोड़ने पर विचार विमर्श हुआ। काव्य गोष्ठी का संचालन जिलाध्यक्ष राम मोहन शुक्ल ने किया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा इंदु ने कविता के मर्म को समझाया। उन्होंने हुलसी के तुलसी के राम पूजनीय हैं, परन्तु रतना के लिए पूजनीय तुलसी है छंद पढ़ा। कवयित्री स्मृति अग्निहोत्री ने बिखरे परिवारों के टुकड़ों से एक तिरंगा नया बना जिसका श्वेत भाग शोड़ित सा सिंदूरी रंग दिया गया। मासूमों के हत्यारों को सबक दिया। सिंदूर ने नौ आतंकी खेमों का संघार किया। कवि दिनेश अवस्थी ने प्रभो शनिदेव सकल गुण खान। करें दुख का वह त्वरित निदान। समर्पण भाव रखें सब भक्त मनः स्थित भी रखें सशक्त। दिलीप कश्यप कलमकार ने आजादी के दीवानों की टोली अमर रहेगी, रंग दे बसंती चोला वाली बोली अमर रहेगी। अंतिम आहुति देकर जो बलिदानी अमर हुआ है शेखर के पिस्टल से निकली गोली अमर रहेगी पंक्तियां पढ़ीं। विशाल श्रीवास्तव ने मैं भी उस लम्हें का कल एहसास करने जा रहा हूँ। भीड़ में सबसे अलग कुछ खास करने जा रहा हूँ। दे दिया उसका पता मुझको मेरे इक यार ने, वो है धोखेबाज पर विश्वास करने जा रहा हूँ पंक्तियां पढ़ीं। कवि अमित त्रिवेदी ने दिल में देश की धड़कन और ओठों पर गंगा हो, पूरे मुल्क में शांति कहीं न दंगा हो रचना पढ़ी। कवि अनुराज दीक्षित व दीपक शुक्ला आदि ने काव्य पाठ किया।

# बाढ़ पीड़ितों को फूड पैकेट व सोलर लाइट की गई वितरित


बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट वितरित करते संस्था के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परमार्थ सेवा संस्था द्वारा नवें दिन बाढ़ पीड़ितों को फूड पैकेट वितरित किये गये। संस्था द्वारा लगातार कार्य जारी है और प्रतिदिन बाढ़ पीड़ितों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। नवें दिन 1500 पैकेट भोजन के वितरित किये गये। संस्था अध्यक्ष केशव भान साध ने बताया कि परमार्थ सेवा संस्था हमेशा लोगों की मदद करती चली आ रही है। इस बाढ़ आपदा में हर व्यक्ति तक भोजन पहुंचाने की जिम्मेदारी टीम ने ली है। जो बाढ़ ग्रस्त गांव में जाकर बीचों बीच में भट्टी लगाकर लंच पैकेट तैयार कर वितरित कर रही है। ग्राम प्रधानों का भी सहयोग वितरण कार्य में मिल रहा है। फूड पैकेट के साथ-साथ सोलर लाइट भी प्रत्येक परिवार को दी जा रही है। बाढ़ में विद्युत व्यवस्था चौपट है, ऐसे में रात्रि के समय अंधेरा हो जाता है और कोई भी कीड़े मकौड़े आ सकते है, ऐसे में लाइट की व्यवस्था हेतु सोलर लाइट भी उपलब्ध करायी गयी। निसंकोच भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के पास जा-जाकर फूड पैकेट वितरित किये जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने संस्था को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि यह परोपकार जब तक बाढ़ की विभीषिका है तब तक जारी रहेगा। इस मौके पर संस्था के लोग मौजूद रहे।

# हमेशा तानाशाहों को हराकर समाजवाद ही जीता है : रामसेवक यादव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव नेतृत्व में नवाबगंज कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में संगठनात्मक मासिक बैठक एवं पीडीए जन पंचायत का आयोजन हुआ। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि कोई कितना भी जतन कर ले, लेकिन पीडीए ही परिवर्तन लायेगा। पीडीए एकता का फॉर्मूला ही समाज की विभाजनकारी शक्तियों को हराएगा और इसकी कोई काट किसी के पास नहीं है। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब जब सत्ता तानाशाह हुई है, तब तब सामाजिक समरसता की बात करने वाले लोगों ने तख्तापलट कर इतिहास रचा है, बहुमत के अंहकार में डूबी भाजपा अब पूरी तानाशाही की ओर बढ़ चुकी है, पीडीए महानायक के नेतृत्व में परिवर्तन होना सुनिश्चित है। सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि आने वाले



पीडीए कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता

पीडीए एकता सत्ता परिवर्तन करने जा रही है। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के0के0 यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर बूथ पर कम से एक सैनिक को पार्टी की तरफ से तैनाती करें और इसमें हमारा पूरा संगठन दिन रात लगा हुआ है। इस दौरान मंदीप यादव, रमेश चन्द्र कठेरिया, अशोक यादव, अमित यादव, अश्विनी यादव, शिवशंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कोबरा को सर्प मित्र ने पकड़कर जंगल में छोड़ा

**घर में घुसे कोबरा की वजह से ग्रामीण का परिवार था सदमे में, सकुशल रेस्क्यू से ली राहत की सांस**



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा में युवक के घर में शनिवार की रात में एक कोबरा सर्प घुस गया। सर्प को घर के भीतर घुसते देख युवक के परिवार के सदस्य डर सहम गए। युवक राजेन्द्र उपाध्याय ने घर में सर्प घुसने की सूचना क्षेत्र के गड़बड़ा गांव निवासी सर्प मित्र विवेक मिश्रा को दी। सूचना पर पहुंचे सर्प मित्र विवेक मिश्रा घंटों कड़ी मशक्कत कर विशालकाय कोबरा सर्प को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। सर्प के पकड़े जाने पर युवक व उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

इस संबंध में सर्प मित्र विवेक मिश्र ने बताया कि युवक के घर में करीब तीन फीट लंबा कोबरा सर्प घुस गया था जिसे सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया गया है। बताया कि कोबरा सर्प विष से युक्त होता हैं। सर्प मित्र ने बताया कि लगभग दो वर्षो से सर्पो को पकड़कर सुरक्षित वातावरण में छोड़ने का कार्य करते चले आ रहे हैं। बताया कि सांपों को पकड़ने की ट्रेनिंग आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित नाना नगर से लिया था।

उन्होंने बताया कि अब तक लगभग सैकड़ों सर्पो को पड़कर सुरक्षित उनके वातावरण में छोड़ चुके हैं। कहा कि सर्प प्रकृति का एक महत्वपूर्ण जीव हैं, जो पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा कि घर में सर्प घुसने पर उन्हें मारे नही बल्कि हमारे फोन नंबर 9695899109 पर सूचित करें हम उसे सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ देंगे। सर्प मित्र ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि सर्प काटने के बाद तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल में इलाज कराए झाड़ फूंक से बचें। जिससे समय रहते पीड़ित की जान बचाई जा सके।

## किशनपुर गांव से कोबरा को वन विभाग की टीम ने किया रेसक्यू, जंगल में छोड़ा



**महराजगंज।** किशनपुर गांव में एक घर के पास कोबरा सांप दिखने से हड़कंप मच गया। जहरीले सांप को देखकर ग्रामीण मौके से दूर भाग गए। कोबरा से बचने को लेकर स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। वन जीव रक्षक रामबचन साहनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने काफी मशक्कत के बाद कोबरा को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। वन विभाग के कर्मचारियों ने लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की अपील की। वन विभाग की टीम ने कोबरा को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। इस घटना से यह साबित हुआ कि सांप दिखने पर वन विभाग को तुरंत सूचना देना सबसे सुरक्षित विकल्प है।

## साल के पहले ही बारिश में पुल ध्वस्त आने-जाने का मार्ग हुआ प्रभावित



**अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बन इमिलिया अहरौरा सतेशगढ़ मार्ग पर बन इमिलिया में लगभग 1 वर्ष पूर्व में नया पुल का नया निर्माण कराया गया और लोकनिर्माण विभाग मंत्री केशव प्रसाद मौर्य का शिलान्यास बोर्ड लगाया गया लेकिन साल के पहले ही बारिश में पुल में लगे मैटेरियल अपना पोल खोल दिया। वही क्षेत्री लोगों का कहना है कि सेतु निगम के द्वारा ठेका कमलेश सिंह को दिया गया। उनके द्वारा पुल का निर्माण कराया गया है जबकि पुल पर आने और जाने दोनों तरफका रास्ता ध्वस्त हो गया है। वही प्रदेश के मुखिया आदित्य योगी नाथ का कहना है कि भ्रष्टाचारी प्रदेश में 0 प्रतिशत हो गया है लेकिन नया पुल निर्माण कुछ और ही बता रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि उच्च अधिकारियों से जांच कराया जाए ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो जाए।

## खबरें एक नजर में

### डीएम से मिले सभासद, सौंपा ज्ञापन



**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत पीपीगंज के वार्ड नंबर 2 हनुमत नगर के सभासद एडवोकेट रामानंद (दाढ़ी वाले) ने जिलाधिकारी दीपक मीणा को एक ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत का बोर्ड बैठक चार महीने से न बुलाए जाने का मुद्दा उठाया है। सभासद ने बताया कि बोर्ड बैठक न होने के कारण नगर में जन समस्याएं बढ़ रही हैं, जिनका समाधान नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में सभासद जी ने कहा कि बोर्ड की बैठक नियमित रूप से आयोजित न होने से नगर के विकास कार्यों और जनता की जन समस्याओं पर चर्चा नहीं हो पा रही है। इससे सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई, भूमाफियाओं द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा नगर में अवैध रूप से गृहकर का वसूली, नगर में हर घर जल योजना के तहत तोड़े गए सड़क का निर्माण कार्य न करना, जिससे कई लोगों का हाथ पैर टूट चुका है, लेकिन किसी ने संज्ञान में नहीं लिया। नगर में अन्य बुनियादी सुविधाओं और संबंधित कार्य लंबित पड़े हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से तत्काल बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की है ताकि जन समस्याओं का समाधान हो सके। साथ ही सभासद ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बैठक नहीं बुलाई गई तो वे अन्य सभासदों के साथ मिलकर आगे की रणनीति बनाएंगे। हालांकि जिलाधिकारी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला : युवाओं को सशक्त बनाने की पहल



**फरेन्दा, महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेन्दा तहसील के अनतर्गत नगर पंचायत बृजमनगंज के अल्माइटी इंटरमीडिएट व पीजी कालेज बृजमनगंज में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में थाना बृजमनगंज के साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक आलोक यादव ने छात्रों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। कार्यशाला का आयोजन क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में किया गया था। छात्रों ने बृजमनगंज थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह साइबर टीम और सीओ महोदय का स्वागत, स्वागत गान गाकर और मां सरस्वती का माल्यार्पण कर किया। कार्यशाला में छात्रों ने बड़ी रुचि दिखाई और साइबर अपराध के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसके प्रभावों से बचाना है। यूपी पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में साइबर क्राइम जागरूकता के संबंध में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

### उ.प्र.प्रा.शि. संघ का निर्विरोध चुनाव संपन्न



**फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेन्दा विकास खण्ड के प्रांगण में समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं की उपस्थिति में निर्वाचन सम्पन्न हो गया। निर्वाचन प्रक्रिया में शशिकेश तिवारी प्रान्तीय संगठन मंत्री चुनाव अधिकारी व दिलीप विश्वकर्मा चुनाव पर्यवेक्षक की बनाए गए और उनकी उपस्थिति में यह चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए गौस आजम तथा मंत्री पद के लिए विकास मिश्र को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरान्त अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष बलराम निगम ने कहा कि सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष /मंत्री अपने संगठनात्मक दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें और अध्यापकों के मध्य अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करें। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन अम्बरीश शुक्ला जिला मंत्री द्वारा किया गया। इस निर्वाचन में विमिलेश राय चन्दन द्विवेदीनंदू गुप्ता कैलाशनाथ मौर्य अजय कुशवाहा भीमसेन गौतम अनीता सोनी नूर आलम शाह आलम अब्दुर्रहमान राधे रमन मुमताज रितेश राय पल्लवी श्रीवास्तव प्रमोद यादव अशोक कुमार इस्तियाक अहमद जितेंद्र युवराज सहित सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## राजीव ओझा भईया जी बनारसी पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित




**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

पांडेय बेचन शर्मा उग्र की धरती चुनार के वरिष्ठ सम्पादक पुस्तक समीक्षक राजीव कुमार ओझा को गाजीपुर के लंका रामलीला मैदान स्थित कम्युनिटी हाल मे ज्ञानोदय शिक्षा समिति के अध्यक्ष डा. रामनारायण तिवारी के कुशल संयोजन मे आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र मे उनकी मूल्य आधारित पत्रकारिता के लिए भईया जी बनारसी पत्रकारिता सम्मान हिन्दी साहित्य की सुप्रसिद्ध लेखिका, दूरदर्शन की डायरेक्टर रही नीरजा माधव, दैनिक जागरण वाराणसी के सेवानिवृत्त संपादक हिमांशु उपाध्याय, गाजीपुर पीजी कालेज के प्रिंसिपल प्रोफ़ेसर राघवेंद्र कुमार पांडेय ने मारीशस की विदुषी साहित्यकार डा. सरिता बुद्ध, यू.एस.ए. के प्रोफेसर माइकल बाल्नाक, लीबिया के डा. अनिल प्रसाद, टर्की प्रोफ़ेसर स्मिता तिवारी जस्सल, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस.एन. उपाध्याय, प्रोफेसर सविता भारद्वाज, प्रोफेसर पुष्कर मिश्रा, सेवानिवृत्त पी.पी.एस. अधिकारी सत्या सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान कर शाल, स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया।

अंतरराष्ट्रीय सेमिनार की तीसवीं वर्ष गांठ पर आयोजित इस सारस्वत यज्ञ मे विदेश एवं देश के कोने कोने से आए विद्वान शिक्षाविदों, साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

उक्त अवसर पर उन्हें डा.नर नारायन राय ने अपनी पुस्तक -शासन से स्वशासन तक मेयर, सुरेश कांटक ने भोजपुरी नाटक की अपनी पुस्तक-सत्तावन के वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह, जौहर शाफ़ियावादी ने अपनी दो कृतियों -पूर्वी के धाह और गीत, गजल, दोहा संग्रह -जौहर दोहावली भेंट की। श्री ओझा ने ज्ञानोदय शिक्षा समिति के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा है की यह सम्मान मेरे आदर्श निवासी का सम्मान है।

## जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए टीम रवाना

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस उसे निखारने की आवश्यकता है। क्षेत्र पंचायत सदस्य उत्कर्ष मौर्य ने छात्रों को निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ा। बराबर उन छात्रों को प्रोत्साहन दिया जिससे आज नए मुकाम पर जाने के लिए परिवार जनों ने उनका आभार जताया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा का आयोजन निर्धारित है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश स्तरीय मंडल स्तर पर टीमों का चयन किया गया है। उक्त क्रम में मिर्जापुर मंडल की 12 सदस्यी बालिका टीम लूसा रेलवे स्टेशन से रविवार को सुबह में रवाना हुई। टीम को लूसा रेलवे स्टेशन पर उत्कर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष उत्कर्ष मौर्य उर्फ राजू नेता ने टीम के सभी खिलाड़ियों को गुलदस्ता व कॉपी और कलम देकर सम्मानित किया। उत्कर्ष सेवा समिति खेल के क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों को निशुल्क खेल सामग्री एवं संसाधन उपलब्ध करते रहता है। राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण युवक युवतिया उत्कर्ष सेवा समिति के सहयोग से खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उत्कर्ष सेवा समिति खेल के साथ-साथ समाज के गरीब दलित शोषित वर्ग के छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री विद्यालयों में जाकर वितरित किया जाता है। टीम के कोच प्रदुमन कुमार बाबा व विमलेश कुमार के साथ सभी सदस्यी टीम में निधि, कुसुम, पिंकी शालिनी यादव काजल यादव, संध्या, आरुचि, अंशिका, आंचल ,अनुष्का, शिवानी, रिंकी, आनसी, श्रेया प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।

## लगातार बरसात से अहरौरा बांध का जलस्तर खतरनाक बिंदु पर, 21 गेट खोले गए

**अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में लगातार बरसात होने के कारण अहरौरा बांध के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है।

शनिवार शाम को सात बजे से ही अहरौरा बांध 21 गेट 12 इंच उपर उठा कर पानी बहाया जा रहा है। अचानक पानी छोड़े जाने से बांध के निचले इलाके जमालपुर क्षेत्र में तबाही की स्थिति पैदा हो गई है। वर्तमान में बांध से 5432 क्यूसेक पानी प्रति सेकेंड डिस्चार्ज किया जा रहा है। बांध के अवर अभियंता ओम प्रकाश राव ने बताया कि 21 फाटक शनिवार की शाम से ही खोल कर गड़ई नदी में बहाया जा रहा है। जिससे जमालपुर ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई रास्ते, फसल बाढ़ के चलते डूब गए है। लोगों का गांव से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

### पत्नी को भगाने वाले के विरुद्ध पति ने दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव निवासी पप्पू ने मध्यप्रदेश निवासी युवक पर पत्नी को भगाने का आरोप लगाते हुए शनिवार की देर रात हलिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में पप्पू ने बताया कि मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले हनुमना थाना क्षेत्र के जड़कुड़ गांव निवासी आलम चालीस वर्षीया पत्नी रीता देवी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन करने पर पता चला कि पत्नी रीता को आलम अपने साथ भगा ले गया है। पति की तहरीर पर पुलिस युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री ने महराजगंज के विकास कार्यों का लिया जायजा, दिये निर्देश

**बोले- सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा**



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को पनियरा विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने परतावल, श्यामदेउरवा, राजपुर, पनियारा, गांगी और मुजूरी में ग्रामीणों से संवाद कर विकास कार्यो का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री ने मोदी-योगी सरकार की योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान, महिला और नौजवान की सरकार है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि इसके प्रमाण हैं।

**सरकार ने विकास को गांव-गांव तक पहुंचाया:-** पंकज चौधरी ने विपक्षी दलों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकारें सिर्फ परिवार और तुष्टिकरण तक सीमित रहीं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विकास को गांव-गांव तक पहुंचाया है। ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की समस्याएं रखीं। मंत्री ने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा। इस दौरान कार्यक्रम में पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, प्रमुख आनंद शंकर वर्मा, ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ल, चेयरमैन उमेश जायसवाल समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जन आरोग्य मेला में 239 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**




उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 239 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर विवेक खरे कि देखरेख में आयोजित किया गया मेला में कुल 61 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41 मरीजों का उपचार किया गया।

इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 55 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 43 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है।

नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया। जहां पर कुल 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया।

नया इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 239 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल किशोर कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

## आल इंडिया पत्रकार एकता संघ ने कवि सम्मेलन का किया आयोजन

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



आल इंडिया पत्रकार एकता संघ उत्तर प्रदेश की गोरखपुर इकाई ने एक शाम वतन के नाम कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन लकी मैरेज हॉल घोसीपुर गोरखपुर में किया। कवि सम्मेलन में कवियित्री प्रतिभा गुप्ता, अब्दुल्ला जामी, नदीमुल्लाह अब्बासी, इमरान बशर, तौफीक साहिर, कौसर गोरखपुरी, सुम्बुल हाशमी, वकार वाहिद, सलीम मजहर मौजूद रहे और महफिल को बनाए रखा। कवियों ने अपनी प्रतिभा से कार्यक्रम को रोचक बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा प्रतिभा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि रत्नाकर सिंह प्रेस क्लब अध्यक्ष, डा ए पी गुप्ता, डा विजाहत करीम, मान्धाता सिंह, बृजेश मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेष कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार शर्मा, मंडल प्रभारी अखिलेश ओझा, मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल, मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला अध्यक्ष मोहम्मद युसूफ, जिला उपाध्यक्ष रामानंद कुमार, दिनेश कुमार, अमित ओझा, नजमुल हुदा, जिला मीडिया प्रभारी, शत्रुघ्न शर्मा, जिला महामंत्री अमित भारती,निहाल सिंह, अहमद अजीज, सलीम सिद्दिकी, हाफ़िज़ उल्लाह , शाकिब, सद्दाम, महेश श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष, फैसल सिद्दीकी, तनवीर आलम, फैजान,के. के. श्रीवास्तव, सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक आल इंडिया पत्राकार एकता संघ के मंडल ,जिला एवं तहसील इकाई के सभी ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

### जरगो नदी उफनाई, चुनार के भरपूर, लाल दरवाजा मोहल्ले में घुसा पानी

**कई घर पानी से घिरे, सड़क से आवागमन बंद**

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** अहरौरा बांध की तरह सात नदी, 27 नार का पानी अपने में समाहित करने वाला जरगो जलाशय भी लगातार बारिश से उफान पर है। शनिवार से लगातार जरगो बांध के 8 गेट खोल कर पानी बहाये जाने से जरगो नदी उफ़ना गई है। जिससे चुनार नगर के भरपूर, लाल दरवाजा समेत कई मोहल्लों में जरगो नदी के बाढ़ के पानी से जलमग्न हो गए हैं। कई घर पानी से घिरे सड़क पर आवागमन बंद हुआ। सरैया पुल के पास पानी पहुंच गया है। उधर रविवार को बारिश के थोड़ा थमने पर दोपहर में जलस्तर कम होने पर जरगो जलाशय के चार गेट बंद होने की सूचना है।

## हरितालिका तीज पर दुल्हन की तरह सजे बाजार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

हरितालिका तीज सुहागिन महिलाओं का सबसे पवित्र व महत्वपूर्ण व्रत है। इस महत्वपूर्ण त्यौहार को लेकर हाट बाजार दुल्हन की तरह सजें हुए हैं। सुहागिन महिलाएं सुहाग से जुड़े विभिन्न प्रकार के सामानों को खरीदने को लेकर बाजारों की तरफ रुख कर ली है जिससे बाजारौ में चहल-पहल बढ़ गई है। इस व्रत में महिलाएं खरीददारी साड़ी, गहना,फल-फूल, मिठाई, गुड़,दही,चिऊरा, चीनी,पान, सहित सुहाग से जुड़े,शीशा,कंघी, सिन्दूर,आलता समेत अनेकानेक श्रंगार की सामानों की करतीं हैं जिससे उक्त सामानों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी है इन वस्तुओं की खरीददारी करने में आतुर दिख रही है।हरितालिका तीज 26अगस्त दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। इस व्रत में गणेश,गौरी, भगवान शिव का पूजन अर्चन वन्दन किया जायेगा। जिसको लेकर शिव मंदिरों की सजावट शुरू हो गई है। यह व्रत महिलाओं के लिए कठिन होता है फिर भी पति के लंबी उम्र की कामना को लेकर बड़े ही सहजता पूर्वक महिलाएं निर्जला व्रत रहकर देवाधिदेव महादेव भगवान शिव परिवार को 26अगस्त को दिन में 1बजकर45 पर पूजन अर्चन वन्दन कर अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त करेगी।

### व्रत में पंच महासंयोग



आचार्य विशुनदेव त्रिपाठी ने बताया कि इस व्रत में पंच महासंयोग है। यह संयोग कई वर्षों के बाद एक साथ आया है। इस व्रत में सर्वाध सिद्धयोग, शोभन योग, गजकेसरी योग सहित अन्य शुभ योग है जिसमें गजकेसरी योग सबसे प्रबल है। गजकेसरी योग सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे प्रबल है। इस योग में महिलाओं को 1-बजकर--45 मिनट तक 26, अगस्त को शिव मंदिरों में पहुंच कर शिव-परिवार का षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन वन्दन कर लेना है। इस योग में पूजन अर्चन वन्दन सभी सुहागिन महिलाएं को कर लेना है। इस योग में पूजन अर्चन वन्दन करने से पति और महिलाओं के अखंड सौभाग्य में वृद्धि होगी। इस व्रत में सभी जरुरी कार्य को छोड़कर सुहागिन मां बहने को इस संयोग में शिव मंदिरों में पहुंच कर सप्रेम भगवान शिव परिवार का आशीर्वाद प्राप्त करने में देरी नहीं करेगीं। यह अद्भुत संयोग हर पांच साल बाद आता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन कन्याओं की नई शादी हुई है, वह यह व्रत अपने मायके में ही करें। यह व्रत पहली बार ससुराल में नहीं किया जाता है। इसलिए सुहागिन बहनें पहली बार व्रत करने को लेकर ससुराल से मायके पहुंच कर हरितालिका तीज को धूमधाम से मनावे। जो जीवन के लिए सुखद एहसास होगा। इसी तरह धार्मिक परंपराओं को लेकर फरेंदा, धानी,वृजमनगंज,पुरन्दरपुर, मैया फरेंदा कोल्हुई बहादुरी सिसवा घुघली, लक्ष्मीपुर, निचलौल, नौतनवां व पनियरा सहित अन्य छोटे बड़े बाजारें व चौराहें दुल्हन की तरह सजी हुई। उत्साहित महिलाएंखरीददारी करने में मशगूल हैं जिससे हाट बाजारों में चहल-पहल व भीड़ बढ़ती जा रही है।